अग्रिम आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार लाने की सतत चलने वाली व्यावसायिक रणनीति के भाग के रूप में आपके बैंक ने सतत आधार पर दबावग्रस्त अग्रिम पोर्टफोलियो पर उद्योगवार एवं ऋणकर्तावार और परियोजना कार्यकलाप की व्यवहार्यता के आधार पर पुर्नगठन के माध्यम से उपयुक्त कार्यवाही प्रारंभ करने की आवश्यता पर पुनः विश्वास व्यक्त किया है.

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान, बैंक ने नीचे दी गई सारणी के अनुसार विभिन्न अग्रिम खातों का पुनर्गठन किया है.

अग्रिम खातों का पुनर्गठन (वैश्विक) - 2014-15

(रु. करोड़ों में)

		सीडीआर तंत्र	एसएमई पुनर्गठन	अन्य	कुल
पुनर्गठित मानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	42	1,098	5,098	**6,238**
	बकाया राशि	1,498	1,281	4,367	**7,146**
पुनर्गठित अवमानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	3	2,233	494	**2,730**
	बकाया राशि	6	727	138	**871**
पुनर्गठित संदिग्ध अग्रिम	ऋणियों की संख्या	2	2,270	313	**2,585**
	बकाया राशि	272	682	133	**1,087**
कुल	ऋणियों की संख्या	**47**	**5,601**	**5,905**	**11,553**
	बकाया राशि	**1,776**	**2,690**	**4,638**	**9,104**

आर्थिक आसूचना इकाई

एक विशेषज्ञ आर्थिक आसूचना इकाई (ईआईयू) आपके बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय में कार्यरत हैं, यह विभिन्न क्षेत्रों जैसे दीर्घ आर्थिक पूर्वसूचना, नीतिपरक व्यवसाय आयोजना निवेशक संबंध, व्यवसाय रणनीति निर्माण, आस्ति देयता प्रबंधन तथा घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय नियामकों तथा रेटिंग, एजेंसियों के साथ विचार विमर्श करने में सहयोग करती है. यह इकाई नियमित रूप से उच्च प्रबंधन वर्ग तथा बैंक की विभिन्न परिचालन इकाइयों को समय-समय पर प्रमुख क्षेत्रों में जैसे औद्योगिक एवं संगठनात्मक विकास, मुद्रा स्फीति, ब्याज दर, स्टॉक संचालन, ऋण विस्तार एवं बैंकिंग उद्योग हेतु संसाधन जुटाना, तरलता एवं विनिमय दरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों के संबंध में आवधिक रूप से जानकारी प्रदान करती है.

व्यापक आर्थिक पहलुओं, कॉरपोरेट और वित्तीय क्षेत्रों की नीतियों के संबंध में बेहतर संबंध प्रदान कर आपके बैंक की आर्थिक आसूचना इकाई अच्छे प्रकार के व्यवसाय के अवसरों का अधिकतम फायदा उठने हेतु बैंक के प्रयासों और बाजार के समीकरणों के हिसाब से अपने को अनुकूल बनाने में सहयोग प्रदान करती है.

आर्थिक आसूचना इकाई द्वारा साप्ताहिक समष्टि आर्थिक विकास को कवर करते हुए एक साप्ताहिक न्यूज लेटर (ई-प्रकाशन) प्रकाशित किया जाता है, जिससे नीतियों, वैश्विक तथा घरेलू अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण, निवेशकों, बैंकर्स, नियामकों रेटिंग एजेंसियों तथा बाजार के अन्य भागीदारों को अपने सरोकारों से अवगत कराया जा सके तथा अपना दृष्टिकोण इनमें बांटा जा सके.

यह इकाई आर्थिक गतिविधियों का सारांश प्रस्तुत करते हुए बैंक की बौद्धिक शक्ति के रूप में कार्य करती है, जिसके आधार पर भविष्य में सम्यक कार्यनीतियां निर्धारित होती हैं.

आंतरिक नियंत्रण तंत्र

आपके बैंक में एक सुव्यवस्थित केन्द्रीय निरीक्षण तथा लेखा परीक्षा विभाग (सीएआईडी) है जो बैंक की प्रणालियों, नीतियों एवं पद्धतियों की अनुपालना का परीक्षण करता है. भारतीय रिज़र्व बैंक भारत सरकार, बैंक का निदेशक मंडल तथा निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) तथा कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति (एसीई) से आंतरिक नियंत्रण संबंधी विभिन्न मुद्दों पर प्राप्त मार्गनिर्देश बेहतर जोखिम प्रबंधन के दृष्टि से आर्थिक नियंत्रण तंत्र का भाग बन गए हैं.

प्रतिवर्ष बढ़ते हुए कारोबार को ध्यान में रखते हुए सीएआईडी आसन्न जोखिमों पर प्रभावी नियंत्रण तंत्र के द्वारा सतत नियंत्रण रखने का प्रयास करता है ताकि बैंक का हित सुरक्षित रहे.

बैंक के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित आवधिकता के अनुसार 13 अंचल निरीक्षण केन्द्रों द्वारा शाखाओं/कार्यालयों के निरीक्षण के माध्यम से सीएआईडी अपना संचालन करता है और आन्तरिक नियंत्रण तंत्र और जोखिम प्रबंधन का परीक्षण करता है.

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति बैंक के आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की देखरेख करती है. यह समिति प्रभावी आंतरिक जोखिम आधारित लेखा परीक्षा, संगामी लेखा परीक्षा, आई.एस.लेखा परीक्षा तथा अन्य निरीक्षण व लेखा परीक्षा कार्यों के प्रभावी विकास के लिए मार्गदर्शन देती है जिससे कि बैंक की आस्तियां सुरक्षित रहें. यह समिति कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति तथा बैंक की निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा समिति द्वारा किए गए कार्यों की मॉनीटरिंग करती है.

आपके बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित लेखा परीक्षा (आर बी आई ए) से कवर हैं. वित्तीय वर्ष 15 के दौरान कुल 4291 शाखाओं का निरीक्षण किया गया जिनमें से 3453 शाखाएं (80.43%) कम जोखिम में, 756 शाखाएं (17.61%) मध्यम जोखिम में तथा 82 शाखाएं (1.91%) उच्च जोखिम श्रेणी में थीं.

मुंबई में स्थित निरीक्षण प्रभाग के अंतर्गत आईएस लेखा परीक्षा कक्ष कार्यरत है और यह ऑफ साइट निगरानी का कार्य करता है.

वित्तीय वर्ष 2014-15 की 982 शाखाओं की तुलना में वर्ष 2015-16 के लिए 1036 शाखाओं की संगामी लेखा परीक्षा करके इसका कवरेज बढ़ा दिया गया है और 31.12.2014 तक बैंक के कुल व्यवसाय का 74.10% में से कुल जमाओं का 70.72% तथा कुल अग्रिमों का 78.82% को कवर करेगा.

संक्षेप में केंद्रीय आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग का प्रमुख कार्य बैंक, विनियमकों और भारत सरकार द्वारा निर्धारित सिस्टमस एवं प्रोसिजर्स के अनुपालन की निगरानी करना है.

परिचालन व सेवाएं

ग्राहक केन्द्रित पहलें

अपने दैनिक परिचालनों में प्रभावी ग्राहक सेवा तथा ग्राहक संतुष्टि, बैंक के लिए सदैव प्राथमिक लक्ष्य रहे हैं. आपका बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं और संतुष्टि के प्रति सदैव तत्पर रहा है और उसका यह विश्वास रहा है कि प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाएं उत्पाद एवं इसके लोगों का हर प्रकार का कौशल अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए.

हाल ही में आपके बैंक ने अपनी शाखाओं में ग्राहक सेवाओं में सुधार हेतु अनेक उपाय किए हैं तथा ग्राहक शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ किया है.

वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपके बैंक द्वारा धोखाधड़ी से बचाव और ग्राहक सेवा में सुधार हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

धोखाधड़ी से बचाव के उपाय:

- इंटर सोल समाशोधन/अंतरण लेन-देनों को पास करते समय अनुपालन किए जाने वाले दिशानिर्देश चेकों की अल्ट्रा वायलेट मशीनों के द्वारा स्क्रीनिंग, सरकारी खातों में बरती जाने वाली सावधानियां और धोखाधड़ी से बचाव के लिए अन्य सावधानी वाले उपाय शाखाओं को पुनः प्रेषित किए गए.
- सभी नॉन माइकर/सीटीएस शाखाओं/सीवीओज को रु. 2 लाख और उससे अधिक राशि के चेकों के लिए फोन/फैक्स/ई-मेल के द्वारा आधार शाखा को संपर्क करने और सभी लेनदेनों की वास्तविकता को निश्चित करने के लिए पुष्टि प्राप्त करना और ऐसी पुष्टियों को रिकार्ड में रखने के लिए सूचित किया गया.
- धोखाधड़ी से बचाव के उपायों का मास्टर परिपत्र जारी किया गया.
- एकल/एक व्यक्ति वाली शाखाओं में कर्मचारी द्वारा अपने खाते में लेनदेनों के संचालन के संबंध में नयी प्रक्रिया विकसित की गई.
- आधार शाखाओं में इंटर सोल समाशोधन लेनदेनों की पुष्टि आधार शाखाओं में इंटर सोल समाशोधन लेनदेनों (ऑफ सोल समाशोधन लेन-देन रिपोर्ट) की रिपोर्ट जिसमें रु. 2 लाख और उससे अधिक के चेकों की सूची होती है जो उनकी शाखा पर आहरित होते हैं जिन्हे इंटर सोल समाशोधन में अन्य केंद्रों पर प्रस्तुत किया गया है जहां चेक प्रस्तुत किया गया है उसके फोन नंबर सहित और ग्राहक का नाम तथा उसका फोन नंबर जिससे आधार शाखा ग्राहक से लेनदेन की वास्तविकता की ग्राहक से पुष्टि कर सके.
- टेलिफोन डायरेक्टरी की सॉफ्ट प्रति सभी शाखाओं को उपलब्ध करायी गई है जिसेसे कि वे इंटर सोल लेनदेनों को पास करते समय शाखाओं से संपर्क कर सके. इसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है.
- कार्पोरेट और सरकारी ग्राहकों को रु. 1 लाख एवं उससे अधिक के नामें लेनदेनों के लिए ई-मेल अलर्ट.
- 'यूअरसेल्फ' बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पक्ष में जारी चेकों को प्राप्त करते समय बरती जाने वाली सावधानियों को खातों में धोखाधड़ी पूर्ण लेनदेनों से बचाव हेतु प्रेषित किया गया.
- ई-मेल के माध्यम से धोखाधड़ी पूर्वक निधियों के अंतरण से बचाव हेतु शाखाओं को सूचित किया गया कि बैंकिंग लेनदेनों के लिए ई-मेल मान्य अधिदेश नहीं है और सावधानी बरतने हेतु दिशानिर्देश परिचालित किए गए.

ग्राहक सेवा

- फार्म सं. 15जी/एच की पावती और सिस्टम में उसके नोटिंग के संबंध में एसएमएस अलर्ट.
- ग्राहकों की सुविधा हेतु शाखाओं में डिस्प्ले हेतु विस्तृत द्विभाषिक नोटिस बोर्ड नए सिरे से तैयार कर नया डिजायन बनाकर सभी अंचलों को कार्यान्वयन हेतु प्रेषित किया गया.
- ग्राहकों को 'मिस कॉल' सुविधा - बैंक के पास पंजीकृत मोबाइल नंबर से ग्राहक बैंक को 'मिस कॉल' करेगा एवं ग्राहक एसएमएस के माध्यम से अपने खाते की राशि की जानकारी प्राप्त करेगा.
- भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिदेश के तहत अपरिचालनीय खातों में लघुतम शेष न रखने के लिए प्रभारों को हटा दिया गया है.
- इंटर सोल प्रभारों की एक रुपता- आधार शाखाओं एवं गैर आधार शाखाओं में नॉन आधार शाखाओं से नकदी आहरण प्रभारों को हटाने के बाद नकदी संव्यवहार प्रभारों को छोड़कर सभी प्रभारों को एक समान बना दिया गया है.
- आवक समाशोधन में प्रस्तुत चेकों के बारे में पूछताछ शाखाएं ग्राहकों को उनके द्वारा आहरित चेकों के बारे में विस्तृत जानकारी दे सकती हैं.

केन्द्रीय पेंशन प्रोसेसिंग सेल के उद्घाटन अवसर पर श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं उपस्थित अन्य गणमान्य जन.

अन्य पहलें

- फिनेकल सिस्टम में वॉक इन ग्राहकों के लिए रु. 20 हजार से अधिक एवं रु. 50 हजार से कम के नेफ्ट लेनदेनों के संबंध में केवायसी दस्तावेजों (फोटो पहचान पत्र) की प्रविष्टि.
- भारतीय रिज़र्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता योजना 2014 (डेफ) को कार्यान्वित किया गया.
- भारतीय रिज़र्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता निधि योजना 2014 (डेफ) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक को अंतरित दावा न किए गए जमा खाते (चालू और बचत बैंक) की शेष राशियों को वापसी की प्रक्रिया शाखाओं को सूचित की गई.
- यूएस सरकार द्वारा अधिनियमित नए यूएस कानून के तहत फाटका घोषणा का कार्यान्वयन निवासी खातों के लिए विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (फाटका) (घोषणा प्राप्त करना).
- 11.03.2014 से 20.05.2014 के दौरान, ग्राहकों को सामने आ रही कठिनाइयों/उनके विचारों को जानने के लिए तथा उसके लिए सुधारात्मक उपाय करने हेतु ऑन लाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण किया गया. ग्राहकों को सर्वेक्षण में भाग लेने हेतु ई-मेल भेजे गए. सर्वेक्षण में सामने आए तथ्यों और कमियों को दूर करने, निगरानी करने एवं उनका अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी अंचलों को सूचित किया गया. इसी क्रम में स्टॉफ कॉलेज, अहमदाबाद को सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सर्वेक्षण के दौरान पाए गए तथ्यों पर ग्राहक सेवा में सुधार लाने हेतु चर्चा करने हेतु सूचित किया गया.
- आपके बैंक की शाखाओं को खातों में मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आई डी रजिस्टर करने हेतु सूचित किया गया जिससे कि बैंक एसएमएस,ई-मेल आदि के द्वारा ग्राहकों को सूचित कर सके. सभी अंचलों/क्षेत्रों से अनुरोध किया गया कि वे शाखाओं को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने हेतु मोबाइल नंबर पंजीकरण में तत्परता से कार्यवाही करने हेतु सूचित करें.

शाखाओं में ग्राहक सेवा सुधारने के प्रयास

आपके बैंक में शाखा में ग्राहक सेवा की क्वालिटी के विषय में शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों से फीडबैक प्राप्त किया जाता है. इन समितियों की प्रत्येक महीने बैठकें आयोजित की जाती हैं और इसमें वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को आमंत्रित किया जाता है. बैठकों में प्राप्त विचारों/सुझावों का आकलन कर सेवा गुणवत्ता में सुधार हेतु उनकी संभाव्यता के परीक्षण हेतु समुचित अनुवर्ती कार्यवाही की जाती है.

आपके बैंक का ध्यान सभी डिलीवरी चैनलों के माध्यम से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने पर केन्द्रित है और ग्राहक संतुष्टि के स्तर में बढ़ोत्तरी करने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ई-उत्पाद तथा वैकल्पिक वितरण प्रणालियां जैसे - एटीएम/डेबिट कार्ड, पीओएस (पाईंट ऑफ सेल मशीन), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग के अनुरूप हैं. विभिन्न प्रक्रियाओं तथा पद्धतियों में सुधार कर सभी प्रकार के ग्राहकों के हितों एवं अपेक्षाओं का ध्यान रखा जाता है.

अनुपालन

आपका बैंक भारतीय बैंकिंग कोड्स एवं स्टैण्डर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है और इसने बीसीएसबीआई द्वारा निर्धारित "ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता" को अपनाया है. इसने "सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता" को भी अपनाया है. इन्हें बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है और ग्राहकों को बैंक शाखाओं के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया है. ग्राहकों में संहिता के बारे में जागरुकता उत्पन्न करने तथा इसमें वृद्धि करने के लिए आपके बैंक की वेबसाइट एवं शाखाओं में भी ग्राहकों को उपलब्ध कराया गया है.

ग्राहकों में बीसीएसबीआई कोड के बारे में जागरुक करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं-

क) कार्पोरेट कार्यालय के विभिन्न भागों की समीक्षा के दौरान कार्यपालक निदेशकों की समिति के निर्देशों के अनुरुप शाखा प्रबंधकों की बैठक/कार्यशाला क्षेत्रीय कार्यालयों के मुख्यालयों पर प्रधान कार्यालय के कार्यपालकों द्वारा बढ़ती हुई धोखाधड़ी की घटनाओं तथा धोखाधड़ी से बचाव के दिशानिर्देशों के अनुपालन करने/खराब अनुपालन को ध्यान में रखकर आयोजित की जा रही हैं. कार्यशालाओं का जोर शाखा प्रबंधकों के साथ धोखाधड़ी के बचाव के उपायों से संबंधित बिंदुओं के बाद भी दिशानिर्देशों का पालन, ई-केवाईसी, बीसीएसबीआई का अनुपालन एवं अन्य अनुपालन पर चर्चा करना था.

ख़) ग्राहकों में बीसीएसबीआई कोड्स के बारे में जागरुकता का स्तर बढ़ाने उन ग्राहकों को जिनके ईमेल आईडी आपके बैंक के पास पंजीकृत हैं उन्हें अंग्रेजी और हिंदी में मेल भेजकर सूचित किया जाता है कि ‘हम बीसीएसबीआई कोर्ड अनुपालक है और ग्राहकों एवं सुक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की बीसीबीएसआई कोर्ड के अनुपालन उचित व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. कोड डाउनलोड करने के लिए कृपया http://www.bankofbaroda.com/bcsbicode.asp. \ क्लिक करें. वित्त वर्ष 15 के दौरान 17,57,000 इमेल भेजे गये.

ग़) ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के बीसीएसबीआई सहिंता के लिए www.bankofbaroda.com / www.bcsbi.org.in देखें. यह द्विभाषिक रुप में निम्नलिखित पर प्रिंट/प्रदर्शित की जा रही है.

- खाता विवरण.
- एटीएम स्क्रीन और एटीएम स्लिप के पीछे की ओर
- पासबुक के कवर पृष्ठ के आंतरिक भाग पर (नियमित पास बुक और स्वयं सेवा पास बुक प्रिंटर्स)
- बैंक की वेबसाइट पर बैनर.

घ) मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसजीपीआरएस) माड्यूल एक ऑन लाइन शिकायत दर्ज करने की प्रणाली में शिकायत रजिस्टर करने के बाद स्वतः उत्तर में निम्नलिखित संदेश शामिल किया गया है. "हम बीसीएसबीआई संहिता के अनुपालक हैं और ग्राहकों एवं सूक्ष्म तथा लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की बीसीएसबीआई संहिता के अनुसार ग्राहकों से उचित व्यवहार करने हेतु प्रतिबद्ध है. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.bankofbaroda.com / www.bcsbi.org.in देखें.

ङ) अंचलों को निम्नलिखित का अनुपालन करने हेतु सूचित किया गया हैः

- प्रशिक्षुओं में जागरुकता लाने हेतु एफएलसीसी की सेवाएं लें.
- संहिता की एक प्रति सभी नए खाताधारकों को पत्र के साथ प्रेषित करें. (संहिता की प्रतियां लगभग 14,64, 000 से अधिक ग्राहकों को मार्च 2015 तक भेजी गई)

च) आपके बैंक के मार्केटिंग विभाग, मुंबई नेः

- दिनांक 7.8.2014 से 11.8.2014 तक गुजराती, मराठी, हिंदी, अंग्रेजी के सात राष्ट्रीय समाचार पत्रों में निम्न लिए संदेश प्रकाशित किया. हम बीसीएसबीआई संहिता अनुपालक हैं और ग्राहकों एवं सूक्ष्म व लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की बीसीएसबीआई संहिता के अनुसार ग्राहकों से उचित व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.bankofbaroda.com / www.bcsbi.org.in देखे.
- आपके बैंक ने बैंक के सभी विज्ञापन ब्रोशर्स में निम्नलिखित में से किसी शीर्षक को शामिल करने की व्यवस्था की है. ‘ग्राहकों एवं सूक्ष्म तथा लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की बीसीएसबीआई संहिता हेतु हमारी वेबसाइट www.bankofbaroda.com / www.bcsbi.org.in देखें.

  ‘बैंक ऑफ़ बड़ौदा बीसीएसबीआई संहिता का अनुपालन करता है. ग्राहकों एवं सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की बीसीएसबीआई संहिता हेतु www.bankofbaroda.com / www.bcsbi.org.in देखें.

छ) आपके बैंक के एमएसएमई विभाग ने सभी शाखाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया है कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए बीसीएसबीआई संहिता की प्रति सभी नए ऋणकर्ताओं को स्वीकृति की सूचना देते समय दी जाए और वर्तमान ऋणकर्ताओं के मामले में इसे ई-मेल द्वारा प्रेषित किया जाए.

स्टाफ सदस्यों में बीसीएसबीआई संहिता के प्रति जागरुकता लोन एवं इसमें वृद्धि करने हेतु स्टॉफ कॉलेज ने निम्नलिखित उपाय प्रारंभ किए हैं-

- स्टॉफ कॉलेज के तथा सभी प्रशिक्षण केंद्रों के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागियों/स्टॉफ सदस्यों में बीसीएसबीआई संहिता के प्रति जागरुकता में वृद्धि करने के लिए एक सूत्र प्रारंभ किया गया है. अभी तक 810 कार्यक्रम चलाये जा चुके हैं. इसमें 16274 प्रशिक्षार्थियों ने (1.4.2014 से 31.03.2015 तक) भाग लिया.

- कार्यक्रम में वितरित सामग्री के बारे में एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन किया जाता है जिसे प्रतिभागियों में जागरुकता की परख होती है तथा विषय के बुलेट बिन्दुओं का पुनरावलोकन हो जाता है.
- आपके बैंक के के.एम.पोर्टल पर बीसीएसबीआई संहिता प्रावधानों को ई-लर्निंग माड्यूल में अपलोड कर दिया गया है.
- बीसीएसबीआई संहिता के ई-लर्निंग माड्यूल को लेने हेतु स्टॉफ सदस्यों को प्रोत्साहन योजना अनुमोदिन की प्रक्रिया में है.

निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति :

आपके बैंक में 31 मार्च, 2015 के अनुसार प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नलिखित सदस्यों की **निदेशक मंडल ग्राहक सेवा की उपसमिति** गठित की गई है -

1.	श्री रंजन धवन	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2.	श्री बी.बी. जोशी	कार्यपालक निदेशक
3.	श्री के.वी. रामामूर्ति	कार्यपालक निदेशक
4.	श्री प्रेम कुमार मक्कड़	निदेशक
5	श्री भरत कुमार डी. डांगर	निदेशक

उप समिति, नीति निर्धारण तथा उनके अनुपालन से संबंधित मुद्दों को देखती है जिससे ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सतत सुधार होता है. यह मृतक जमाकर्ताओं/लॉकर किराएदारों/सेफ कस्टडी में रखने वाले सामान के जमाकर्ताओं के संबंध में निपटान हेतु उन दावों की स्थिति की मॉनीटरिंग करती है जो 15 दिन से अधिक समय से पेंडिंग हैं तथा बैंकिंग लोकपाल द्वारा पारित अवार्डस के कार्यान्वयनों की समीक्षा भी करती है.

ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति

आपके बैंक ने "ग्राहक सेवा पर प्रक्रिया एवं कार्यनिष्पादन लेखा परीक्षा सम्बंधी स्थायी समिति" का गठन किया है जिसमें बैंक के तीन कार्यपालक निदेशक और चार महाप्रबंधकों के अलावा तीन प्रतिष्ठित जन प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं और यह आपके बैंक में प्रचलित प्रणालियों एवं पद्धतियों की समीक्षा करती है तथा आवश्यक सुधारात्मक उपाय करती है.

बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा तिमाही आधार पर क्षेत्रीय कार्यालयों से शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों से सुझाव प्राप्त किए जाते हैं और उन्हें ग्राहक सेवाओं संबंधी प्रणालियों एवं पद्धतियों की लेखा परीक्षा की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

ग्राहकोन्मुखी पहलें एवं शिकायतों का निवारण

- आपके बैंक में ग्राहकों की शिकायतों के निवारण हेतु निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है और इसे ही बैंक की वेबसाइट पर रखा गया है. आपके बैंक में ग्राहकों को शिकायतों के निवारण के लिए एक सुगठित ग्राहक शिकायत निवारण व्यवस्था है जिसके कारण पूर्व में लगने वाले समय में काफी कमी हुई है, शेष शिकायतों की संख्या में भी कमी हुई है.
- आपके बैंक से संबंधित ग्राहक शिकायतों के संबंध में परिचालन एवं सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है. अंचल तथा क्षेत्रीय स्तरों पर संबंधित क्षेत्रीय व अंचल प्रमुख नोडल अधिकारी बनाए गए हैं. इसी क्रम में, सभी नोडल अधिकारियों के नाम तथा उनके सम्पर्क नम्बरों को आपके बैंक की सभी शाखाओं में प्रदर्शित किया गया है.
- प्रत्येक तिमाही में आपके बैंक द्वारा ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों की स्थिति के बारे में निदेशक मंडल के समक्ष ग्राहक शिकायतों व समस्याओं के निवारण के बारे में एक तिमाही समीक्षा नोट प्रस्तुत किया जाता है.
- ग्राहकों की शिकायतों को कम करने एवं बाधारहित ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने की दृष्टि से ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों का मासिक आधार पर विश्लेषण किया जाता है तथा की गई कार्यवाही/कारणों को समस्त अंचल तथा क्षेत्रीय प्रमुखों को उपचारात्मक उपाय करने हेतु भेजा जाता है जिससे भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो.
- आपके बैंक में मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरअस) के नाम से एक वेब आधारित ऑन लाइन शिकायत पंजीकरण एवं निवारण प्रणाली है. आपके बैंक की वेबसाइट के होम पेज पर एक आइकन दिया गया है जिसके माध्यम से आपके बैंक का ग्राहक ऑन लाइन अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है और भाविष्य में संदर्भ और ट्रैकिंग के लिए सिस्टम द्वारा तैयार आई.डी ले सकता है.
- इस सिस्टम से न केवल शिकायतों का निवारण शीघ्र हो जाता है बल्कि इससे शिकायतों का केंद्रीकृत डाटा बेस भी तैयार हो जाता है. आपके बैंक ने ऐसे व्यक्तियों जो बैंक के ग्राहक नहीं हैं उन्हें भी शिकायत/सुझाव देने की सुविधा प्रदान की है. इसके अलावा आपके बैंक के ग्राहक शिकायत निवारण के 15 दिनों के बाद शिकायतों को पुनः खोल सकते हैं. यदि वे निवारण से संतुष्ट नहीं हैं तो इसे अगले उच्च अधिकारी/कार्यकारी प्रमुख द्वारा देखा जाएगा.

केवाईसी - ए.एम.एल - सी एफ टी के लिए प्रणाली

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंड/एंटी मनीलांड्रिंग (ए एम एल) मानदंड/आतंकवाद के वित्तपोषण की रोकथाम (सीएफटी) उपाय एवं पीएमएलए, 2002 के अंतर्गत बैंक के दायित्व - आपके बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित केवाईसी - ए एमएल सी एफ टी नीति है. यह नीति बैंक के केवाईसी मानदंडों, एएमएल मानकों, सी एफ टी उपायों तथा प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के अंतर्गत बैंक के दायित्वों के कार्यान्वयन का आधार हैं. बैंक ने नियामकों के निर्देशों के आधार पर परिचालित इकाईयों के लिए केवाईसी ए एम एल सी एफ टी से संबंधित मामलों पर दिशानिर्देश जारी किए हैं.

आपके बैंक में के वाई सी - ए एम एल -सी एफ टी कार्यान्वयन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :

- बैंक वित्तीय अनुसंधान इकाई भारत (एफआई यू - आई एनडी) को इलैक्ट्रानिक रूप में भेजने के लिए इलैक्ट्रानिक तरीके से नकद लेन देन रिपोर्टों (सी टी आर) को जनरेट करता है.
- सिस्टम आधारित एलटर्स जनरेट करने के लिए "एएमएल अलर्ट" स्थापित कर लागू कर दिया गया है. आई बी ए के कार्य दल की संस्तुति के आधार पर इसमें और अधिक एलर्ट निर्धारित करके इसको आगे और अधिक व्यापक बनाने की गुंजाईश है. आपके बैंक में केवाइसी एएमएल-सीएसटी दिशानिर्देशों के समस्त अनुपालन हेतु नामित निदेशक हैं.
- संदेहास्पद लेन देनों का पता लगाने के लिए और रिपोर्टों (एस टी आर) को वित्तीय अनुसंधान इकाई (एफ आई यू) को प्रेषित करने हेतु सिस्टम आधारित व्यवस्था है.
- बैंक के ग्राहकों के खातों का प्रत्येक छमाही में सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (ए एम एल उपायों से) किया गया है.
- बैंक, एफ आई यू - आई एन डी, नई दिल्ली को जाली करेंसी नोटों की रिपोर्ट (सीसीआर) और गैर लाभकारी संगठनों के लेनदेन के बारे में

रिपोर्ट (एन टी आर) प्रस्तुत करता है. आपका बैंक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट हर माह तैयार करता है और इसे एफआईयू- आइएनडी, नई दिल्ली को प्रसतुत करता है.

- बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने समस्त वर्तमान ग्राहकों को विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआइसी) आबंटित करने के लिए प्रक्रियाधीन है.
- मनी लांड्रिंग को काबू करने के लिए एक बड़े कदम के रूप में एन एस डी एल से पेन कार्ड (PAN) का ऑनलाइन सत्यापन करने के कार्य को परिचालित किया गया है.
- सीबीएस सिस्टम में भी इस प्रकार उपयुक्त रूप से सुधार किया गया है जिससे वह पेन (PAN) फार्म 60/61 ने होने की स्थिति में रु.50000/- तथा इससे अधिक की नकदी को स्वीकार नहीं करे.
- बैंक ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के सहयोग से आधार आधारित ई-केवायसी को लागू कर दिया है. सीएफटी के रूप में सभी शाखाओं में तत्काल जांच पड़ताल हेतु संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा विनियमावली (UNSCR) से प्राप्त नामों की सूची उपलब्ध है.

अपने ग्राहक को जनिए अर्थात केवायसी के पूर्णतया अनुपालन हेतु स्टाफ सदस्य तथा ग्राहकों को शिक्षित करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए है.

- ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.com पर केवायसी दस्तावेजों की विस्तृत सूची दी गई है.
- ग्राहकों के खातों में केवायसी डाटा अद्यतन करने के लिए मोबाइल आधारित एसएमएस भेजे गए हैं तथा स्थानीय राष्ट्रीय दैनिक समाचारपत्रों में नोटिस दिए गए हैं.
- स्टाफ सदस्यों को शिक्षित करने के लिए केवायसी-एएमएल-सीएफटी शिक्षा के संबंध में संदर्भ सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए बैंक के इंट्रानेट पर केवायसी एएमएल पृष्ठ सृजित किया गया है.
- बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में केवायसी-एएमएल-सीएफटी दिशानिर्देशों पर नियमित प्रशिक्षण सत्र चलाए जाते है.
- बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों/कार्यपालकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) तथा राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम) में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है.
- कॉर्पोरेट पर्यवेक्षण (कार्पोरेट ओवरसाइट) तथा शाखाओं की केवायसी लेखा-परीक्षा के प्रयोजन से बैंक के प्रधान कार्यालय में विशेषज्ञता प्राप्त करने के उद्देश्य निरंतर प्रयास किए जाते हैं.
- विसंगतियों का पता लगाने तथा इनके तत्काल निवारण के लिए नियमित रुप से ऑनसाइट जांच पड़ताल की जाती है.

अनुपालन कार्य

आपके बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित एवं संबद्ध दस्तावेजों से युक्त अनुपालन नीति तैयार की है. जिसमें बैंक के अनुपालन कार्यों का भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों पर आधारित अनुपालन दर्शन परिलक्षित होता है. यह नीति एक बुनियाद है जिसके आधार पर बैंक का समस्त अनुपालन कार्य संचालित होता है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य स्वस्थ अनुपालन व्यवस्था युक्त आंतरिक नियंत्रण तथा अनुपालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया सहित गवर्नेंस का एक अभिन्न अंग है.

अनुपालन कार्य की प्रमुख पहलें तथा मुख्य-मुख्य बातें

- अनुपालन विभाग बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित किया गया है तथा इसके प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक हैं जो बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन को रिपोर्ट करते हैं.
- कार्पोरेट कार्यालय में स्थित अनुपालन विभाग में कार्यरत योग्य स्टाफ के अलावा अनुपालन कार्य की देखरेख के लिए कापोरेट कार्यालय एवं नियंत्रण कार्यालयों तथा शाखाओं में अनुपालन अधिकारी कार्यरत है.
- अनुपालन कार्य विभिन्न विधायों यथा बैंकिंग विनियमावली अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी विनियम प्रबंधन अधिनियम तथा धनशोधन निवारण अधिनियम में उल्लिखित सांविधिक प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करता है. यह भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) तथा भारतीय नियत मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (फिम्डा) द्वारा निर्धारित मानकों तथा कोड आदि का पालन भी सुनिश्चित करता है.
- बैंकिंग विधि नियमों, मानकों, नियमित एवं व्यवस्थित शिक्षा के क्षेत्र में अनुपालन स्टॉफ को इन क्षेत्रों की गतिविधियों से अद्यतन बनाए रखने के लिए अनुपालन पर नियमित कार्यशालाएं आयोजित की जाती है. इस उद्देश्य के लिए ज्ञान प्रबंधन टूल्स को भी बैंक की वेबसाइट (http://intranet.bankofbaroda.co.in) पर अपलोड कर दिया गया है. चुनी हुई शाखाओं के शाखा प्रबंधकों तथा क्षेत्रीय/अंचल के अनुपालन अधिकारियों के लिए अनुपालन पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शाखा/क्षेत्र/अंचल और कार्पोरेट स्तर के विभिन्न अनुपालन संबंधी मुद्दों पर चर्चा होती है. इसमें केवायसी, एएमएल मानदंडों पर जोर दिया जाता है जिससे कि अनुपालन के बारे में जन चेतना का प्रसार हो.

बैंक ऑफिस परिचालन

रिजनल बैंक ऑफिस और सिटी बैंक ऑफिस

अब आपके बैंक में 13 क्षेत्रीय बैंक ऑफिस (आरबीओ) हैं. वर्ष के दौरान हैदराबाद में एक बैक ऑफिस खोला गया. अब आपके बैंक में कासा खाते खोलने के फॉर्मो को प्रोसेस करने तथा व्यक्तिगत चेक बुक जारी करने के लिए प्रतयेक अंचल में एक क्षेत्रीय बैंक ऑफिस है. क्षेत्रीय बैंक ऑफिस के माध्यम से आपके बैंक की 5000 से अधिक शाखाओं को केंद्रीकृत खाता खोलने की प्रक्रिया एवं व्यक्तिगत चेक बुक जारी करने हेतु सहबद्ध कर दिया गया है.

हैदराबाद में क्षेत्रीय बैंक ऑफिस के उद्घाटन अवसर पर श्री पि. श्रीनिवास, कार्यपालक निदेशक एवं अन्य गणमान्य जन.

आपके बैंक में समाशोधन के माध्यम से आवक-जावक चेकों की प्रोसेस करने के लिए 85 केंद्रीकृत सिटी बैंक ऑफिस कार्यरत हैं. समीक्षाधीन अवधि के दौरान दक्षिणी ग्रिड में सीटीएस (चेक ट्रंकेशन सिस्टम) क्लीयरिंग हेतु 100% माइग्रेशन का कार्य तथा पश्चिमी ग्रिड के 20 माइकर केंद्रों पर यह कार्य पूरा हो गया. उत्तरी ग्रिड में भी 21 माइकर केंद्रों में सीटीएस क्लीयरिंग को लागू किया गया. सभी तीनों ग्रिडों में जैसे-दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी ग्रिडों में क्लीयरिंग का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है.

सरकारी कारोबार एवं करेंसी चेस्ट

आपके बैंक ने शुल्क आधारित आय को बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 15 के दौरान समर्पित भाव से सरकारी कारोबार बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है. समीक्षा अवधि के दौरान इस दिशा में किए गए कुछ प्रमुख प्रयासों का नीचे उल्लेख किया गया है.

- **सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ)-** आपके बैंक ने 1.10.2014 से 31.03.2015 के दौरान पीपीएफ खाते खोलने हेतु विशेष अभियान चलाया और 82,926 खाते खोलने के वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त कर लिया.
- **न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)-** आपके बैंक ने नेशनल पेंशन योजना के तहत एनपीएस-लाइट खाते खोलने के लिए 1.4.2014 से 31.3.15 के दौरान विशेष अभियान चलाया. 28 मार्च 2015 तक एनपीएस लाइट के 95,475 खाते खोले गए.
- **प्रशिक्षण-** आपके बैंक ने 27 स्थानों पर सरकार एवं सरकारी उपक्रमों से कारोबार हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 1534 स्टॉफ सदस्यों को इस बारे में जानकारी दी गई. बीसी/बीएफ/वीएलइज के लिए 13 स्थानों पर कार्यशाला कर उन्हें जागरुक किया गया.
- **सरकारी कारोबारः**
  - आपके बैंक को नवगठित आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद विभाग, योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होमियोपैथी) के मान्यता प्राप्त बैंकर के रुप में मान्यता प्रदान की गयी.
  - आपके बैंक ने सरकारी उपक्रमों से निम्नलिखित सरकारी व्यवसाय प्राप्त किए-
    - एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन) के रु. 2,000 करोड़ का मीयादी ऋण स्वीकृत किया गया.
    - उर्वरक मंत्रालय को रु. 1100 करोड़ का अल्पावधि ऋण स्वीकृत किया गया.
    - आरईसी लिमिटेड (राष्ट्रीय ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड) से 563 करोड़ की जमा राशि प्रदान की.
  - आपके बैंक ने फीस संग्रहण के लिए एफएसएसएआई (फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया) और कृषि मंत्रालय के साथ करार किया है.
- **डिजीटल इंडिया पहल** - आपके बैंक ने भारत सरकार की पहल डिजीटल इंडिया में भाग लिया. इसकी मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैः-
  - आपका बैंक भारत सरकार के प्रतिष्ठित इ-बिज पोर्टल के साथ जुड़े हुए 5 बैंकों में से एक है. इसके द्वारा बड़ी स्टेट सेवाओं के साथ-साथ 50 सेवाओं का शुभारंभ किया जाएगा.
  - डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) मार्च 2015 में ऑटोमेटेड हो गया. जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया डिजीटाइज होने से सभी पेंशनधारकों को लाभ होगा.
  - आपका बैंक माल एवं सेवा कर (सीएसटी) का संग्रहण कारोबार करने के लिए प्राधिकृत बैंकों में से एक है. इसके वित्त वर्ष 16 में लागू होने की संभावना है.
  - तेजी से पेंशन प्रोसेसिंग एवं संवितरण हेतु पेंशन भुगतान आदेश का डिजीटाइजेशन (ई-पीपीओ).

कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई में बड़ौदा एम पासबुक और ऑनलाइन पीपीएफ सेवाएं के शुभारंभ के अवसर पर श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री के.वी.रामामूर्ती, कार्यपालक निदेशक एवं अन्य अधिकारी गण.

- **राज्य कर एवं नॉनटैक्स संग्रहण -**
  - आपके बैंक को तेलंगाना राज्य में वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) के संग्रहण के लिए प्राधिकृत किया गया है.
  - आपके बैंक ने स्टेट रोड टैक्स का संग्रहण चेन्नै प्रोपर्टी टैक्स और चेन्नै स्टेट में एसोसियशन ऑफ सर्जन्स की ओर से फीस संग्रहण का कार्य प्रारंभ किया है.
  - आपके बैंक को राजस्थान राज्य में ई-ग्रास (ऑनलाइन गवर्नमेंट रिसीट एकाउन्टिग सिस्टम) के माध्यम से स्टेट टैक्सेज को संग्रह करने के लिए प्राधिकृत किया गया है. ई-गवर्नेंस पोर्टल के साथ बड़ौदा कनेक्ट को साथ जोड़ा गया है तथा 'आशा' (एक्रेडिटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट) के अंतर्गत नेशनल हेल्थ मिशन के भुगतान के लिए केंद्रीकृत सीमलेस भुगतान को स्वीकृत किया है.
  - आपके बैंक को कर्नाटक राज्य में महानगर पालिका प्रॉपर्टी टैक्स संग्रहण के लिए प्राधिकृत किया गया है.
  - आपका बैंक मध्य प्रदेश में साइबर ट्रेजरी वर्क में सहभागिता कर रहा है.
- **सामाजिक सुरक्षा योजनाएं-**
  - आपके बैंक ने एचआरवायएसएसपी (हरियाणा सोशल सिक्योरिटी पेंशन) पहल के अधीन सामाजिक सुरक्षा पेंशन का संवितरण प्रारंभ कर दिया है.
  - आपके बैंक ने गृह मंत्रालय, नई दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानियों के लिए पीडीएमसी (पेंशन संवितरण निगरानी सेल) स्थापित किया है.
  - आपके बैंक ने स्वतंत्रता सेनानी पेंशनर्स को पेंशन भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की है.
  - आपके बैंक को 8 अतिरिक्त राज्यों जैसे - कर्नाटक, ओडिशा, केरल, तेलंगाना, झारखंड, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश में रेलवे पेंशनरों को पेंशन भुगतान के लिए प्राधिकृत किया गया है. इस प्रकार आपका बैंक सभी राज्यों (संघ शासित क्षेत्रों को छोड़कर) में यह कार्य करने की स्थिति में हो गया है.
  - वित्त वर्ष के दौरान नयी पेंशन योजना के अंतर्गत 20,000 खाते खोले गए जो एक वर्ष में सबसे अधिक है.
- **इ-स्टैम्पिंग कारोबार-** आपके बैंक ने तीन राज्यों यथा तमिलनाडु, झारखंड और राजस्थान में 76 शाखाओं में इ-स्टैम्पिंग की सुविधा का शुभारंभ किया. इस प्रकार कुल राज्यों की संख्या 8 हो गई.
- **अन्य पहलें-**

- आपके बैंक ने भारत सरकार की निम्नलिखित पहलों को कार्यान्वित किया है-
  - चयनित बैंक शाखाओं के माध्यम से किसान विकास पत्र, 2004 का संवितरण.
  - भारत सरकार द्वारा "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के अंतर्गत कन्या शिशु के कल्याण के लिए प्रारंभ की गई योजना में सुकन्या समृद्धि खाते का शुभारंभ.

नकदी प्रबंधन एवं करेंसी चेस्ट-

- **करेंसी चेस्ट एवं नकदी प्रबंधन विभाग द्वारा शुरु की गयी पहलः**
  - **डोर स्टेप बैंकिंग सेवाएं (डीएसबीएस)** - बैंक ने मुंबई, नई दिल्ली (एनसीआर) और बड़ौदा तीन शहरों में डीएसबीएस का शुभारंभ कर दिया. यह उत्पाद कासा वृद्धि के लिए बहुत अच्छा है. इसमें अधिक ग्राहकों को जोड़ा जाए.
  - **भारतीय रिज़र्व बैंक की क्लीन नोट पॉलिसी के अनुपालन हेतु एनएसएम की स्थापना.** आपके बैंक ने वर्ष 2014-15 के दौरान शेष शाखाओं और करेंसी चेस्ट के लिए 3682 एनएसएम की खरीद हेतु बैंक ने प्राप्ति का अनुरोध फ्लोट किया था. 3,193 एनएसएम शाखाओं/करेंसी चेस्टों में डिलीवर/स्थापित की जा चुकी है. शेष मशीनें स्थापना हेतु मार्गस्थ हैं. जून 2015 तक सभी शाखाओं मे एनएसएम लग जाएगें.
  - **नकली नोटों की पहचान करना एवं जब्त करना-** हमारे बैंक द्वारा वर्ष 2014-15 के दौरान 5,507 नकली नोटों की पहचान कर उन्हें जब्त किया गया एवं इसकी रिपोर्टिंग भारतीय रिज़र्व बैंक को की गयी. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान नकली नोटों की संख्या -573- थी.

सतर्कता

बैंकिंग उद्योग में ऑटोमेशन की दिशा में हो रहे परिवर्तनों और अन्य परिवर्तनों के बावजूद बैंकिंग अपनी प्रकृति से व्यक्ति उन्मुख है. उत्पादन संगठनों से भिन्न बैंकिंग व्यक्तिगत सेवा की मांग करता है. अतः इसकी सेवा की गुणवत्ता, समग्रता में इसके कार्मिकों के व्यवहार की गुणवत्ता पर निर्भर करती है.

परिचालन स्तर तथा नियत्रंक कार्यालयों में कार्यरत स्टाफ को प्रोत्साहित एवं सक्षम बनाकर आवश्यक सावधानी सहित बचाव और खोजी उपाय करने हेतु सतर्कता विभाग का प्रयास रहा है. इससे ईमानदार श्रमशक्ति के लिए सुरक्षापूर्ण वातावरण बनाने एवं कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायता मिलती है.

कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी.

घोर लापरवाही के मामलों और अनुचित व्यावसायिक निर्णय वाले मामलों के बीच सावधानीपूर्वक पहचान की जाती है. प्रत्येक मामले की निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि जांच कार्यवाही शीघ्रता से पूरी हो और सभी संबंधितों को सही प्रतीत हों. यह सुनिश्चित करने के भी प्रयत्न किए जाते हैं कि दण्ड जहां आवश्यक हों वह समय से और न्यायोचित हो.

आपके बैंक में सतर्कता मशीनरी विभिन्न निवारक उपायों के साथ सभी श्रेणी के स्टाफ सदस्यों को जागृत करने के अलावा कंप्यूटरीकृत/ई-बैंकिंग परिवेश में उभर रहे नए जोखिम संभाव्य क्षेत्रो में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है.

आपके बैंक में टेंडर की प्रक्रिया और खरीद के मामलों में अधिक पारदर्शिता लाने हेतु, टेंडर आमंत्रित करने का नोटिस/बैंक द्वारा अवार्ड किए गए टेंडरों का ब्यौरा और टेंडरों को सार संक्षेप/निष्कर्ष पर पहुंचे करारों को अधिकतम प्रचार हेतु बैंक की वेबसाइट पर डाला जाता है. वित्त मंत्रालय की सूचना के अनुरूप सभी सरकारी क्षेत्र के बैंकों में एक समान कार्यान्वयन हेतु मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) दिनांक 11.01.2013 से लागू कर दी गई है.

कारोबार निष्पादन

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान व्यवसाय विकास के क्षेत्र में आपके बैंक की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है.

31 मार्च, 2015 को समाप्त वित्त वर्ष एवं वित्त वर्ष 2014-15 की चतुर्थ तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा.

संसाधन संग्रहण एवं आस्ति विस्तार

31 मार्च, 2015 को कुल संसाधनों में बैंक की जमाराशियों का अंश 86.37% रहा. आपके बैंक की कुल जमाराशियां रु. 5,68,894 करोड़ से बढ़कर रु. 6,17,560 करोड़ हो गई जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.55% अधिक है. कम लागत वाली जमाराशियो में महत्वपूर्ण घटक बचत बैंक जमाराशियों में 14.24% की वृद्धि हुई तथा ये रु. 96,437 करोड़ से बढ़कर रु. 1,10,172 करोड़ हो गई.

कुल जमाराशियों (घरेलू + विदेशी) में कम लागत की जमा राशियों (चालू + बचत) अर्थात कासा का हिस्सा 26.39% रहा और घरेलू जमाराशियों में यह 33.01% रहा.

वित्तीय वर्ष, 15 के दौरान आपके बैंक के कुल अग्रिमों में 7.82% की वृद्धि हुई. घरेलू अग्रिमों में यह वृद्धि 7.24% और विदेशी अग्रिमों में 9.10% रही.

वडोदरा में सम्पन्न हुई असाधारण सामान्य बैठक के दौरान श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी और अन्य गणमान्य जन.

निधियों की संरचना- वैश्विक

विवरण (₹ करोड़ में)	मार्च, 2014 की समाप्ति पर	मार्च, 2015 की समाप्ति पर	वृद्धि %
जमाएं	5,68,894.39	6,17,559.52	8.55
- घरेलू	3,79,054.04	4,14,277.85	9.29
- विदेशी	1,89,840.35	2,03,281.68	7.08
उधारियां	36,812.97	35,264.28	-4.21

वैश्विक अग्रिम - (शुद्ध)

विवरण (₹ करोड़ में)	मार्च, 2013 की समाप्ति पर	मार्च, 2014 की समाप्ति पर	वृद्धि %
अग्रिम	3,97,005.81	4,28,065.14	7.82
- घरेलू	2,72,168.96	2,91,870.22	7.24
- विदेशी	1,24,836.85	1,36,194.92	9.10

जमा संसाधनः

आपके कारोबार संविभाग 'जमा संसाधन' का उद्देश्य बैंक द्वारा आगे बढ़ाये जाने वाले कारोबारी मॉडल और कार्पोरेट लक्ष्यों को प्रोन्नत करने वाले संगठनात्मक ढाचे के बीच बेहतर तालमेल करके बड़े आधार वाली और सुसंगत कासा तथा खुदरा मियादी जमाओं में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है. एक सोचे/समझे निर्णय के अनुरूप बड़ी जमाओं को औचित्यपूर्ण बनाकर खुदरा जमाओं के भाग में वृद्धि करने पर ध्यान केंद्रित किया गया.

संसाधन संग्रहण :

संग्रहण क्षेत्रों से नये संसाधन जुटाने और बैंक के ग्राहक आधार में वृद्धि के लिए आपके बैंक में बहिर्गामी विक्रय आऊटफीट है. इन आऊटफीटों के और सभी 5000 से अधिक शाखाओं के सक्रिय योगदान से आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015 में 128.21 लाख नये बचत खाते एवं 1.20 लाख नये चालू खाते जुटायें. यह सुव्यवस्थित विकास दर खोले गये नये खातों की निरंतर निगरानी एवं 18 अगस्त 2014 से 20 सितंबर, 2014.के दौरान विशेष अभियान द्वारा अनुपूरित खातों से प्राप्त की गयी है. अभियान के दौरान 16.59 लाख नये खाते खोले गये और रू. 1068.34 करोड़ की राशि संग्रहित की गयी. आपके बैंक की घरेलू जमाराशियां मार्च 2014 में 3,79,054 करोड़ की तुलना में 4,14,278 करोड़ रही इनमें 9.29% की सुदृढ वृद्धि दर्ज की गयी. यह वृद्धि वर्ष के दौरान उच्च लागत वाली और अधिमान्य दरवाली बल्क जमा राशियों को सोच - समझ कर कम करने के बावजूद भी प्राप्त हुई.

खुदरा जमाराशियों के अंतर्गत विकास दरः

आपके बैंक की **बचत जमाराशियां घरेलु परिचालन** रू. 1,06,736 करोड़ पर पहुंच गयी इसमें 13,355 करोड़ की वृद्धि हुई इस प्रकार वर्ष दर वर्ष (वर्ष दर वर्ष) आधार पर मार्च 2015 में 14.30% की वृद्धि हुयी.

आपके बैंक की घरेलु **चालू जमाराशियां** वर्ष मार्च 2014 में 27,000 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2015 को 30,016 करोड़ पर पहुंच गयी. इसमें वार्षिक वृद्धि रू. 3,016 करोड़ रही. यह वृद्धि वर्ष दर वर्ष आधार पर 11.17% रही.

आपके बैंक का कुल जमाओं (घरेलू) में घरेलू **कासा का हिस्सा** मार्च 2014 में 31.76% से बढ़कर मार्च 2015 में 33.01% हो गया.

खुदरा मीयादी जमा राशियां : आपके बैंक की खुदरा मीयादी जमा राशियां मार्च 2014 में रू. 1,25,421 करोड़ की तुलना में मार्च 2015 में 1,66,509 करोड़ हो गयी. इस प्रकार इनमें वर्ष दर वर्ष अधार पर 32.76% की वृद्धि हुयी. कुल मीयादी जमा राशियों में खुदरा मीयादी जमाराशियां का हिस्सा मार्च 2014 में 48.49% प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2015 में 60.00% हो गया. यह बैंक द्वारा खुदरा जमाओं में वृद्धि पर और बल्क जमाराशियों को कम करने पर जोर देने के कारण संभव हुआ.

औसत वृद्धि सतत प्रगति का एक महत्वपूर्ण सूचक है. विभिन्न जमाओं के सेगमेंट में जमाराशियों में पुख्ता वृद्धि के बैंक के उद्देश्य के अनूकूल आपके बैंक ने औसत कासा जमाराशियों 10,308 करोड़ की औसत विकास दर प्राप्त की और वित्त वर्ष 2015 में दैनिक औसत आधार पर 33,273 करोड़ की जमाराशियां प्राप्त की जोकि 10.12% होती है. समग्र जमाराशियों की वृद्धि में औसत जमाराशियां 10.14% के बेहतर स्तर पर रही.

अन्य कारोबारी पहलें :

- **वर्तमान खाता धारकों के साथ संबंधों को पुनर्जीवित एवं मजबूत करने के लिए** आपके बैंक ने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के लिए विशेष ध्यान दिया. वित्त वर्ष 2015 के दौरान 8.39 लाख निष्क्रिय बचत बैंक खातों को सक्रिय किया.
- **डेबिट कार्ड जारी करने पर जोर देना विशेष रूप से वर्तमान सक्रिय बचत खातों में :** आपके बैंक ने डेबिट कार्ड जारी करने पर विशेष रूप से पुराने एवं सक्रिय बचत खातों में, जिसमें रू. 5,000/- और अधिक राशि शेष है, ध्यान केंद्रित रखा. वित्त वर्ष 2015 के दौरान कुल मिलाकर 8.40 लाख डेबिट कार्ड इन खातों में जारी किए गये. जबकि सभी नये खातों में खाता खोलने के साथ ही डेबिट कार्ड जारी किये जा रहे है.
- **सक्रिय ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए शून्य शेष वाले खातों में फंडिंग करने पर जोर** देने हेतु ऐसे बचत खातों की सूची जिनमें शून्य शेष है, सभी क्षेत्रों / अंचलों को नियमित अंतरालों पर, इन खातों में फंडिंग करने के लिए फालो-अप हेतु प्रेषित की जा रही है वित्त वर्ष 2015 के दौरान इस प्रकार के कुल 5.76 लाख खातों में राशियां जमा की गयी. इन खातों में रू. 457.59 करोड़ की राशि संग्रहित की गयी.

एन. आर. आई. सेवाएं

विदेशों में रहने वाले भारतीय, धन प्रेषण, बैंक जमाओं, रीयल इस्टेट और अन्य निवेशों के माध्यम से भारत के साथ जुड़े रहते हैं. अनिवासी जमाएं बैंकों को जमा संसाधनों के लिए निरंतर सहायता करते रहते है. आपके बैंक में 1.4.2011 को एन. आर. आई. सेवा विभाग का गठन किया गया. यह विभाग परिचालन इकाइयों को एन. आर.आई. ग्राहकों को समुचित बैंकिंग सेवाएं देने के लिए टेक्नालाजी प्लेटफार्म का उपयोग, स्टाफ के ज्ञान कौशल को बढाकर, विदेशी शाखाऑ के साथ ताल-मेल बैठाकर एन आर आई सेवाएं एवं उत्पादों के लिए पसंदीदा बैंक बनाने हेतु उपयुक्त कार्ययोजना उपलब्ध करा रहा है.

प्रवासी भारतीय दिवस 2015 के अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री के वी रामामूर्ती, महाप्रबंधक श्री प्रभात अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी

एन आर आई जमा राशियां

(राशि करोड़ में)

	31.03.2014	31.03.2015	वर्ष दर वर्ष वृद्धि	
	वास्तविक	वास्तविक	समग्र	%
एन आर ई	24212	29201	4989	20.61
एन आर ओ	2708	2863	155	5.72
एफ सी एन आर	18153	20836	2683	14.78
कुल एन आर आई जमा	**45073**	**52900**	**7827**	**17.37**

मार्च 2014 की तुलना में कुल एन आर आई जमा राशियों में 17.37 % के वृद्धि दर्ज हुयी जोकि समकक्षी बैंकों में सर्वोत्तम में से एक है.

वित्त वर्ष 2015 के दौरान प्रारंभ की गयी पहलें.

नई आंतरिक वित्तप्रेषण प्रक्रिया

1 विशेष एन आर आई जमा अभियान एवं नॉन केवायसी अनुपालन वाले खाते में डाटा क्लीनिंग अभियान दिनांक 1.11.2014 से 31.12.2014 चलाया गया. इस दौरान आपके बैंक ने 18,562 नये खाते खोले और 1,463 करोड़ की राशि संग्रहित की.

2 निष्क्रिय एन आर आई खातों को सक्रिय बनाने के लिए निरंतर अभियान, शून्य शेष खातों में फंडिंग, सक्रिय खातों में ए.डी.सी को जारी करना तथा उनकी सुपुर्दगी, ग्राहक शिकायतों का निस्तारण से एन आर आई संसाधनों को बढ़ाने में बड़ा योगदान प्राप्त हुआ.

3 यूएई एक्सचेंज हाउस के साथ टाई-अप व्यवस्था के अंतर्गत यू. ए. टी. हेतु वेब आधारित ऑनलाइन इनवर्ड उत्पाद फ्लैश रेमिट शुभारंभ के लिए तैयार है.

4 यू. के टेरीटरी में लगने वाले समय को घटाने (टैट) हेतु आवक - रेमिटेन्स उत्पाद "रेपिड फंडस टू इंडिया " हेतु एसटीपी माडल का शुभारंभ किया गया.

5 भारतीय रिजर्व बैंक के जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के अंतर्गत आपके बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य सांविधिक और विनियामक जैसे एन आर आई /पी आई ओ खातों में केवायसी क्लीनिंग, पासपोर्ट विवरण एवं अन्य विवरणों को अद्यतन करने जैसे दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु कई सिस्टम चेक एवं उपाय किये.

6 वृहत् मुंबई अंचल में एक और विशिष्टीकृत एन आर आई शाखा के शुभारंभ के प्रस्ताव को सहमति प्राप्त हो गयी.

होलसेल एवं मिड कार्पोरेट बैंकिंग

मजबूत कार्पोरेट ऋण संस्कृति और ऋणों में स्वस्थ प्रगति पिछले कुछ वर्षों से आपके बैंक को अन्य बैंकों से अलग प्रदर्शन करने वाले कारक रहे हैं.

आपके बैंक का लार्ज कार्पोरेट एवं मिड कार्पोरेट बैंकिंग प्रभाग ; कार्पोरेट को उनके विस्तार और / अथवा नये वेंचर्स हेतु मीयादी ऋण एवं कार्यशील पूंजी की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु फंड आधारित एवं नॉन फंड आधारित उत्पाद उपलब्ध कराता है. इन उत्पादों में मीयादी ऋण, मांग ऋण, कार्पोरेट ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, ऋण, कैश क्रेडिट, बिल भुनाई, कार्यशील पूंजी के लिए टॉप- अप सुविधा, ट्रेड फाइनेंस उत्पाद, सिंडीकेटेड ऋण, फ्यूचर रेंट प्राप्तियों के पेटे अग्रिम, कार्पोरेट के उपयुक्त कई और उत्पाद शामिल है. उपलब्ध कराए जाने वाले उत्पाद लचीले एवं समुचित रूप से तैयार किये गये हैं इनमें ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं एवं जोखिम प्रोफाइल का ध्यान रखा गया है.

कार्पोरेट्स एवं ग्राहकों को उनके बिक्री टर्न ओवर के आधार पर लार्ज एवं मिड कार्पोरेट्स के रूप में जैसे रु. 500/- करोड़ और उससे अधिक को लार्ज कार्पोरेट्स एवं रु. 150/- करोड़ से रु. 500/- करोड़ तक वार्षिक बिक्री टर्न ओवर को मिड कार्पोरेट्स में वर्गीकृत किया जाता है.

मिड कार्पोरेट्स के लिए ऋण मामलों को एक अलग संविभाग अर्थात मिड कार्पोरेट बैंकिंग विभाग द्वारा इस विचार से संचालित किया जाता है कि इन ऋण कर्ताओं को ऋण प्रवाह बढ़े और उनकी संख्या में पर्याप्त वृद्धि हो. प्रतिष्ठित मिड कार्पोरेट बिजनेस सेगमेंट को सेवा देने हेतु केंद्रित कारोबारी विचार से प्रारंभ में देश में 16 मिड कार्पोरेट शाखाएं खोली गयी थी. समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष में आपके बैंक ने जोगेश्वरी (मुंबई) में एक और मिड कार्पोरेट शाखा खोली है.

ग्राहक केंद्रित विचारधारा से युक्त आपके बैंक ने कार्य कुशल चैनलों के माध्यम से तथा बहूदेशीय, घरेलू कारोबारी घरानों और श्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को ऋण प्रशासन में सुपीरियर एवं तेजी से सुपुर्दगी के मामलें में निरंतर उपलब्धि अर्जित की है.

आपका बैंक प्रतिभाव समय में सुधार करने के लिए प्रयासरत है. पिछले वित्त वर्ष के दौरान निर्णय की गुणवत्ता में समझौता किये बिना निर्णय लेने की गति में सुधार हेतु प्रयास किये गये. ऋण मामलों में सभी स्तरों पर निर्णय में तेजी लाने एवं टर्न अराउंड समय घटाने हेतु आवश्यकता आधारित निर्णय लेने के और अधिक अधिकारों का प्रत्यायोजन किया गया.

आपके बैंक ने आवेदन कर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किये गये ऋण आवेदनों के स्टेटस जानने में सुविधा हेतु "ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन ट्रैकिंग" प्रारंभ की गयी. इस सिस्टम में शाखा स्तर पर प्राप्त होने पर सभी ऋण आवेदनों को शाखा अधिकारियों द्वारा 'लोन ट्रैकिंग मॉड्युल' में दर्ज किया जाता है तथा सिस्टम से तैयार यूनिक आवेदन संख्या एवं पासवर्ड सहित पावती उपलब्ध करा दी जाती है. बैंक की वेबसाइट पर दिये गये लिंक "लोन ट्रैकिंग" पर लॉग इन करके आवेदन कर्ता ऋण आवेदन का स्टेटस जान सकेगा.

वर्ष के दौरान बैंकिंग उद्योग में नॉन फूड क्रेडिट ग्रोथ सामान्यतः कम रही तथापि इस अवधि में भी आपके बैंक के लार्ज एवं मिड कार्पोरेट बैंकिंग डिवीजन नें ऋण विस्तार के लिए कार्पोरेट्स की पहचान करने का कार्य प्रारंभ किया तथा फास्ट ट्रैक डेस्क से 115 नये ग्राहक संबंध स्थापित किये (70 लार्ज एवं 45 मिड) विभाग ने वर्ष के दौरान 25,423 करोड़ रुपये की नयी ऋण सुविधाएं (21726 करोड़ सं. 3395.91 करोड़ मिड कार्पोरेट के तहत) स्वीकृत कीं. वर्ष के दौरान लार्ज एवं मिड कार्पोरेट डिवीजन के विभिन्न सेकटरों / प्रोजेक्टस के साथ इंडस्ट्रीज / देश भर में फैली इकाइयों को नये और संवर्धन सहित कुल स्वीकृतियां 1,00,676 करोड़ रही.

आपके बैंक ने कार्पोरेट अपेक्षाओं को नीचे तक पहुंचाने एवं अधिकतम कारोबार जुटाने हेतु जमीनी स्तर पर यूनिटों द्वारा महसूस की जा रही कठिनाइयों को समझने के लिए सी एफ एस शाखा प्रमुखों की कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया.

बैंक कुछ सेक्टरों में आसन्न दबाव के प्रति इन सेक्टरों के अंतर्गत ऋण निर्णय करते समय संवेदनशील बना रहा .

आपका बैंक आस्तियों की गुणवत्ता बनाये रखने के लिये सभी ऋण प्रस्तावों की कार्यकुशल प्रोसेसिंग और मूल्यांकन की गुणवत्ता को उच्च महत्व देता है तथा इसे प्राप्त करने के लिये कुशल एवं प्रोत्साहित कर्मचारियों के महत्व को महसूस करता है. इसे ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने ऋण एवं फोरेक्स अधिकारियों को नियमित रुप से प्रशिक्षित कर तैयार करने पर जोर बनाये रखा तथा बैंक के भीतर एवं विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग कर विशिष्टीकृत प्रशिक्षण दिया. इस प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाए बढ़ाने के लिए बैंक ने अपने अधिकारियों को विस्तृत ऋण प्रशिक्षण दिलवाने हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ टाय- अप किया है.

स्वीकृति प्राधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण मूल्यांकन प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित करने एवं इसमे सुधार के विचार से आपके बैंक ने महत्वपूर्ण मानदंडों पर सभी स्तरों पर प्रत्येक ऋण प्रस्ताव के साथ "चेक लिस्ट" प्रस्तुत करने की प्रणाली प्रारंभ की है, आपके बैंक ने सभी स्तरों पर पर्याप्त सावधानी को बढाने के लिए अन्य उपाय जैसे - बैंक के इंट्रानेट पृष्ठ के माध्यम से सभी स्तरों पर महत्वपूर्ण आवश्यक सूचनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है.

आपके बैंक के लार्ज कार्पोरेट बैंकिंग प्रभाग में ''घरेलू विदेशी कारोबार'' प्रभाग भी है. डी.एफ.बी प्रभाग घरेलू शाखाओं में विदेशी मुद्रा व्यवसाय संचालित करने एवं विदेशी मुद्रा कारोबार बढ़ाने में वृद्धि करने के साथ-साथ शुल्क आधारित आय बढ़ाने में बड़ा योगदान करता है. समीक्षाधीन वर्ष में आपके बैंक ने प्राधिकृत 'बी' श्रेणी की 3 और शाखाओं को सीधे विदेशी मुद्रा कारोबार करने तथा उनके आस- पास की शाखाओं के लिए नोडल शाखा के रूप में कार्य करने हेतु जोड़ा. डी.एफ.बी. के माध्यम से आपका बैंक प्रतिष्ठित निर्यातक ग्राहकों को गोल्ड कार्ड जारी करता है, जिससे उन्हें रियायती मूल्यों पर निर्यात ऋणों में अतिरिक्त लचीलापन प्राप्त करने में सुविधा प्राप्त होती है. अब तक आपके बैंक ने 612 गोल्ड कार्ड जारी किए हैं.

लार्ज कार्पोरेट प्रभाग में ''टफ सेल्स'' भी कार्यरत है. यह वस्त्र मंत्रालय द्वारा टेक्सटाइल इंडस्ट्री में टेक्नॉलजी उन्नयन हेतु नोडल बैंक के रूप में कार्य करता है. इसके लिए पूरे देश में टेक्सटाइल यूनिटों द्वारा मशीनरी में निवेश एवं ब्याज पर सहायता राशि प्रदान करता है. आपका बैंक उन बड़े बैंकों में से एक है जो टेक्स्टाइल इकाइयों को इस प्रकार सहायता राशि उपलब्ध कराता है. बैंक के पास टफ (TUFs) योजना के तहत कवर किये गये 1000 से अधिक मीयादी ऋण है. शाखा स्तर के स्टाफ को उसी उस क्रम में शिक्षित करने तथा उन्नत बनाने हेतु टफ सेल प्रशिक्षकों एवं फील्ड स्टाफ के लिये सीधे ही स्थानीय स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन करता है.

खुदरा ऋण :

पूर्व की भांति वित्तीय वर्ष, 15 में भी रिटेल बैंकिंग सेवाएं बैंक के समग्र व्यवसाय में महत्वपूर्ण व्यवसाय घटक /संविभाग बना रहा. यह संविभाग वैयक्तिक एवं लघु व्यवसाय ग्राहकों (व्यापारियों) की वित्तीय जरुरतों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है जो सहज एवं संवहनीय लागत पर बैंकिंग सुविधाओं की अपेक्षा रखते हैं.

वर्ष के दौरान रिटेल बैंकिंग संविभाग के कार्यनिष्पादन का विवरण नीचे दिया गया है.

रिटेल लेंडिंग के अंतर्गत वृद्धि

आपके बैंक की बुक में पांच प्रमुख उत्पाद यथा आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स ऋण तथा मार्गेज ऋण शामिल हैं. जिनकी मार्च, 2015 के अंत में कुल रिटेल ऋणों में 78.35% हिस्सेदारी थी. अन्य उत्पादों, लाबोड /ओडीबीओडी की कुल रिटेल ऋणों में हिस्सेदारी 18.18% रही.

अन्य खुदरा ऋण उत्पाद जैसे बड़ौदा वैयक्तिक ऋण और अन्य विविध उत्पाद जैसे डॉक्टर्स ऋण सरकारी प्रतिभूतियों के पेटे ऋण आदि खुदरा ऋण का 3.47% है.

कुल रिटेल ऋण 31 मार्च, 2014 को रु.46,019 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2015 को रु.52,488 करोड़ रहे. वित्तीय वर्ष, 2015 के दौरान इनमें कुल रु. 6,469 करोड़ (14.06%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान यह वृद्धि रु.7,973 करोड़ (20.96%) थी.

जोधपुर क्षेत्र में रिटेल लोन फ़ैक्ट्री का शुभारंभ करते हुए श्री बी.बी. जोशी, कार्यपालक निदेशक.

पांच प्रमुख रिटेल उत्पादों के अंतर्गत वृद्धि

पांच प्रमुख उत्पादों जिनकी कुल ऋणों में हिस्सेदारी 78.35% है, में वित्त वर्ष, 15 के दौरान कुल रु.4,623 करोड़ (12.67%) की वृद्धि हुई जबकि वित्त वर्ष, 14 के दौरान यह वृद्धि रु.5,899 करोड़ (19.28%) थी.

आवास ऋणः वित्तीय वर्ष, 15 के दौरान कुल वृद्धि रु.2,984 करोड़ (15.26%) दर्ज की गई जब कि वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान यह वृद्धि रु.3,513 करोड़ (21.89%) थी. यद्यपि वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2015 के दौरान रु. 6,335 करोड़ का संवितरण किया गया, जो गत वर्ष इसी अवधि के दौरान 6,372 करोड़ था.

ऑटो ऋणः वित्तीय वर्ष, 15 के दौरान कुल रु. 517 करोड़ (14.19%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल वृद्धि रु.698 करोड़ (23.71%) थी. यद्यपि वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2015 के दौरान रु. 1,796 करोड़ का संवितरण किया गया, जो गत वर्ष इसी अवधि के दौरान 1,778 करोड़ था.

बड़ौदा ट्रेडर्स ऋणः वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल रु.754 करोड (8.96%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल वृद्धि रु.1,215 करोड़ (16.92%) थी.

बड़ौदा मार्गेज ऋणः वित्तीय वर्ष, 15 के दौरान कुल रु.333 करोड़ (-11.76%) की कमी दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान वृद्धि रु. 367 करोड़ (14.73%) थी.

शिक्षा ऋणः वित्तीय वर्ष, 15 के दौरान नयी सीएसआईएस योजना के तहत भारत सरकार से प्राप्त शिक्षा ऋण ब्याज सब्सिडी को समायोजित करने के बाद कुल रु. 36 करोड़ (1.74%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान यह वृद्धि रु.106 करोड़ (5.40%) थी.

रिटेल ऋणों में एनपीए

आपके बैंक के रिटेल ऋणो में 31.03.2015 को गैर निष्पादक आस्तियों का हिस्सा रु. 1,101 करोड़ (2.10%) था. 31 मार्च, 2014 के रिटेल ऋणों में एनपीए का हिस्सा रु. 901 करोड़ था जो कि कुल रिटेल ऋणों का 1.96% था.

मार्च, 2015 के अंत में रिटेल ऋणों में एनपीए 31.03.2014 के स्तर से रु. 200 करोड़ की (22.20%) वृद्धि हुई. वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान यही वृद्धि रु. 232 करोड़ (34.61%) थी.

वित्त वर्ष 2015 के दौरान खुदरा बैंकिंग में नयी पहलें-

- प्रारंभः-
    - **प्रिमियम संस्थानों के छात्रों का बडौदा शिक्षा ऋण** - प्रिमियम संस्थानो के पाठ्यक्रम में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए नयी विशेष शिक्षा ऋण योजना.
    - बड़ौदा आवास ऋण एडवांटेज स्कीम - बचत खाते से संबद्ध बड़ौदा होम लेन.
    - बड़ौदा आवास ऋण सुरक्षा वैयक्तिक ऋण - ग्रुप क्रेडिट जीवन बीमा के तहत बीमा प्रीमियम चुकाने के लिए आवास ऋणकर्ताओं हेतु नयी व्यैक्तिक ऋण योजना.
- बड़ौदा पूर्व अनुमोदित आवास ऋण योजना.
    - संभाव्य ऋणकर्ता को आवास/फ्लैट संपत्ति निर्धारित करने से पहले आवास ऋण का सैद्धांतिक अनुमादन देने हेतु नयी योजना.
    - बड़ौदा सीआरई आवास ऋण - तीसरे घर के लिए आवास ऋण.
- बड़ौदा स्कॉलर के अधीन शिक्षा ऋण योजना में संशोधन. न्यूजीलैंड में पढ़ाई के लिए शिक्षा के मामले में वीसा प्राप्त करने से पहले ऋण संवितरण के संबंध में आस्ट्रेलिया से अलग जहां यह सुविधा पहले से उपलब्ध है.

- दिनांक 1.12.2014 से बड़ौदा ट्रेडर्स ऋण में ब्याज में 1% की कमी की गयी.

अन्य पहलें:-

- आपके बैंक ने -15- नई रिटेल लोन फैक्ट्रियों का शुभारंभ किया.
- खुदरा ऋणों पर हिन्दी में एनीमेशन फिल्में (सीडी) सभी अंचलों को जारी की गई जिससे आवास ऋण और कार ऋणों का प्रचार हो.

धन संपदा प्रबंधन सेवाएं:-

आपका बैंक 2004 से अपने ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं से अलग विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं दे रहा है. जीवन बीमा, गैर जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, म्यूचुअल फंड्स, ऑनलाइन ट्रेडिंग खाता आदि विभिन्न टाई-अप सहयोगियों के माध्यम से दिए जा रहे हैं. बैंक की दो संयुक्त उद्यम कंपनियों एक जीवन बीमा में और दूसरी म्यूचुअल फंड्स कारोबार में बाज़ार में वर्षों से स्थापित हो चुकी हैं. आपका बैंक संयुक्त उद्यमों के उत्पाद तथा अन्य पार्टियों के उत्पाद जिनके साथ टॉप अप व्यवस्था है के उत्पाद भी संवितरित करता है.

बड़ौदा पायोनियर म्यूचुअल फ़ंड कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रमुख, रायपुर को सम्मानित करते हुए श्री पि. श्रीनिवास, कार्यपालक निदेशक, श्री प्रभात अग्रवाल, महाप्रबंधक.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान चालू खाता पोर्टफोलियो में सुधार करने के विचार से मर्चेन्ट संस्थानो में बॉबकाड्‌र्स की पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीने लगाने पर ज़ोर दिया गया. वर्ष के दौरान कुल 3565 नई पीओएस मशीने लगाई गई . इससे नए चालू जमा खाते प्राप्त करने एवं पुराने खातों को अपने साथ रखने में सहायता मिली. पिछले वर्ष के दौरान पॉइंट ऑफ सेल ग्राहकों की संख्या में प्रचुर वृद्धि हुई है.

आपके बैंक ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आस्बा (एएसबीए) सुविधाएं प्रदान की. इसे ग्राहकों से बहुत अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है. इससे बैंक को परिचालनशील खातों में फ्लोट राशि रखने तथा इस सेगमेंट में प्रतियोगी बने रहने, विशेष रूप से जब आईपीओ/ एफ़पीओ/आरआई (राईट-इश्यू) आदि बढ़ रहे हैं, में सहायता मिलती है.

आपके बैंक की जीवन बीमा, गैर जीवन बीमा और म्यूचुअल फंड्स कारोबार आय में पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में पिछले वर्ष स्वस्थ प्रगति हुई है. आपका बैंक और व्यैक्तिकृत सेवाएं देकर ग्राहक आनंद सुनिश्चित करने के प्रतिबद्ध है और इस दिशा में आगे बढेगा.

एमएसएमई कारोबार:-

बैंक और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के लिए इस महत्वपूर्ण सैक्टर के महत्व को समझते हुए विनिर्माण एवं सेवा देने वाली इकाइयों के वित्तपोषण के लिए जिनका क्रमशः प्लांट और मशीनरी एवं ईक्विपमेंट में विनियामक दिशा निर्देशो से अधिक निवेश है और इनका टर्न ओवर 150 करोड़ तक है, इनको बैंक एमएसएमई की तर्ज़ पर वित्तपोषण करने पर विचार करता है. यह आंतरिक रूप से इस 'विस्तृत' सैक्टर पर अग्रतापूर्वक ध्यान देने हेतु विनियामक एमएसएमई उद्यमों की लाइन पर किया जाता है.तथापि विनियामकों को रिपोर्ट करने हेतु आपके बैंक का कार्यनिष्पादन केवल नियामक ऋणदान के लिए देखा जाता है अर्थात वे इकाइयां/ऋणकर्ता जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की परिभाषा को पूरी तरह से पूरा करते हैं.

इस विनियामक श्रेणी में आपके बैंक का कार्यनिष्पादन अर्थव्यवस्था में समग्रता में मंदी के बावजूद भी काफी उत्साहवर्धक रहा है.

एमएसएमई व्यवसाय में वृद्धि:-

जामनगर क्षेत्र में माइक्रो उद्यम सेल का शुभारंभ करते हुए श्री के. वी. रामामूर्ती, कार्यपालक निदेशक.

31 मार्च, 2015 को समाप्त अवधि में एमएसएमई क्षेत्र में कुल बकाया राशि 61,993 करोड़ रही. इन तीन वर्षों में एमएसएमई क्षेत्रों में ऋणों में हुई वृद्धि निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई है:-

वर्ष	वृद्धि(% वर्ष दर वर्ष)
2012-13	30.31%
2013-14	21.21%
2014-15	9.46%

वित्तीय वर्ष, 2015 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:-

- वित्तीय वर्ष 2015 में मंद आर्थिक स्थिति एव बडी कंपनियों की मांग में कमी जो कि एमएसएमई सेगमेन्ट की प्रमुख आपूर्ति कर्ता होती है, के कारण एमएसएमई अग्रिम की वृद्धि पिछले वर्ष अर्थात 2013-14 की तुलना में कम रही. पूर्व के वर्षो में वृद्धि मुख्यतः भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार पुनः वर्गीकरण के कारण अधिक थी.
- मार्च, 2015 की समाप्ति पर एमएसएमई अग्रिम 61,993 करोड़ था जो पिछले वर्ष के एमएसएमई अग्रिम की तुलना में 9.46% वृद्धि दर्शाता है.
- वित्तीय वर्ष 15 में एमएसएमई सैक्टर में 50,300 करोड़ के कुल ऋणों में 31,120 करोड़ का अग्रिम सूक्ष्म उद्यमों को दिया गया जो 61.87% रहा. इस प्रकार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 60% अनिवार्य लक्ष्य को आसानी से पार कर लिया गया.
- 31 मार्च, 2015 को आपके सकल घरेलू ऋण में एमएसएमई अग्रिमों का योगदान 17.27% रहा.
- मार्च, 2015 की समाप्ति तक सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को दिए गए अग्रिम भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य 56,000 करोड़ की तुलना में 55,535 करोड़ तक पहुँच गया है.

वित्त वर्ष 2015 के दौरान अपनाई गई कार्ययोजना/ पहलें:-

1 आपके बैंक ने प्रत्येक क्षेत्र में एवं अग्रणी जिले में एक कक्ष के हिसाब से बड़ौदा माइक्रो इंटरप्राईजेज़ सेल (बीएमई) की स्थापना की. इस प्रकार माइक्रो इंटरप्राईजेज़ के वित्तपोषण पर केंद्रीकृत ध्यान देने में सुविधा के हिसाब से 100 बीएमई सेल खोलने का लक्ष्य है. दि. 31.03.2015 को 80 बीएमई सेल परिचालन में आ गए हैं.

2 20 और 21 जून, 2014 को सभी 52 एसएमई लोन फैक्ट्री प्रमुखों की दो दिन की समीक्षा बैठक स्टाफ कॉलेज, अहमदाबाद में रखी गई. समीक्षा बैठक को हमारे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक निदेशक ने संबोधित किया.

3 आपके बैंक ने 01 जुलाई, 2014 से 15 सितंबर, 2014 तक सीजीटीएमएसई के अंतर्गत पात्र सभी खातों को कवर करने हेतु 'माइक्रो उद्यमों के वित्तपोषण' के लिए विशेष अभियान चलाया जाए.

4 आपके बैंक ने 01 जनवरी, 2015 से 31 मार्च, 2015 तक 'एमएसएमई उत्सव' का आयोजन किया.

5 मुंबई मेट्रो मध्य क्षेत्र, मुज़फ़्फ़रपुर और वर्धमान में एसएमई लोन फैक्ट्री (एसएमईएलएफ़)के खोलने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्राप्त हो गया है. फलस्वरूप मुंबई मेट्रो मध्य क्षेत्र में दि. 10.09.2014 को और 09.03.2015 को मुजफ्फरपुर में एसएमईएलएफ़ खोल दी गई है. वर्धमान में एसएमई लोन फैक्ट्री शीघ्र ही खुलने वाली है.

6 एसएमई कॉर्पोरेट मोड्यूल में लेंडिंग ऑटोमेशन प्रोसेसिंग सिस्टम (लैप्स) सभी एसएमई लोन फैक्ट्रियों में 03.11.2014 से लागू हो गया है जिससे लगने वाले समय में कमी लाई जा सके.

7 आपके बैंक ने सीजीटीएमएसई योजना के अंतर्गत सम्पार्श्विक रहित लेंडिंग पर ध्यान केंद्रित किया है.

8 आपके बैंक ने वर्ष के दौरान बैंक की ब्रांड छवि निर्मित करने के लिए प्रदर्शनियो, सेमीनारों आदि में भाग लिया.

9 एसएमईएलएफ़ की कार्यकुशलता में सुधार लाने हेतु, परिचालन एवं प्रशासनिक दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई एवं उन्हे अद्यतन किया गया.

10 आपके बैंक ने 2014-15 में नई योजनाओं को अनुमोदित किया, वे इस प्रकार हैं:-

- फूटवेयर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रोन्नत 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ लेदर सैक्टर स्कीम' नामक योजना को कार्यान्वित करने के प्रस्ताव को सीपीसी द्वारा अनुमोदित किया गया.
- एनयूएलएम के तहत नई योजना 'ग्रुप इंटर प्राइजेज़/एसएचजी और व्यक्तियों के लिए बड़ौदा स्वरोजगार कार्यक्रम' (पुर्नगठित एसजीएसआरवाई) को सीपीसी ने अनुमोदित किया.
- भरुच क्षेत्र में केमिकल एवं फ़ार्मासियूटिकल इकाइयों के वित्त पोषण के लिए नई योजना.

निम्नलिखित योजनाओं को वित्तीय वर्ष 15 के दौरान नवीकृत किया गया:

- अखिल भारतीय आधार पर, सीपीसी द्वारा अनुमोदित, कृषि आधारित योजना कवरेज में विस्तार हेतु बढ़ी हुई ऋण सीमा के साथ.
- कानपुर में होजियरी इंडस्ट्री इकाइयों के वित्तपोषण हेतु एरिया विशिष्ट योजना.
- पश्चिम बंगाल व सिक्किम क्षेत्र में चाय संसाधक इकाइयों के लिए एरिया विशिष्ट योजना.
- सीपीसी द्वारा अनुमोदित डीएम आर II एवं आगरा क्षेत्र शूज निर्माता इकाइयों के वित्तपोषण के लिए एरिया विशिष्ट योजना.
- राजस्थान अंचल में मार्बल, ग्रेनाइट, सैंड, रेड, कोटा स्टोन की संसाधक इकाइयों के लिए एरिया विशिष्ट वित्तीय सहायता की योजना.
- राजकोट क्षेत्र में ए) रिरोलिंग मिल्स, बी) मशीन टूल्स का विनिर्माण, सी) टेक्सटाइल प्रिंटिंग कार्यकलाप में लगी इकाइयों को वित्तपोषण हेतु क्षेत्र विशिष्ट योजना.
- पंजाब जम्मू कश्मीर क्षेत्र में खेल का सामान, हैंड टूल्स के निर्माण से जुड़ी इकाइयों के वित्तपोषण हेतु क्षेत्र विशिष्ट योजना.
- जोधपुर, अजमेर तथा उदयपुर क्षेत्र में खनिज ग्राइंडिंग मिल्स (बाल मिल्स) के वित्तपोषण हेतु विशेष की योजना.
- देहरादून क्षेत्र में होटल/मोटल्स/रिसोट्स के वित्तपोषण हेतु क्षेत्र विशेष की योजना.
- अखिल भारतीय आधार पर टेक्सटाइल इकाइयों का वित्तपोषण.
- जामनगर क्षेत्र में पीतल का सामान बनाने वाली इकाइयों के वित्तपोषण के लिए क्षेत्र विशिष्ट की योजना.
- वाणिज्यिक वाहन निर्माताओं से नए वाहन खरीदने के लिए रोड ट्रांसपोर्ट आपरेटरों के वित्तपोषण के लिए योजना.
- "बड़ौदा आरोग्यधाम ऋण" नाम की योजना.
- नया वाहन खरीदने के लिए एसएमई ऋणकर्ताओं को वित्तपोषण की योजना.
- लैन्ड एंड बिल्डिंग के पेटे "बड़ौदा ओवरड्राफ्ट" नामक योजना.
- चेन्नै मेट्रो क्षेत्र में आटो मोबाइल और इंजीनियरिंग के वित्तपोषण हेतु क्षेत्र विशिष्ट योजना.
- एनएचएफडीसी द्वारा प्रोन्नत अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए वित्तपोषण की योजना.
- राजकोट क्षेत्र (एनजीजेड) एवं महाराष्ट्र तथा गोवा अंचल में फाउंड्रीज का वित्तपोषण.
- राजकोट एवं अहमदाबाद में सिरामिक टाइल्स/फ्लोर टाइल्स/वाल टाइल्स/विट्रीफाइड टाइल्स/सिरामिक एवं सेनेटरीवेयर इकाइयों के वित्तपोषण की योजना.
- वलसाड़, इन्दौर और बृहन्मुंबई अंचल में प्लास्टिक एवं प्लास्टिक पैकिजिंग इकाइयों का वित्तपोषण.

कुछेक पाकेट्स के लिए उपरोक्तानुसार अनुमोदित क्षेत्र विशिष्ट योजनाओं से जहां इन इकाइयों की संख्या अधिक है अथवा इनसे मिलती जुलती गतिविधि है और कारोबार की संभावनाएं अच्छी हैं इन्होंने अच्छे परिणाम दिए हैं. अग्रणी जिला शाखाओं के द्वारा क्लस्टर विकास किया जा रहा है. इन शाखाओं को आगामी वर्षों में और बड़ी भूमिका निभानी है.

ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग :

जैसा कि आप जानते ही हैं आपका बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं कृषि ऋणों में हमेशा अग्रणी रहा है. यह अपनी 1912 ग्रामीण शाखाओं एवं 1386 अर्द्धशहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण बाजार की संभावनाओं का लाभ उठा रहा है.

वित्त वर्ष, 15 के दौरान भी आपके बैंक ने ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में 250 नई शाखाएं खोलीं.

आपके बैंक को उत्तर-प्रदेश और राजस्थान राज्यों में राज्य स्तरीय बैंकर्स

समिति (एसेलबीसी) के संयोजक होने का गौरव प्राप्त है. आपके बैंक के पास गुजरात (14), राजस्थान (12), उत्तर-प्रदेश (15), उत्तराखण्ड (2), मध्य प्रदेश (2), बिहार (2), एवं दिल्ली (1) राज्यों में 48 जिलों में अग्रणी बैंक दायित्व है.

आपके बैंक ने तीन राज्यों में 1821 शाखाओं के नेटवर्क और मार्च, 2015 के अंत तक रू 37,529.15 करोड़ के कुल व्यवसाय के साथ तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) प्रायोजित किए गए हैं.

वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋणों में कार्यनिष्पादन

आणंद क्षेत्र द्वारा आयोजित महालोन मेला के अवसर पर श्री के.वी.रामामूर्ती, कार्यपालक निदेशक.

आपके बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम मार्च, 2014 के अंत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 93,728.13 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2015 में 1,03,342.67 करोड़ हो गए जो समायोजित बैंक ऋण (एएनबीसी) का 36.40% है जब कि अनिवार्य लक्ष्य 40% का है.

कृषि अग्रिमः वर्ष के दौरान आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों में पिछले वर्ष की तुलना में कुल रु. 4,493.41 करोड़ की वृद्धि हुई. मार्च 2015 के अंत में यह बढ़कर रु.26,610.92 करोड़ हो गई.

आपके बैंक का कुल कृषि ऋण मार्च 2015 की समाप्ति पर 5,730.94 करोड़ की वृद्धि के साथ 37,403.29 करोड़ पर पहुंचा. वर्ष के दौरान कमजोर आर्थिक परिवेश और कम बारीश की स्थिति में यह अच्छा प्रदर्शन है. आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों का मार्च 2015 के अंत में अंश समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 9.37% रहा जबकि अनिवार्य लक्ष्य 13.50% था समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) 13.17% रहे जबकि अनिवार्य लक्ष्य 18% का है.

अपने प्रमुख कृषि उत्पाद "बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड" के अंतर्गत आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष, 2015 में 2.28 लाख क्रेडिट कार्ड जारी कर किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की. आपके बैंक ने किसान समुदाय की सुविधा हेतु 4.12 लाख बड़ौदा किसान रूपे कार्ड, एटीएम समर्थित स्मार्ट कार्ड जारी किए. वित्तीय वर्ष, 15 के दौरान आपके बैंक ने लगभग 3,05,950 नए कृषकों को रू 5,447.29 करोड़ ऋण प्रदान किए गए.

अपने सूक्ष्म वित्तपोषण के नवोन्मेषी उपायों के एक भाग के रूप में आपके बैंक ने ऋण सहबद्ध 7,543 स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय वर्ष 15 के दौरान रु. 101.84 करोड़ की ऋण सहायता प्रदान की जिसके फलस्वरुप स्वयं सहायता समूह ऋण सहबद्धता की कुल संख्या 1.91 लाख तथा बकाया ऋण राशि रु. 1,772.41 करोड़ हो गई.

व्यवसाय एवं सामाजिक पहलें

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 15 के दौरान ग्रामीण और कृषि ऋणों हेतु उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के प्रयोजन से अनेक नवोन्मेषी पहलों की शुरुआत की. इनमें से कुछ निम्नानुसार हैं:

1. कृषि अग्रिमों को बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने विशेष अभियान अर्थात् "ज़ोडे किसान" फसली ऋणों के लिए खरीफ एवं रबी अभियान चलाए जिनमें रु. 1.75 लाख नए किसानों को जोडा गया एवं रु. 2,788 करोड़ संवितरित किए गए. निवेश ऋणों के लिए भी एक और अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत रु. 840 करोड़ का संवितरण किया गया.
2. आपके बैंक ने कृषि ऋणों को बढ़ाने क उद्देश्य से पूरे देश में 446 थ्रस्ट शाखाओं का चयन किया है. इन शाखाओं ने मार्च 2015 के अंत तक बैंक के कुल कृषि अग्रिम 35.95% योगदान दिया है.
3. आपके बैंक ने क्षेत्र विशेष को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं बनाई हैं जो कि स्थानीय कृषक समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरुप पूर्ति करेगी. इसमें ब्याज दर, प्रभार आदि में रियायत आदि विविध सुविधाएं शामिल है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 11 ऐसी योजनाएं अनुमोदित कर कार्यान्वित की गई.
4. आपके बैंक ने बेहतर ग्राहक सेवा एवं बैंक के कृषि अग्रिमों की मात्रा एवं गुणवत्ता में सुधार हेतु कृषि ऋण फैक्ट्रियों की शुरुआत की. ऐसी तीन पायलट फैक्ट्रियों ने गुजरात में मेहसाणा, उ.प्र. में बरेली एवं बिहार में मुजफ्फरपुर में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है.
5. वर्तमान में आपके बैंक के 49 बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस), बड़ौदा आर-सेटी है जो पूरे देश में युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार उद्यम शुरु करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर रहे हैं. वित्तीय वर्ष 15 में 33,309 युवा लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 18,523 ने स्वरोजगार उद्यम स्थापित किया. इन केंद्रों द्वारा प्रशिक्षित 2,25,104 लाभार्थियों में से अभी तक 1,39,052 ने अपने स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर लिए हैं.
6. आपके बैंक ने पूरे देश में 49 वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) स्थापित किए हैं जिन्हें 'सारथी' नाम दिया गया है. ये केंद्र जरुरतमंद लोगों को वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सके और साथ ही वित्तीय संकट में जूझते लोगों को परामर्श सुविधाएं प्रदान कर सके. आपके बैंक ने इन केंद्रों को बीएसवीएस ट्रस्ट के संरक्षण में खोला है और इन केंद्रों द्वारा संबंधित लोगों को निःशुल्क परामर्श सेवाएं दी जा रही है.

बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

वर्तमान में आपके बैंक द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं-

- बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, रायबरेली
- बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, अजमेर
- बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, भरूच

इन तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैकों का कुल व्यवसाय मार्च, 2014 के अंत के 33,169.55 करोड रूपये से बढ़कर मार्च 2015 के अंत में 37,529.15 करोड हो गया इस प्रकार इसमें 13.14% की वृद्धि दर्ज हुई.

इन तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वर्ष 15 के दौरान रू. 347.91 करोड का शुद्ध लाभ अर्जित किया जब कि वर्ष 2014 के दौरान शुद्ध लाभ 289.40 करोड रू. था.

इन सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समग्र शुद्ध मालियत मार्च 2014 के अंत के रु. 1,523.82 करोड से सुधर कर मार्च, 2015 के अंत में रु. 1,871.73 करोड हो गई और "आरक्षित निधियां तथा अधिशेष" मार्च, 2015 के अंत के रु. 1,066.92 करोड रूपए से बढ़ कर मार्च, 2015 के अंत में रु. 1,414.83 करोड हो गया.

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान अ.जा./ अ.ज.जा. को अग्रिम

आपके बैंक द्वारा अ.जा/अ.ज.जा समुदाय को दिया जाने वाला बकाया अग्रिम साल-दर-साल तेजी से बढ़ रहा है. यह इस तथ्य को दर्शाता है कि इन लाभार्थियों को मार्च, 2014 के अंत तक दिया गया 4,810 करोड़ रु. अग्रिम मार्च, 2015 के अंत तक 4,997 करोड़ रु. हो गया. वास्तव में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने कुल अग्रिमों के अंश का 22.20% कमजोर तबके को प्रदान किया. इसके अलावा आपके बैंक ने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एनआरएलएम), स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाय), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) आदि के अंतर्गत अ.जा/अ.ज.जा को वित्तपोषित करने के लिए एक विशेष ट्रस्ट भी बनाया है.

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान भी प्रशिक्षणार्थियों के चयन में अ.जा/अ.ज.जा समुदाय को वरीयता प्रदान करता है. हम सहर्ष अवगत कराते हैं कि अभी तक यह केंद्र 15,801 युवाओं को अ.जा/अ.ज.जा श्रेणी में प्रशिक्षित कर चुके हैं.

वित्तीय समावेशन के लिए बैंक के प्रतिबद्ध प्रयास

वित्तीय समावेशन अल्प आय तक वंचित वर्ग के व्यापक जन समुदाय को औचित्यपूर्ण दूरी के भीतर वहन करने योग्य लागत पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है. वित्तीय समावेशन योजना का उेश्य समाज के वर्गों तक वित्तीय सेवाओं को वहन करने योग्य लागत पर सहज पहुंच बनाना है. जो कि अब तक इनसे वंचित थे ताकि उन्हें वित्तीय क्षेत्र की मुख्य धारा में लाया जा सके. वित्तीय समावेशन कार्यान्वयन आपके बैंक के लिए कोई नई धारणा नहीं है. आपके बैंक द्वारा अपनी स्थापना से ही वित्तीय समावेशन संबंधी गतिविधियां सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों, निर्धनतम व्यक्तियों को ऋण प्रदान कर अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध करवा कर, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत ऋणदान आदि के माध्यम से संचालित की जा रही है. तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष, 2005 में वित्तीय समावेशन की धारणा को मूर्त रुप प्रदान किया गया जब उनके द्वारा व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) चैनल के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी गई. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष, 2010 में सभी वाणिज्यिक बैंकों को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत ग्रामीण बैंक रहित क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदित योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए.

नई दिल्ली में वित्तीय समावेशन कियोस्क का शुभारंभ करते हुए श्री बी.बी.जोशी, कार्यपालक निदेशक.

भारत सरकार की अपेक्षाओं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुरुप आपके बैंक ने वर्ष 2010-11 से प्रभावी तीन वर्ष की अवधि की वित्तीय समावेशन योजना (एफआयपी) लागू करने के लिए अनुमोदित कर दी है. योजना के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के अंतर्गत विभिन्न प्रौद्योगिकी आधारित नवोन्मेषी प्रयासों/तरीकों का उपयोग करने 20,000 गावों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके पश्चात वित्त मंत्रालय तथा भारतीय रिज़र्व बैंक ने आपके बैंक को सूचित किया कि मार्च, 2012 तक ऐसे सभी गांवों को शामिल करे जिनकी आबादी 2000 से अधिक है. तद्नुसार, आपके बैंक को 2855 गांव आबंटित किए गए जिन्हें निर्धारित समयावधि में इसमें शामिल कर लिया गया है.

उसके बाद, भारतीय रिजर्व बैंक के सभी बैंकों को सूचित किया कि वे तीन वर्षों अर्थात 2013-14 से 2015-16 तक बैंक विशेष के सेवा शेष के अंदर सभी गांवो को बैंकिंग सुविधाएं मुहैय्या कराएं. तदनुसार आपके बैंक के निदेशक मंडल ने ३ वर्षों अर्थात मार्च, 2016 तक कवर किए जाने वाले सभी 21,526 सेवा क्षेत्र गांवों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के वित्तीय समावेशन प्लान (एफआईपी) अनुमोदित किए. निदेशक मंडल के अनुमोदित एफआईपी के अनुसार सेवा क्षेत्र गांवों को कवर करने के लिए वर्ष 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 के लिए लक्ष्य क्रमशः 11124, 16324 तथा 21526 था. आपके बैंक ने पर्याप्त समय से ही कवर किए जाने वाले गावों के वार्षिक लक्ष्य को हासिल कर लिया. मार्च, 2014 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एफआईपी के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों के सभी पैरामीटर्स को प्राप्त कर लिया.

वित्तीय समावेशन के लिए आपके बैंक द्वारा अपनाए गए मॉडल

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैक़िंग सेवाएं प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने जो विभिन्न मॉडल अपनाए हैं, वे इस प्रकार हैंः

ए) आईसीटी (सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी) आधारित बीसी मॉडल.

1. पी ओ एस (पाइंट ऑफ सेल/सर्विस)
2. कियोस्क

बी) मोबाइल वैन

सी) ब्रिक एवं मोर्टार शाखाएं

ए) सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित व्यवसाय प्रतिनिधि मॉडलः

1. पीओएस आधारित बीसी मॉडल

वित्तीय समावेशन के लिए यह सॉल्यूसन स्मार्ट कार्ड आधारित प्रौद्यैगिकी के साथ एप्लीकेशन सेवा प्रदाता (एएसपी) मॉडल पर आधारित है. इस मॉडल के अंतर्गत व्यवसाय प्रतिनिधि, सेवा प्रदाता के माध्यम सए बैंकों द्वारा नियुक्त किए जाते हैं. उनको प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) डिवाइस प्रदान किया जाता है. जिसका प्रयोग करके वे स्मार्ट कार्ड धारकों के घर पर लेन-देन करते है. ग्राहक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए अपने स्मार्ट कार्ड का प्रयोग करके अपने खातों का संचालन कर सकता है. इस पद्धति में बीसी द्वारा किए गए सभी लेनदेन बैंक के सीबीएस में तत्काल आधार पर ऑनलाइन निबटाये जाते हैं. फील्ड में लगाई गई पीओएस डिवाइस, स्मार्ट कार्ड एकाउंट नंबर (कार्ड रहित) तथा अधार नंबर (एईपीएस लेन-देन) के आधार पर सभी संव्यवहार करने में सक्षम है. व्यवसाय प्रतिनिधि बीसी उसको आबंटित गांव में निर्धारित दिवस तथा समय पर जाते हैं और वहां के निवासियों को देहलीज पर सेवा प्रदान करते हैं.

2. कियोस्क बीसी माडल

यह वेब आधारित एप्लिकेशन है तथा इसे प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा उनके लैपटाप या डेस्कटाप पर इंटर कनेक्टिविटी के जरिए एक्सेस किया जा सकता है. यह एक कार्ड लेस साल्यूशन है. खाता धारक खाता संख्या साथ आधार संरचना से खाते का संचालन कर सकता है. कियोस्क वेब आधारित कनेक्टिविटी के माध्यम से आपके सीबीएस से कियोस्क आपरेटर के लैपटाप/डेस्कटाप से कनेक्ट रहता है लेन देनों को बायो मैट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से ऑनलाइन रीयल टाइम आधार पर

प्रोसेस किया जाता है. सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इण्डिया लिमिटेड़, एफआईए टेकनालॉजी सर्विसेज प्रा. लिमिटेड़ एनआइसीटी वक्रांगी और जिओसंसार को बैंक को आवंटित गावों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने तथा शहरी वित्तीय समावेशन के लिए कार्पोरेट बी.सी. नियुक्त किया गया है.

बी) मोबाइल वैन

आवश्यकतानुसार वैन को बैंकिंग कार्यकलाप के प्रयोजन हेतु खास रुप में तैयार किया गया है. वैन का बाहरी हिस्सा बैंक के विज्ञापनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सूचनाओं तथा उत्पादों से कवर किया जाता है. इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में आपके बैंक के लिए यह एक विज्ञापन मीडिया भी है. वैन में सीबीएस को एक्सैस करने के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर तथा कनेक्टीविटी गांव में बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिए बैंक स्टाफ भी वैन में रहता है. वैन पूर्व निधारित दिन तथा समय पर मौजूदा शाखाओं के निकट ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए गांवों में घूमती हैं. बैंकिंग सेवाएं सप्ताह के किसी निश्चित दिन ही प्रदान की जाती है. फिलहाल उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, बिहार एवं गोवा राज्य के 258 गावों में वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए 20 मोबाइल वैन लगाई हैं.

सी) ब्रिक एवं मोर्टार शाखा

ब्रिक एवं मोर्टार शाखाएं तुलनात्मक रुप से संभाव्यता तथा व्यवहार्यता वाले बड़े गावों में खोली जाती है. ऐसे केंद्र बैंक के शाखा विस्तार योजना को अंतिम रुप देने के दौरान निर्धारित किए जाते है. बैंक की 1912 ग्रामीण शाखाएं हैं. वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपके बैंक ने 351 नई शाखाएं (140 ग्रामीण) खोलीं.

शहरी वित्तीय समावेशन

ग्रामीण व्यक्ति वित्तीय समावेशन प्रयासों का मुख्य केंद्र रहे हैं क्योंकि गांवों का अधिकांश भाग अभी भी बैंकिंग रहित है. गांव तथा दूर दराज के क्षेत्रों में रह रहे व्यक्ति के अलावा शहरी गरीब व्यक्ति अभी भी सामान्य वित्तीय उत्पादों तथा सेवाओं जैसे बचत, ऋण, रेमिटेंस तथा बीमा तक नहीं पहुंच पाए हैं और अपने निजी स्वास्थ्य तथा जीविका संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरे साधन अपनाने को मजबूर हैं, उनमें से बहुत से प्रवासी मजदूर खोमचेवाले तथा झोपड़पट्‌टी वाले मजदूर होते हैं जो रोजी रोटी की तलाश में अपना गांव छोड़ देते है. भारत सरकार ने जन-धन योजना अभियान को सभी राज्यों में प्रथम चरण पूरा कर लिया है. आपके बैंक ने पूरे देश में विभिन्न केन्द्रों पर 2,355 बीसी तैनात किए गए हैं. ताकि इन असुरक्षा वाले समूहों को वित्तीय प्रणाली के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके.

वित्तीय समावेशन के तहत प्रस्तुत उत्पाद

1. **अंतर्निहित ओडी सुविधा सहित बेसिक बचत बैंक जमा खाता**

   भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार यह उत्पाद विशेष रुप से आसान के वाय सी मानदंडों के साथ वित्तीय समावेशन वाले गावों के व्यक्तियों हेतु बनाया गया है. यह खाता बिना कोई राशि जमा किए खोला जा सकता है इस पर कोई दंड नहीं लगता और व्यवसाय प्रतिनिधि माध्यम से खोला/संचालित किया जाएगा. इस योजना के अंतर्गत रु. 5,000/- तक की ओवरड्रॉफ्ट सुविधा पूर्ववर्ती 6 महीने के दौरान खाते के संतोषजनक परिचालन पर उपलब्ध है.

2. **आवर्ती जमा खाता**

   वर्तमान में आवर्ती जमा खाता वित्तीय समावेशन खाताधारक को आपके बैंक की शाखाओं के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है. इस उत्पाद में परिपक्वता पर खाताधारक को एक मुश्त राशि प्रदान की जाती है. आपके बैंक के बीसी के माध्यम से इस उत्पाद को देने का कार्य प्रक्रियाधीन है.

3. **बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड (बीकेसीसी)**

   यह उत्पाद किसानों के लिए है जो उनकी आवश्यकताओं जैसे उत्पादन ऋण, निवेश ऋण, पर्सनल ऋण आवश्यकताओं और उपभोग आवश्यकताओं को कवर करता है. यह ऋण सीमा का उपयोग करने में फ्लैक्सीबल है यथा वह वर्ष के दौरान अपनी आवश्यकतानुसार ऋण सीमा का उपयोग कर सकता है.

4. **बड़ौदा जनरल क्रेडिट कार्ड (बीजीसीसी)**

   आपके बैंक की शाखाओं के माध्यम से बीजीसीसी कार्यान्वित किया गया है. इस योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा प्रदान की जाती है. जिसके अंतर्गत उद्यमी की कार्यकारी पूंजी तथी मीयादी ऋण आवश्यकताएं शामिल है.

5. **बड़ौदा स्वाभिमान सुरक्षा (कम प्रीमियम वाला)**

   आपके बैंक ने इंडिया-फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ समन्वय करके वित्तीय समावेशन ग्राहकों के लिए कम प्रीमियम वाला एक जीवन बीमा उत्पाद भी शुरु किया है. यह ग्राहकों को पांच वर्ष की अवधि हेतु 20.88 प्रति हजार के सिंगल प्रीमियम पर रु. 5,000/- से रु. 50,000 तक का कवर लेने की आसान सुविधा देता है.

वित्त वर्ष 2015 में वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंक कार्यनिष्पादन की विशेषताएं

- **आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन प्लान 2016 में दिए गए सभी लक्ष्यों को दिसंबर 2014 में ही प्राप्त कर लिया है.**
- आपके बैंक ने 16324 गावों के लक्ष्य के समक्ष 22030 गावों को कवर किया.
- आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2014-15 में 78.82 लाख खातों के लक्ष्य के समक्ष 163.33 लाख "बेसिक बचत खाता जमा खाता" खोलें.
- बैंक ने बी.सी. के माध्यम से 52.05 लाख खाते खोले जबकि वित्त वर्ष 2015 में बीसी के माध्यम से खाता खोलने का लक्ष्य 18.82 लाख था.
- आपके बैंक में "बेसिक बचत जमा खाता" में रू 2109.48 करोड़ के समक्ष वित्त वर्ष 2015 में रू 3458 करोड़ की राशि शेष है.
- आपके बैंक ने वित्त वर्ष २०१५ में "बेसिक बचत जमा खाता" में रू 9.11 करोड़ की ओवरड्राफ्ट के समक्ष रू 16.46 करोड़ की राशि स्वीकृत की.
- आपके बैंक को 2000 से अधिक जनसंख्या वाले गावों में 2644 अति लघु शाखाएं हैं.
- वित्त वर्ष 2014-15 में आपके बैंक ने 500 कियोस्क के समक्ष 2355 कियोस्क खोले.

वित्तीय साक्षरता- सफल वित्तीय समावेशन का मूल सिद्धांत

वित्तीय समावेशन का वांछित उेशय केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब बैंक गांवों से सही प्रतिक्रिया प्राप्त करने में समर्थ हो. ग्रामीणों से प्रतिक्रिया लेने के उेश्य से बैंक को उन्हें विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं और इनके लाभ की जानकारी देने की आवश्यकता है. विशेष रूप से बचत, आधार सीडिंग, कम से कम शेष रखने ओवरड्राफ्ट पाने की पात्रता रूपे कार्ड का प्रयोग एवं संभालकर रखना. यूएसएसडी सुविधा, दुर्घटना एवं जीवन बीमा प्राप्त करने की पात्रता, जीसीसी, तत्परता से ऋणों का भुगतान, अन्य खुदरा ऋण एवं एसएमई ऋणों की उपलब्धता के बारे में सिक्षित किया जाना चाहिए. दूसरे शब्दों में, वित्तीय साक्षरता किसी बैंक की वित्तीय समावेशन पहल की सफलता के लिए कारक होगी. इसलिए वित्तीय समावेशन के सभी घटकों को प्रत्येक दूसरे के साथ बांड विकसित करने की आवश्यकता है जो केवल बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिए ही नहीं, बल्कि जहां भी कोई बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रहा है, वित्तीय साक्षरता के माध्यम

से जनसंख्या के बीच बैंकिंग और बैंकिंग उत्पादों की बड़ी जागरुकता पैदा की जा सकती. आपके बैंक की लिंक शाखाएं उनके सेवा क्षेत्र में गावों एवं स्कूलों में बैठक कर वित्तीय साक्षरता अभियान चला रही हैं. मानकीकृत वित्तीय साक्षरता सामग्री जैसे कॉमिक बुकलेट, ऑडियो विजुअल का प्रयोग वित्तीय साक्षरता के प्रचार के लिए किया जाता है अब तक 48.199 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है.

आपके बैंक ने देश के ग्रामीण हिस्से में वित्तीय साक्षरता की दिशा में निम्नलिखित मुख्य पहलें की हैं:

1. बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान 2003 में बैंक द्वारा बनाया गया एक ट्रस्ट है जो ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में रोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देने और उनका उद्यम स्थापित करने में मदद कर रहा है. आपके बैंक ने पूरे देश में 49 ऐसे केंद्र स्थापित किए है जिन्होंने कलेंडर वर्ष 2015 के दौरान 1055 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें 29,245 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया. वर्ष के दौरान 28249 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक अपने उद्यम स्थापित कर लिए हैं. प्रशिक्षणार्थी तथा व्यवसाय स्थापित करने वालों का सेटलमेंट अनुपात 49.81% था.
2. पूरे देश में लगभग 49 वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) 'सारथी' कार्यरत हैं. इन वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्रों के प्रारंभ से लगभग 2,02.128 व्यक्तियों ने इन केंद्रों पर परामर्श हेतु आए हैं और 1,65,681 प्रकरणों में, मामले सुलझाए गए हैं
3. लगभग 52 बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में मूल्यवर्द्धित सेवाओं और विकास गतिविधियों हेतु वित्तीय शिक्षा, ऋण परामर्श, तकनीकी मामलों पर सूचना सांझा करने एवं परेशानी हल करने, अन्य संगठनों के साथ संयोजन एवं संपर्क की सुविधा दे रहे हैं.
4. मोबाइल माइक्रो फाइनेंस लोन फैक्ट्री एसएचजी- बैंक लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत एसएचओ को उनकी दहलीज पर ऋण एवं बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने, अधिकतम चार दिन में परेशानी मुक्त और शीघ्र ऋण डिलीवरी सुनिश्चित करने एवं एसएचजी को सहूलियत से ऋण देने के उेश्य से स्थापित की गई है.
5. "बीवायएसटी बॉब उद्यम-वृत्ति उद्यमी विकास कार्यक्रम" (बीवायएसटी) ऋण, व्यवसाय सलाहकार, प्रशिक्षण और नेटवर्किंग एवं मार्केटिंग के रुप में गैर लाभांवित युवा सक्रिय माइक्रो - उद्यमी को प्रारंभ से अंत तक सहायता उपलब्ध कराता है.

प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई)

प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत कायनिष्पादन हेतु श्री नागेश कुमार श्रीवास्तव, अंचल प्रमुख(म. प्र. एवं छत्तीसगढ़) को सम्मानित करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान.

माननीय प्रधानमंत्री जी ने वित्तीय समावेशन के तहत स्वतंत्रता दिवस अर्थात 15 अगस्त 2014 के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए एक नई योजना की घोषणा की जिसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के नाम से जाना जाता है. जिसका शुभारंभ औपचारिक रूप से 28 अगस्त 2014 को किया गया है. प्रधानमंत्री जन-धन योजना एक विस्तृत वित्तीय समावेशन योजना है जिसका दायरा बढ़ाकर इसे और अधिक उपयोगी बनाया गया है. वित्तीय समावेशन के लिए यह राष्टीय मिशन है. प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत 6 केन्द्रित पहलें हैं. इसमें प्रत्येक की समय-सीमा निर्धारित की गई है. यह एक मिशन मोड परियोजना है जिसे दो चरणों में पूरा किया जाता है. इसका शुभारंभ 15 अगस्त, 2014 से लेकर 14 अगस्त, 2018 में पूरा होना है.

प्रधानमंत्री जन-धन योजना विकास दर्शन "सबका साथ - सबका विकास" के मूल में निहित है. प्रत्येक देशवासी जिसका बैंक खाता हो वह बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं के लिए पहुंच बना सकेगा यह उन्हें अपनी राशियों को बेहतर ढंग से सुरक्षित रखने में सक्षम बनाएगा तथा उन्हें औपचारिक स्रोतों से धन जुटाने की आदत से बाहर लाएगा.

प्रथम चरण के रूप में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत जो खाता खोलेगा उसे रूपे डेबिट कार्ड मिलेगा तथा वह रू 1 लाख के दुर्घटना बीमा हेतु पात्र होगा. खातों के संतोषजनक संचालन के बाद उन्हें रू 5000/- के ओवरड्राफ्ट की सुविधा मिलेगी. इसी क्रम में जिन्होंने 15.08.2014 से 26.01.2015 के बीच खाता खोला है उन्हें भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से परिवार के 1 सदस्य को रू 30,000/- का अतिरिक्त बीमा कवर प्राप्त होगा. वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के अतिरिक्त दूसरे बीमा और पेंशन उत्पाद जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना खाता धारकों को उपलब्ध कराई गई है.

पीएमजेडीवाई के तहत पहलें:

- आपके बैंक को राज्य स्तरीय बैंकर समितियों द्वारा पूरे देश में 6,829 एसएसए आवंटित किए गए थे जिसके अंतर्गत 22,030 गावों का समावेश था. आपके बैंक ने सेवा क्षेत्र के सभी घरों तक पहुंच पूरी कर ली. बैंक ने आवंटित गावों और वार्डों का सफलतापूर्वक सर्वेक्षण पूरा करने के बाद 79.53 लाख बेसिक बचत जमा खाते खोले.
- 31.05.2015 को आपके बैंक ने 1,101 करोड़ की राशि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के खातों में संगृहित की प्रति निधिकृत खाते की राशि 2,558/- है.
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना में सभी बैंकों द्वारा खोले गए कुल खातों में हमारे बैंक का हिस्सा 5.7% है और संग्रहीत राशि 7.86% है.
- बैंक ने 31.03.2015 तक खाता धारकों को 77.42 लाख रूपे कार्ड जारी किए गए हैं.
- पूरे देश में आपके बैंक ने 8,751 व्यावसाय प्रतिनिधि (बीसी) नियुक्त किए हैं इसमें से 2,355 को शहरी केन्द्रों पर नियुक्त किया गया है.
- आपके बैंक की शाखाओं द्वारा खाते खोलने, वित्तीय साक्षरता सत्र संचालित करने, वित्तीय साक्षरता से सम्बद्ध सामग्री वितरित करने, पास बुक तथा रूपे डेबिट कार्ड वितरित करने आदि के लिए 48199 शिविर आयोजित किए गए.
- आपका बैंक वित्तीय समावेशन के तहत खातेदारों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान कर रहा है.
- आपके बैंक ने इंडिया फर्स्ट इंश्योरेंस कंम्पनी के माध्यम से किफायती/ सहजता से वहनीय प्रीमियम दरों पर माइक्रो बीमा सुविधा प्रारम्भ की है, इसमें प्रीमियम राशि ग्राहकों द्वारा वहन की जाती है.

- आधार कार्ड पर आधारित खाते खोलने के लिए शाखाओं तथा बीसी केन्द्रों पर ई- केवायसी को कार्यान्वित किया है.
- आपके बैंक ने बीसी केन्द्रों पर आधार इनेबल भुगतान सुविधा प्रारम्भ की है.
- बैंक ने बेसिक मोबाइल हैंडसेटों पर मोबाइल बैंकिंग संव्यवहारों के लिए यूएसएसडी सुविधा को कार्यान्वित किया है. यूएसएसडी सुविधा के अंतर्गत शेष राशि, धन अंतरण, मिनी स्टेटमेंट, आधार लिंक बैंक खाते की जानकारी प्राप्त करने जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं.
- मानकीकृत वित्तीय साक्षरता सामग्री के रूप में अंचलों, क्षेत्रों तथा शाखाओं को ऑडियो विज़ुअल उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वित्तीय साक्षरता में तेजी आ सके.
- आपके बैंक ने क्षेत्रीय/ जिला स्तरों पर व्यावसायिक संवाददाताओं (बीसी) के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए हैं.
- आपके बैंक द्वारा परस्पर बेहतर समन्वय तथा यथास्थल समस्याओं के निवारण के लिए व्यावसायिक सेवादाताओं तथा शाखा प्रमुखों के लिए संयुक्त कार्यशालाओं का आयोजन किया गया.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

वर्ष 2014 में वैश्विक वृद्धि पिछले कई वर्षों से चल रहे असंतोषजनक कार्यनिष्पादन के चलते अपेक्षाकृत कम रही. वर्ष 2014 में वृद्धि दर 2.6% रही जबकि 2013 में यह 2.5% थी. श्रम मार्केट में सुधार तथा वित्तीय नीति की अनुकूलता के चलते संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यू.के. की स्थितियों में सुधार हुआ है. यूरो क्षेत्र तथा जापान में वित्तीय संकट लम्बा चलने तथा ढांचागत कठिनाइयों के चलते सुधार की गति असामान्य रही. दूसरी ओर चीन में धीमी गति पर निगरानी रखी जा रही है.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन हेतु व्यावसायिक नीति निर्देश 2014-15 को मुंबई में सर्वोच्च प्रबंधन टीम के साथ श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक.

आपका बैंक इस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है तथा अंतर्राट्रीय बैंकिंग परिदृश्य पर निरन्तर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है. विदेशी शाखाओं तथा अनुषंगियों में व्यवसाय वृद्धि में निरंतरता बनी हुई है. ग्राहक संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं . आपके बैंक ने तंजानिया तथा केन्या में अपनी अनुषंगियों की एक अतिरिक्त शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति में और विस्तार किया है.

व्यवसाय एवं लाभ कार्यनिष्पादन

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान बैंक की विदेशी शाखाओं में कुल वृद्धि (जमा + निवल अग्रिम) 7.88% रही. ग्राहकों की जमाओं में वृद्धि 2.35% रही. कुल जमाओं में वृद्धि 7.08% तथा निवल अग्रिमों में वृद्धि 9.10% रही. वित्त वर्ष - 15 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों ने बैंक के वैश्विक व्यवसाय में 32.47% का महत्वपूर्ण योगदान दिया.

कुल आस्तियां

वित्त वर्ष 15 में बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन की कुल आस्तियों में 8.02% की वृद्धि दर्ज की गई अर्थात इनमें वर्ष 2014 की तुलना में रु. 18,565 करोड़ की वृद्धि हुई.

लाभ

अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों के लिए यह वर्ष समेकन का वर्ष रहा. वैश्विक स्तर पर धीमी प्रगति तथा मार्जिन बनाए रखने के दबाव के बावजूद आपका बैंक वित्तीय वर्ष 15 का सकल लाभ लगभग पिछले वर्ष के स्तर पर बनाए रखने में कामयाब रहा. सकल लाभ में मार्च 14 की तुलना में 1.17% वृद्धि लगभग सामान्य रही. ऐसा हमारी विदेशी शाखाओं द्वारा स्वयं को बदले हुए परिवेश के अनुरूप ढ़ालने तथा स्वयं आगे बढ़कर प्रभावी प्रयास करने से संभव हो पाया है. तथापि एनपीए तथा करों के लिए अधिक प्रावधान के कारण शुद्ध लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में 40.66% की नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई. बैंक के वैश्विक शुद्ध लाभ में अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों का योगदान 20.15% रहा.

आस्ति गुणवत्ता

विद्यमान बैंकिंग परिवेश में आस्ति गुणवत्ता का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है. आपके बैंक ने विदेशी (ओवरसीज़) केन्द्रों पर प्रभावी ऋण निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए हैं. बैंक ऋण जोखिम को चिह्नित करने, इसकी गणना करने, मॉनीटर करने हेतु केंद्रीकृत प्रयास कर रहा है.

वैश्विक स्तर पर धीमी प्रगति के चलते विश्व की अनेक अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं. इससे बैंक की आस्ति गुणवत्ता पर दबाव बढ़ा है. आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ऋण निगरानी तकनीकों को और बेहतर बनाया है.

शुद्ध अग्रिमों में पिछले वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 15 के दौरान 9.10% की वृद्धि हुई है. आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं. फलस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों के सकल अग्रिमों में शुद्ध अग्रिमों का प्रतिशत मार्च 15 तक 1.70% रहा. इस प्रकार मार्च 14 के स्तर से 1.57% की वृद्धि दर्शाता है.

अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति

आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति 24 देशों में अपनी 104 शाखाओं/कार्यालयों के साथ इस प्रकार हैः

बैंक की ओवरसीज़ शाखाएं/ कार्यालय	60
बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय	1
बैंक की विदेशी अनुषंगियों की शाखाएं	43
कुल	104

बैंक के निम्नलिखित संयुक्त उपक्रम / सहयोगी इकाइयां भी हैं -

1. इंडो जाम्बिया बैंक लि. की 27 शाखाएं
2. इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी मलेशिया की एक शाखा

फ़िज़ी के माननीय प्रधानमंत्री से प्रधानमंत्री एक्सपोर्टर ऑफ़ द इयर अवार्ड प्राप्त करते हुए बैंक का फ़िज़ी परिचालन.

ओवरसीज़ विस्तार

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान आपके बैंक ने ओवरसीज़ अनुषंगियों की दो नई शाखाएं मेरू, केन्या तथा मवंजा, तंजानियां में खोलीं.

भावी योजनाएं

बैंक की उन देशों में जहां उसकी पहले से शाखाएं हैं, महत्वपूर्ण केन्द्रों पर शाखाएं खोलने की योजना है. बैंक की उन नए देशों जहां व्यवसाय में लाभदायक वृद्धि के अवसर हैं, में भी प्रवेश की योजना है.

बैंक की यूएई, केन्या, युगान्डा, बोत्सवाना, घाना तथा न्यूज़ीलैंड में अपने मौजूदा नेटवर्क को और बढ़ाने की योजना है.

बैंक को ओवरसीज़ विस्तार पर भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी विभिन्न दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही विचार किया जाता है.

सिंडिकेशन सेंटर

वैश्विक वित्तीय बाजार में सामूहिक ऋण, वित्त पोषण का अत्यंत महत्वपूर्ण संसाधन बन गया है. आपके बैंक का लंदन में ग्लोबल सिंडिकेशन सेंटर तथा दुबई और सिंगापुर में रीज़नल सिंडिकेशन सेंटर स्थित हैं जो कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सिंडिकेशन ऋणों के व्यवसाय पर ध्यान केन्द्रित करता है. आपके बैंक ने कार्पोरेट कार्यालय, मुम्बई में एक अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट बैंकिंग कक्ष (आईएमबीसी) स्थापित किया है जो मुख्य रूप से भारतीय कार्पोरेट्स की जरूरतों को पूरा करता है तथा भारतीय कार्पोरेट्स से जिन्हें विदेशी मुद्रा संसाधनों की आवश्यकता है, व्यवसाय अर्जित करने के लिए रीज़नल सिंडिकेशन सेंटर को सहयोग प्रदान करता है.

उत्पाद एवं सेवाएं

विश्व के 24 विभिन्न देशों में परिचालन करते हुए आपके बैंक ने प्रत्येक देश की स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पाद और सेवाएं तैयार एवं विकसित की है. आपका बैंक अंतर्राष्ट्रीय बाजार की व्यवसायगत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपने उत्कृष्ट उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान कर रहा है.

आपके बैंक में अपनी सभी ओवरसीज शाखाओं और अनुषंगियों के लिए सिंगल कोर सॉल्यूशन की सुविधा उपलब्ध है जो नए उत्पादों और सेवाओं के अनुरूप है और इसमें परिचालन वाले देश के ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप आशोधन /सुधार की समुचित व्यवस्था है.

प्रौद्योगिकी

- 31 मार्च, 2015 को समाप्त अवधि में विदेशी कार्यालयों एवं अनुषंगियों में एटीएम की संख्या बढ़कर 96 (56 ऑनसाइट एवं 40 ऑफसाइट) हो गई है. जो 31 मार्च, 2014 को 91 (54 ऑनसाइट एवं 37 ऑफसाइट) थी.
- डेबिट कार्ड/ एटीएम कार्ड जारी करने का कार्य 11 विदेशी टेरीटरीज/ अनुषंगियों में कार्यान्वित किया गया है. जिनमें से 4 टेरीटरीज / अनुषंगियों ने ग्लोबल पेमेंट टेक्नोलॉजी कंपनी 'मै. वीसा' के साथ टाई-अप की व्यवस्था की हुई है. इसी क्रम में केन्या अनुषंगी को वीजा के लिए प्राधिकृत कर दिया गया है और ओमान टेरीटरीज, गयाना तथा युगांडा में वीसा प्राधिकृत करने का कार्य प्रगति पर है.
- कई टेरीटरी/अनुषंगियां चिप आधारित डेबिट कार्ड सुविधा की ओर बढ रही हैं. यूएई टेरीटरी में इवीएम (चीप कार्ड) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. ओमान, मॉरिशस एवं न्यूज़ीलैंड में यह कार्य प्रगति पर है.
- इंटरनेट बैंकिंग (बड़ौदा कनेक्ट) 16 विदेशी टेरीटरीज/ अनुषंगियों में कार्यान्वित की गई है. यथा 1. यू.ए.ई. 2. यूनाइटेड किंगडम 3. ओमान 4. मॉरीशस 5. फिज़ी 6. सैशल्स 7. आस्ट्रेलिया (व्यू) 8. केन्या 9. यूगांडा 10. बोत्सवाना 11. न्यूज़ीलैंड 12. घाना 13. तंजानियां (व्यू बेस्ड) 14. यू.एस.ए. (व्यू बेस्ड) 15. गुयाना 16. त्रिनिदाद एवं टोबेगो टेरीटरी. गुयाना तथा टोबेगो टेरीटरी में इंटरनेट बैंकिंग को समीक्षा वर्ष के दौरान लाइव किया गया.
- न्यूज़ीलैंड, यू.ए.ई, यू.के, युगांडा तथा केन्या की इंटरनेट बैंकिंग में फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन (2एफए) कार्यान्वित कर दिया गया है तथा ई-बैंकिंग स्मार्ट फोन इन टेरीटरीज/ अनुषंगियों के लिए इनेबल कर दिया गया है. बोत्सवाना, फिज़ी, ओमान, मॉरीशस, सैशल्स तथा घाना टेरीटरीज / अनुषंगियों में एफएमएस कार्यान्वयन प्रगति पर है.
- चेक ट्रंकेशन व ऑटोमैटेड क्लीयरिंग हाउस को बोत्सवाना में कार्यान्वित कर दिया गया है तथा त्रिनिदाद एवं टोबेगो, सैशल्स में कार्य चल रहा है.
- विदेशी टेरीटरीज/ अनुषंगियों में स्थानीय सामूहिक एसएमएस का प्रयोग करते हुए एस एम एस भेजने का कार्य अंतिम रूप ले चुका है. *केन्या में यह कार्य पूर्ण हो गया है. 5 टेरीटरीज/ अनुषंगियों (फिज़ी, गुयाना, युगांडा, बोत्सवाना तथा चीन) के लिए कार्यान्वयन चल रहा है.
- विंडो एक्सपी के लिए टेक्नालॉजी सपोर्ट बन्द हो जाने के कारण अधिकांश टेरीटरीज/ अनुषंगियों में विंडोज 7 में माइग्रेशन का कार्य पूर्ण हो गया है. शेष स्थानों पर यह कार्य अंतिम चरण में है.
- सभी अंतर्राष्ट्रीय टेरीटरीज/ अनुषंगियों में सीबीएस डाटाबेस ऑरेकल 10G से ऑरेकल 11G तक अपग्रेड कर दिया गया है.

ओवरसीज़ परिचालनों में जोखिम प्रबन्धन

विनिर्दिष्ट/सम्बद्ध टैरीटरी की आर्थिक, वित्तीय तथा सांस्कृतिक परिस्थितियां भिन्न भिन्न होने के कारण आपके बैंक के ओवरसीज़ परिचालनों के जोखिम की प्रकृति भी अलग अलग है. आपका बैंक तद्नुरूप प्रत्येक टैरीटरी में परिचालन अनुभव तथा जोखिम प्रबंधन की बेहतर समझ रखनेवाले अधिकारियों को ही जोखिम प्रबंधन के जॉब रोल के लिए नामित करता है. वे अपने जोखिम प्रबंधन संबंधी दायित्वों का निर्वहन बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर के जोखिम प्रबंधन विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में ही करते हैं.

क्रेडिट रिस्क वेलिडेशन सेल, कार्पोरेट कार्यालय मुम्बई की देखरेख में कार्य करने वाले सभी ओवेरसीज़ केन्द्रों पर ऋण जोखिम प्रणाली की शुरूआत कर दी गई है, इसी प्रकार ऋण जोखिम सम्बधी समस्त डाटा जिसके द्वारा आस्ति वर्गीकरण किया जाता है, विनिर्दिष्ट प्रावधान किए जाते हैं, बेसिल II RWA तथा अन्य सम्बद्ध प्रबंधन सूचना प्रणाली रिपोर्ट तैयार की जाती है, को एकत्रित करने के लिए एस्क्रॉम सिस्टम कार्यान्वित किया गया है.

वैश्विक आधार पर बाजार जोखिम का पता लगाने के लिए ग्लोबल मिड ऑफिस, ट्रेजरी शाखा मुम्बई में एक प्रणाली विकसित की जा रही है जो अंतिम चरण में है. परिचालनगत जोखिम प्रबंधन प्रणाली जो घरेलू

परिचालनों के तहत दो राज्यों में सफलतापूर्वक कार्यान्वित की गई थी, को शीघ्र ही ओवरसीज़ परिचालनों में कार्यान्वित किया जाएगा.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक की प्रतिष्ठा एक नियमपालक बैंक के रूप में रही है आपका बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संबंधित देशों के विनियामक मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है. सभी विनियामक मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाती है तथा दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है.

सुव्यवस्थित अनुपालना ढांचा सुनिश्चित करता है कि बैंक के अनुपालन संबंधी मुद्दे समय से निपटाए जाते हैं. अनुपालना मामलों की देख-रेख के लिए आपके बैंक ने विदेशी केंद्रों पर समर्पित अधिकारियों को पदस्थ किया है जिनके कौशल में प्रशिक्षण एवं अन्य तरीकों से लगातार वृद्धि की जाती है. आपका बैंक अनुपालना को केवल विनियामक आवश्यकता के रूप में ही नहीं देखता बल्कि अपनी तथा अपने शेयरधारकों के हित और प्रतिष्ठा की सुरक्षा के रूप में लेता है.

सभी विदेशी कार्यालयों/अनुषंगियों के लिए उनकी संबंधित विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार बैंकिंग के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नीति/नियम बने हैं. विनियामक दिशानिर्देशों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इनकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है.

ट्रेज़री परिचालन

आपके बैंक में बड़ौदा सन टॉवर कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में अति आधुनिक डीलिंग रूम कार्यरत है. इस डीलिंग रूम के माध्यम से आपका बैंक ट्रेजरी परिचालनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा मार्केट में नवीनतम सूचनाओं के साथ कदम मिलाकर चलता है. आपके बैंक का ट्रेजरी डिवीजन घरेलू परिचालन का कार्य संचालित करता है तथा विभिन्न मार्केट कार्यकलापों जैसे विदेशी मुद्रा, ब्याज दरें, सावधि आय, डेरीवेटिव्स, इक्विटी और अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों का कार्य देखता है. आपका बैंक अपने ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए अति आधुनिक प्रौद्यिगिकी प्लेटफार्म का उपयोग करता है. इन सेवाओं में ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, वायदा एवं आप्शन सुविधाएं शामिल हैं. संपूर्ण देश में विदेशी मुद्रा संव्यवहार करने वाली प्राधिकृत शाखाओं के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक अति आधुनिक स्वचालित डीलिंग प्रणाली स्थापित की गई है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बिजनेस में ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन के कार्यान्वयन की मारिशस में विस्तृत समीक्षा की गई और इसे आगामी वित्तीय वर्ष में लागू किया जाएगा.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति पकड़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा चूँकि कई उच्च आय वाले देशों को वैश्विक वित्तीय संकट जैसी परिस्थितियों से जूझना पड़ा. श्रम मार्केट में सुधार तथा वित्तीय नीति की अनुकूलता के चलते संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यूके की स्थितियों में सुधार हुआ है. जापान में सुधार असामान्य रहा जबकि चीन की वृद्धि दर धीरे धीरे कम हो रही है. यूरो की कमजोर (स्थिति) चाल, रूस में आर्थिक मंदी और अमेरीकी डॉलर की तुलना में रूबल के मूल्य में भारी कमी, यूक्रेन की विकट स्थिति इस क्षेत्र में कठिन परिस्थितियां उत्पन्न कर रही हैं. वित्तीय वर्ष 15 में जापान में मात्रात्मक सुलभता कार्यक्रम/व्यवस्था जारी रही जबकि यूरोपियन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने अपना मात्रात्मक सुलभता कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 15 की चौथी तिमाही में प्रारंभ किया.

तेल की कीमतें अप्रैल 2014 के $110 प्रति बैरल के स्तर से घट कर 31 मार्च 2015 को $53 प्रति बैरल हो गई; तेल की कीमतों में हाल ही में हुई कमी कई कारणों से हुई जिनमें से प्रमुख है, शेल गैस आयल द्वारा भारी मात्रा में तेल की आपूर्ति, चीनी अर्थववस्था में मंदी की स्थिति, यूरोपियन अर्थव्यवस्था की डावांडोल स्थिति, अमेरिकी डालर के मूल्य में वृद्धि तथा तेल उत्पादक एवं निर्यातक देशों ((ओपेक) की नीति आदि, भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए तेल की कम कीमतों से मुद्रास्फीति में कमी तथा बाह्य तथा वित्तीय दबाव में कमी आई है.

घरेलू मोर्चे पर वित्तीय वर्ष 15 की प्रथम छमाही में निर्यात में अत्यधिक वृद्धि हुई जबकि अंतिम तिमाही में इसमें गिरावट आई है. आर्थिक सुधारों के प्रति सकारात्मक सोच वाली सरकार के बनने के बाद निवेशकों के विश्वास में आशातीत वृद्धि हुई है. केन्द्र में स्थिर सरकार के गठन के बाद भारतीय बाजारों में डेब्ट और इक्विटी सेगमेंट में भारी निवेश हुआ. विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निवेश में तीसरी तथा चौथी तिमाही में डेब्ट सेगमेंट में होने वाली आय में कमी आई है. पोर्ट फोलियो निवेश तथा चालू खाता घाटे की अपेक्षा से बेहतर स्थिति के फलस्वरूप प्रमुख देशों की करेंसी की एवज में रुपए की कीमत में सुधार हुआ जबकि डालर की एवज में रुपए की कीमत में कमी आई. जहां 2 अप्रैल 2014 को यूएस डालर की एवज में रुपए की कीमत रु.59.89 थी वहीं 31 मार्च 2015 को कम होकर रु.62.50 हो गई. दूसरी ओर जहां 2 अप्रैल 2014 को ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की कीमत रु.99.72 थी वही 31 मार्च 2015 को यह सुधर कर रु.92.45 हो गई. 2 अप्रैल 2014 को यूरो की कीमत रु.82.58 थी जो 31 मार्च 2015 को सुधर कर रु.67.20 हो गई.

आर्थिक परिवेश और मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को देखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान बेंचमार्क दरों में 50 बेसिस प्वाइंट की कमी की. भारतीय रिज़र्व बैंक ने दो बार रेपो रेट में प्रत्येक बार 25 बेसिक प्वाइंट की कमी करते हुए इसे 8.00% से कम कर 7.50% कर दिया. भारतीय रिज़र्व बैंक ने सिस्टम में नकदी के सरल एवं सहज प्रवाह के उद्देश्य से विभिन्न परिपक्वताओं के लिए आवधिक रेपो (टर्म रेपोस) की शुरूआत की. अधिशेष एसएलआर प्रतिभूतियों के पेटे एलएएफ रेपो के तहत निधियों का समग्र आबंटन बैंकिंग पद्धति से शुद्ध मांग एवं समय देयता (एनडीटीएल) 0.25% तक सीमित कर दिया. जबकि आवधिक (टर्म) रेपो के तहत निधियों का समग्र आबंटन बैंकिंग पद्धति से शुद्ध मांग एवं समय देयता एनडीटीएल 0.75% तक सीमित कर दिया है. इसी क्रम में बैंकों को अपनी कुल आवश्यकताओं का न्यूनतम सीआरआर पूर्व के अपेक्षित स्तर 99.00% से कम कर 95.00% करने की अनुमति दी गई थी.

आपका बैंक वर्ष की प्रथम छःमाही में आय में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप अवसर का लाभ उठाने में सफल रहा और बैंक ने अपने संविभाग में बांड्स जोड़ते हुए निवेश पर औसत आय में वृद्धि करने में सफलता पाई. 31.03.2015 को देशीय एसएलआर निवेशों पर प्रतिफल बढ़कर 8.22% हो गया. वर्ष की दूसरी छःमाही में प्रतिफल में होने वाली अत्यधिक गिरावट की स्थिति को कुशलतापूर्वक सम्भालते हुए बांडों की बिक्री में उल्लेखनीय लाभ अर्जित किया. वित्तीय वर्ष 15 के दौरान आपके बैंक की ट्रेजरी ने निवेश की बिक्री तथा विनिमय आय के रूप में रू.1,009 करोड़ तथा रू.603 करोड़ की आय अर्जित की. ब्याज/बट्टे (डिस्काउंट) के रूप में रू.10,379 करोड़ की आय अर्जित की.

आपके बैंक की ट्रेजरी अपने वर्तमान उत्पादों जैसे ब्याज दर स्वैप (आईआरएस), करेंसी स्वैप (सीआईआरएस), ब्याज दर फ्यूचर्स, फारवर्ड एवं आपशन के आधार पर ब्याज दरें और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के लिए अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान प्रदान करती है. ब्याज दर स्वैप तथा करेंसी ऑप्शन कार्पोरेट के लिए ब्याज दर तथा करेंसी के बचाव के लिए प्रयुक्त की जाती है. आपके बैंक ने करेंसी फ्यूचर्स में कार्य करना वित्तीय वर्ष 15 की प्रथम तिमाही से प्रारम्भ किया तथा अब यह इस मार्केट का प्रमुख प्रतियोगी/खिलाड़ी है. आस्ति श्रेणियों के बीच जिसमें मनीमार्केट, सीबीएलओ काल मार्केट रेपो सरकारी प्रतिभूथियां तथा विदेशी मुद्रा बाजार शामिल हैं. उपलब्ध अंतरण सुविधाओं का प्रभावी रूप से उपयोग किया है.

मई 2014 में हुए आम चुनावों के बाद देश में बनी स्थिर सरकार के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निवेश तथा निवेशकों की धारणा बदलने के फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 15 की प्रथम छःमाही में इक्विटी मार्केट में सुधार हुआ है. बैंक की ट्रेजरी के इक्विटी विभाग की गतिविधियों को तेज किया और नियमित अंतरालों पर लाभ अर्जित किया.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विदेशी मुद्रा संविभागों में आपके बैंक की ट्रेजरी ने विदेशी मुद्रा बाजार के बड़े भागीदारों में अपना स्थान बनाए रखा. प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग, डेस्क भारतीय बाजारों को प्रभावित कर रही चलनिधि की कठिन परिस्थितियों के बावजूद उपलब्ध संसाधनों को भुनाने का प्रयास कर संसाधनों का संग्रहण कर रहा था.

आपके बैंक का ट्रेजरी मिड ऑफिस निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित बाजार एक्स्पोजर सीमा को वास्तविक समय के आधार पर मॉनिटर करता है. वैल्यू एट रिस्क (बीएआर) जोखिम प्रबंधन पैरामीटर सहित सभी पोर्टफोलियों पर बाजार जोखिम को आकलित करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है. इन उपायों को जोखिम नंबरों पर बैक टेस्टिंग के साथ समर्थित रखा जाता है और करेंसी पोर्टफोलियों तथा विभिन्न निवेशों की स्ट्रैस टेस्टिंग की जाती है.

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर मुंबई में निःशुल्क फूड स्टॉल का उद्घाटन करते हुए श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी.

एक जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक होने के नाते आपके बैंक का हमेशा यह प्रयास रहा है कि वह अल्प सुविधा प्राप्त तथा कमजोर तबकों के सामाजिक आर्थिक विकास के जरिए इन समुदायों की स्थिति को मजबूत बनाए. समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अपने प्रयासों को जारी रखते हुए आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 15 के दौरान अपने प्रयासों को और तेज कर दिया.

आपके बैंक द्वारा सीएसआर के क्षेत्र मे जो कदम उठाए गए वे निम्नलिखित हैं :

- आपके बैंक ने बेरोजगार युवकों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 49 बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) स्थापित किए हैं ताकि ये युवक अपने कौशल का विकास कर रोजगार प्राप्त कर सकें. इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और साथ ही उन्हें इन स्थानों पर विद्यमान विभिन्न क्षेत्रीय आर्थिक स्थितियों का लाभ मिलेगा. आपके बैंक के लगभग सभी अग्रणी जिलों में एक आरसेटी है. इनके द्वारा 2,25,104 युवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और 1,39,052 युवकों ने अपना स्वरोजगार स्थापित कर लिया है अथवा रोजगार प्राप्त किया है.
- विभिन्न बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के बारे में ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने तथा वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को तेज करने के लिए आपके बैंक ने संपूर्ण भारत में 49 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले हैं. ये केंद्र साधारण संदेशों जैसे बचत क्यों करें, बैंक से उधार क्यों लें, जहां तक संभव हो आय अर्जन कार्यकलापों के लिए क्यों उधार लें. समय पर भुगतान क्यों करें. स्वयं का बीमा क्यों, अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत क्यों करें, के माध्यम से वित्तीय साक्षरता प्रदान कर रहे हैं.
- आपके बैंक ने बेरोजगार युवकों को बड़ौदा स्वरोजगार संस्थान के माध्यम से स्वरोजगार बनने हेतु कौशल विकास , विभिन्न बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाओं के प्रति ग्रामीण जनता कोजागरूक करने आर सेटी के वित्तीय साक्षरता तथा परामर्श केन्द्रों के माध्यम से वित्तीय समावेशन प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से रू.10.58 करोड़ की राशि व्यय की है.

बड़ौदा शक्ति टीम ने बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, मुंबई के स्टाफ सदस्यों के लिए फ्री हेल्थ चेक-अप का आयोजन किया.

- आपके बैंक ने "स्वच्छ विद्यालय अभियान" के अंतर्गत राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा गुजरात राज्यों में स्कूलों में शौचालयों के निर्माण के लिए रू. 5 करोड़ की राशि निर्धारित की है.

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता में सुधार तथा एनपीए में कमी पर विशेष रूप से अपना ध्यान केन्द्रित किया है. वित्तीय वर्ष 15 में बैंकिंग उद्योग के लिए अर्थव्यवस्था पर निरंतर दबाव तथा आर्थिक सुधार की धीमी गति के कारण आस्ति गुणवत्ता बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा. वित्तीय वर्ष 15 के दौरान भारतीय बैंकों ने सामान्य रूप से धीमी देशीय वृद्धि तथा वैश्विक बाजार में अनिश्चितता की स्थिति के फलस्वरूप जिस कारण विभिन्न उत्पाद वस्तुओं यथा सूती वस्त्र, इंजिनियरिंग वस्तुओं आदि के निर्यात में कमी आई, कार्पोरेट्स तथा लघु एवं मध्यम उद्यमियों के कार्यनिष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है.

एस ए एस परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ करते हुए श्री पि. श्रीनिवास कार्यपालक निदेशक.

प्रतिकूल आर्थिक पैरामीटर्स परिदृश्य के कारण आपके बैंक के प्रारंभिक शेष की तुलना में वर्ष के दौरान नए स्लिपेज 2.05% रहे. उच्च स्लिपेज की पृष्ठ भूमि की तुलना में 31 मार्च 2015 को सकल अग्रिमों में सकल एनपीए 3.72% रहा. जिसके फलस्वरूप मार्च 2015 के अंत में शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एनपीए का अनुपात बढ़कर 1.89% तक पहुंच गया.

पिछले कई वर्षों में आपके बैंक ने ऋण हानि प्रावधान अनुपात को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 70% के अनिवार्य मानदंडों के स्तर पर अथवा इससे ऊपर बनाए रखने के सभी संभव प्रयास किए हैं. तथापि वित्त वर्ष 15 में एनपीए में तीव्र बढ़ोत्तरी तथा उच्च प्रावधान होने के कारण विवेकपूर्ण तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए अग्रिमों में फैक्टरिंग करने के बाद ऋण हानि कवरेज अनुपात 64.99% रहा है.

आपके बैंक ने शाखा, क्षेत्र, अंचल और कार्पोरेट स्तर पर वसूली एवं ऋण अनुप्रवर्तन के लिए व्यापक ढांचा तैयार किया है. इसके अलावा प्रत्येक डीआरटी सेंटर में नोडल अधिकारियों को विविध मामलों की अनुवर्ती कार्यवाही के लिए लगाया गया जिससे डिक्री लेने में लगने वाले समय को कम से कम किया जा सके तथा वसूली को बढ़ाया जा सके. डीआरटी दावा दायर एनपीए खातों में वसूली के लिए, बैंक के पक्ष में प्रभरित आस्तियों का उचित मार्केट मूल्य प्राप्त करने के लिए ई-नीलामी के जरिए बेचा जा रहा है. इसके अतिरिक्त और अधिक तेज गति से वसूली करने के लिए एआरसी को वसूली एजेंट के रूप में नियुक्त किया गया है. सरकारी परिसमापक (ओएल) से संपर्क साधने के लिए परामर्शदाता नियुक्त किए गए हैं. वादग्रस्त तथा गैरवादग्रस्त एनपीए खातों में वसूली में तेजी लाने के लिए क्षेत्रीय लोक अदालतों में नियमित प्रतिभागिता के अलावा दिनांक 06.12.2014 तथा 14.02.2015 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में अधिकतम प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई. आपके बैंक की शाखाओं द्वारा लंबे समय से लंबित पड़े मामलों को कम करने तथा वसूली करने और छोटे खातों में वसूली में तेजी लाने के लिए निश्चित रूप में वसूली शिविरों का आयोजन किया गया.

आपके बैंक ने एनपीए खातों में वसूली की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही प्रणाली पर जोर देना जारी रखा. बड़ी राशि वाले एनपीए खातों, जैसे एक करोड़ और उससे अधिक राशि के खातों की कॉर्पोरेट कार्यालय से सीधे क्षेत्रों तथा अंचलों के साथ पाक्षिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई ताकि अनुप्रवर्तन करने की प्रणाली से शाखाओं द्वारा वकीलों, रिकवरी एजेंटों के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके. विभिन्न स्तरों पर सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की निगरानी आपके बैंक के कार्पोरेट कार्यालय स्तर से की गई.

एनपीए/अपलिखित खातों में वसूली/कानूनी कार्यवाही प्रक्रिया में तेजी लाने के उेश्य से ऋण वसूली न्यायाधिकरण (DRT)/ ऋण वसूली अपील न्यायाधिकरण सभी नोडल अधिकारियों तथा सभी अंचलों के वसूली के लिए तथा उपक्षेत्रीय प्रबंधकों, उप अंचल प्रमुखों एवं एआरएमबी प्रमुखों के लिए ये अलग-अलग कानक्लेव आयोजित किए गए.

वित्त वर्ष 15 के दौरान आपके बैंक ने गांव/कस्बा स्तर पर वसूली लगातार तथा लोक अदालतों के मध्यम से छोटे खातों की वसूली पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया. इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 15 की पहली छमाही के दौरान विशेष वसूली योजना 'भागीरथ प्रयास' की भी शुरुआत की गई. आपके बैंक ने प्रोत्साहन पर आधारित "संकल्प-VII" वसूली योजना चलायी, ताकि रू 25 लाख तक की बकाया राशि वाले छोटे खातों में वसूली बढ़ाने का सभी स्टाफ सदस्यों का सार्थक प्रयास/सहयोग मिल सके. इस योजना के तहत वित्त वर्ष 15 के दौरान रू 10.29 करोड़ की नकद वसूली की गई.

एनपीए वसूली पर विशेष नोट देने के उद्देश्य से आपके बैंक ने 23 फरवरी 2015 तथा 23 मार्च 2015 को वसूली दिवस के रूप में मनाया तथा इन अवसरों पर वसूली हेतु अलग से प्रयास किए गए. इन वसूली दिवसों के दौरान आपके बैंक द्वारा देश भर में कुल रू.172 करोड़ के एनपीए वसूली की गई.

इन सकेन्द्रित प्रयासों के बल पर वित्तीय वर्ष 15 के दौरान एनपीए खातों में वसूली स्थिति में पर्याप्त सुधार हुआ तथा इस वर्ष कुल वसूली रू 1,492.81 करोड़ हुई. जबकि वित्तीय वर्ष 14 के दौरान रू 887.27 करोड़ की वसूली हुई थी. इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 15 के दौरान अपग्रेडेशन बढ़ कर 1,058.43 करोड़ हो गए जबकि वित्तीय वर्ष 14 के दौरान यह राशि रू. 684.72 करोड़ थी.

आपके बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो का आस्ति वर्गीकरण ब्रेकअप इस प्रकार है.

(रू करोड़ में)

आस्ति वर्ग (सकल)	31 मार्च 2015	31 मार्च 2014
मानक	4,21,018.94	3,91,823.53
सकल एनपीए	16,261.45	11,875.90
कुल	4,37,280.38	4,03,699.43
सकल एनपीए में शामिल है		
अवमानक	4,368.56	3,809.20
संदिग्ध	10,382.67	6,863.10
हानिगत	1,510.22	1,203.60
कुल एनपीए	16,261.45	11,875.90

सूचना प्रौद्योगिकी

आपके बैंक ने घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों और अनुषंगी परिचालनों को ध्यान में रखते हुए एंड टू एंड बिजनेस एवं आईटी स्ट्रेटेजी प्रोजेक्टस हाथ में लिए हैं.

श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं श्री एस.एस. घाघ, महाप्रबंधक डॉ. अनिल काकोदकर एवं डॉ.रघुनाथ माशेलकर के करकमलों से आई बी.ए. टेक्नॉलाजी अवार्ड 2014-15 प्राप्त करते हुए.

- आपके बैंक ने सर्वोत्तम टेक्नॉलाजी इंफनस्ट्रकचर तैयार कर अति आधुनिक डाटा सेंटर संचालित किया है और यह अप टाइम इंस्टीटयूट टीयर-3 के मानदंडों को पूरा करता है. विभिन्न भूकंप खंडों को ध्यान में रखते हुए तथा प्रत्येक असफलता बिंदु का गहन विशेलषण कर डिजास्टर रिकवरी साइट तैयार की गई है ताकि ग्राहकों को निर्बाध रूप से बैंकिंग सेवाएं मिलती रहें.

- डिजास्टर रिकवरी सेंटर के अलावा आपके बैंक ने वर्ष के दौरान नीयर डिजास्टर रिकवरी सेंटर भी कार्यान्वित किया है ताकि बिजनेस कंटीन्यूटी प्लान तथा डिजास्टर रिकवरी रणनीति के रूप में नीयर जीरो डाटा लॉस सुनिश्चित हो सके .
- आपके बैंक ने कई अन्य प्रौद्योगिकी पहलें, जैसे विंडो सर्वर वर्चुअलाइजेसन, डेस्कटॉप वर्चुअलाइजेसन तथा बैक ड्रॉप कंसालीडेशन ऑटोमेटिक स्टोरेज मैनेजमेंट (एएसएम) व रीयल एप्लीकेशन क्लस्टर (आरएसी) की शुरुआत की हैं. इन्हें पर्यावरण उन्मुखी कदम के रूप में उठाया गया है और इनसे डाटा सेंटर की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी. एप्लिकेशन वर्चुअलाइजेसन, ऑटोमैटिक वर्चुअलाइजेसन बैक अप लिंक के लिए प्रावधान, बैंडविड्थ अपग्रेडेशन, एएसएम एवं आरएसी लागू करना, एमपीएलएस (मल्टी प्रोटॉकॉल लेवल स्विचिंग) पर आधारित नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग आदि अप टाइम तथा मांग अपग्रेड करने हेतु कुछ नए कदम उठाए गए हैं.
- आपके बैंक ने विभिन्न सेवा डिलीवरी चैनलों पर व्यवसाय की बढ़ती मांग को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए नियमित कैपेसिटी (प्लानिंग, अपग्रेड व रिफ्रेश) को अपने हाथ में लिया है.
- आपके बैंक ने इंटरप्राइज मैनेजमेंट सिस्टम को अपग्रेड कर दिया है तथा बैंक के बढ़ते आईटी इंफनस्ट्रकचर का प्रभावी रूप से प्रबंधन करने व मॉनीटरिंग करने के लिए मॉड्यूल को स्थापित किया है.
- आपके बैंक ने सभी देशी तथा 23 विदेशी केंद्रों में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) व अन्य एप्लीकेशन प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए केन्द्रीयकृत आईटी आर्कीटेक्चर प्रदान किया है ताकि संसाधनों का प्रबंधन, मॉनिटरिंग व उपयोग आसानी से किया जा सके. आपके बैंक के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) भी डिलीवरी चैनलों के साथ सीबीएस प्लेटफार्म पर हैं.

वैकल्पिक डिलीवरी चैनल

• इंटरनेट बैंकिंग - बड़ौदा कनेक्ट

आपका बैंक अपने इंटरनेट बैंकिंग चैनलों (बड़ौदा कनेक्ट) में लगातार और अधिक सुविधाएं जोड़ रहा है. नई जोड़ी गई सेवाओं में ऑन लाइन बैंकिंग रजिस्ट्रेशन, पीपीएफ खातों को देख पाना और उनमें राशि जमा करना, वेतन अपलोड़ सुविधा, स्मार्ट फोन के माध्यम से मोबाइल ओटीपी जनरेट करना, विभिन्न राज्यों के कर भुगतान की सुविधा, तत्काल भुगतान सुविधा (आईएमपीएस) अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं जैसे भारत सरकार के पोर्टल e-biz.gov.in के साथ जोड़ना साइट्रस एण्ड पे टीएम पेमेंट सोल्यूशन प्रोवाइडर, कार्पोरेट ग्राहकों के शॉपिंग मॉल संव्यवहारों के लिए मार्कर/चेकर की शुरूआत भी की गई है. अपने ग्राहकों को कहीं भी बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंटरनेट बैंकिंग सुविधा सभी स्मार्ट फोन/टेबलेट्स पर उपलब्ध कराई गई है. इंटर्नेट बैंकिंग सुविधा कुल 16 ओवेरसीज़ टेरिटरीज़ यथा तंजानिया, युगांडा, केन्या, मारिशस, सेशल्स, बोत्सवाना, न्यूज़ीलैंड, यूईए, फिज़ी, यूके, ओमान, घाना, आस्ट्रेलिया, त्रिनिदाद एवं टोकियो, गुयाना और यूएसए में कार्यान्वित कर दी गई है. आपके बैंक द्वारा प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है. इंटरनेट बैंकिंग में सुरक्षा व विश्वास बढ़ाने के लिए आपके बैंक के फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन बहाल कर सुरक्षा को और पुख्ता कर दिया है. इसमें विश्लेषण पर आधारित स्टेप अप प्रमाणीकरण, ओटीपी, पुल ओटीपी, एसएमएस ओटीपी, क्यू एनए को इनेबल कर दो घटक प्रमाणीकरण भी शामिल है. आपके बैंक के कार्पोरेट ग्राहकों के लिए प्रमाणीकरण और उच्च मूल्य के इंटरनेट बैंक लेन-देन को अस्वीकार करने के लिए इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल सर्टिफिकेट के प्रयोग की शुरुआत की है. आपके बैंक ने त्रिनिदाड एवं टोबैगो टेरिटिरी, जहां लेन-देन ई-बैंकिंग पर आधारित है, फ्रॉड मैनेजमेंट सॉल्यूशन कार्यान्वित किया है.

• मोबाइल बैंकिंग बड़ौदा एम कनेक्ट तथा आइएमपीएस

मोबाइल बैंकिंग का आपके बैंक में नई पीढ़ी तथा प्रौद्योगिकी से भलीभांति परिचित ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल बनाते हुए, इसकी पहचान और अनुभव को और बेहतर बनाते हुए तथा उपयोग में इसे अत्यंत सरल बनाते हुए इस सुविधा का कायाकल्प किया गया है. वैकल्पिक डिलीवरी चैनल के रूप में मोबाइल बैंकिंग प्लेटफार्म ग्राहकों को अनेक सुविधाएं यथा आइकॉन आधारित यूजर इंटरफेस, बैलेंस इंक्वायरी, मिनीस्टेटमेंट, निधिअंतरण, भुगतान रोकना, चेक स्टेटस अन्य सेवाएं प्रदान कर रहा है. मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन सुविधा सभी आई फोन, ब्लेक बैरी, एंडरॉयड़ विंडो डिवाइस पर उपलब्ध कराई गई है.

पर्सन टू एकाउंट (पी2ए), मर्चेंट भुगतान (पी2एम), आधार कार्ड आधारित धनप्रेषण (पी2यू) को कवर करने के लिए तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) क्रियांवित की गई है. मोबाइल टॉप-अप/ डीटीएच टॉप-अप, बीमा प्रीमियम भुगतान, ऑनलाइन खरीददारी, काउंटर पर भुगतान, स्कूल/ कॉलेज/ यूनिवर्सिटी की फीस का भुगतान, आईएमपीएस - आईआरसीटीसी के प्रयोग से मोबाइल फोन के माध्यम से गैर इंटरनेट आधारित रेलवे टिकिट बुकिंग आदि के लिए **आईएमपीएस व्यापारी भुगतान (पी2एम)** आरंभ किया गया है. वर्तमान में आपका बैंक मोबाइल बैंकिंग के अंतर्गत ग्राहकों के उपयोग हेतु सरल तथा सुविधाजनक एनयूयूपी (नेशनल यूनिफाइड यूएसएसडी प्लेटफार्म) आरंभ कर रहा है.

मोबाइल प्लेटफार्म पर अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं यथा मोबाइल पासबुक (M-Passbook) शामिल की गई है ताकि ग्राहकों को अपने खाते की विवरणी देखने में सुविधा हो सके. इसके अलावा ग्राहकों को अपने खाते में शेष राशि की जानकारी एसएमएस पर उपलब्ध कराने के लिए 'मिस्ड काल' सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

• ई-लॉबी

आपके बैंक ने ग्राहकों को दी जानेवाली सेवाओं का और बेहतर बनाने के उद्देश्य से अगली कड़ी के रूप में उनके लिए ई-लॉबियों की स्थापना कर एक और कदम आगे बढ़ाया है. स्वयंसेवा सुविधाओं यथा बंच नोट स्वीकार करने वाली मशीनों (बंच नोट एसेप्टर्स), कैश रिसाइकलर, स्वयंसेवा पासबुक प्रिंटर्स, चेक डिपाज़िट कियोस्क, मल्टी फंक्शन कियोस्क ऑन साइट/ऑफ़ साइट स्थलों पर स्थापित किए गए. ग्राहकों की सुविधा के लिए कार्ड तथा खाता क्रमांक के माध्यम से बंच नोट एसेप्टर में नकद राशि जमा करने की सुविधा प्रदान की गई. आनेवाले वर्षों में इस नेटवर्क को और व्यापक बनाने का लक्ष्य रखा गया है. आपके बैंक का देशभर में प्रमुख 1,000 शाखाओं में इन स्वयंसेवा डिवाइज़ की शुरुआत करने का प्रस्ताव है.

• एटीएम

भारत, यूएई, ओमान, मॉरिशस, फिज़ी, तंजानिया, बोत्सवाना, त्रिनिदाद एवं टोबेगो (टी एण्ड टी) तथा न्यूज़ीलैंड में एटीएम स्विच स्थापित किया गया है. भारत, ओमान तथा मारिशस में वीज़ा चिप आधारित कार्ड संबंधी कार्य पूर्ण हो गया है. आपके बैंक ने मारिशस तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर शेष सभी टेरीटरीज़ में डेबिट कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (डीसीएमएस) से कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) में अपग्रेडेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है. आपका बैंक ग्राहकों को कार्डों की त्वरित एवं सुनिश्चित निर्बाध डिलीवरी करने के लिए खाता खोलते समय ही काउंटर पर नॉन पर्सनलाइज़ड डेबिट कार्ड जारी कर रहा है वर्ष के दौरान आपके बैंक ने एक कार्ड से दूसरे कार्ड में अंतरण तथा डेबिट कार्ड तथा एटीएम से पिन से ई-कामर्स संव्यवहार की सुविधा प्रदान की है. अनेक ग्राहकोन्मुख सेवाएं यथा एटीएम से

एनईएफटी, एटीएम से धनप्रेषण, रुपे डेबिट कार्ड, रुपे पीओएस तथा रुपे केसीसी कार्ड, रुपे ई-कामर्स, ब्राउन लेबल एटीएम, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी धारकों के लिए बीमा प्रीमियम राशि का संग्रहण, चेक बुक आवेदन, एटीएम से तत्काल भुगतान सेवा उपलब्ध हैं. दृष्टिबाधितों के लिए बोलनेवाले (टाकिंग) एटीएम स्थापित किए गए हैं. आपके बैंक ने प्रीपेड कार्ड, एटीएम से गिफ्ट कार्ड एवं जनरल परपस रीलोडेबल कार्ड, एटीएम के माध्यम से आधार कार्ड दर्ज करने के लिए रुपे चिप कार्डों का अंतर्राष्ट्रीय उपयोग करने, नकदी आहरण एवं बैलेंस इंक्वायरी के लिए समर्थ करने हेतु प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया है. उन्नत सुरक्षा एवं, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए चिप आधारित कार्डों की शुरुआत की गई है. इसके अलावा बिना कार्ड संव्यवहारों के प्रमाणीकरण के लिए भारत में एटीएम/पीओएस मशीनों में फ्रॉड प्रबंधन सोल्यूशन की व्यवस्था की गई. मध्यप्रदेश सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समग्र रुपे डेबिट कार्ड तथा राजस्थान सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार भामाशाह रुपे डेबिट कार्ड से सम्बद्ध कार्य कार्यान्वित किया गया. एटीएम लेनदेन पर्ची क्षेत्रीय भाषाओं जैसे हिन्दी में प्रिन्ट हो रही है, गुजराती, मराठी, तमिल, मलियालम, तेलगू, कन्नड़ तथा बंगाली क्षेत्रीय भाषाओं के स्क्रीन चयन हेतु एटीएम में इनेबल किया गया है. यू. ए. ई., बीएसपी (बैंक साउथ पैसीफिक) फिजी हेतु इन्टरचेंज कार्यान्वित किया गया तथा चिप आधारित कार्ड भारत, ओमान, मॉरीशस के लिए कार्यान्वित किया गया. आपके बैंक ने सफलता पूर्वक अपने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी रुपे एटीएम तथा रुपे केसीसी कार्ड की शुरूआत कर दी है. ओमान, न्यूजीलैंड, फिजी के लिए डेबिट कार्डों की ऑनलाइन हॉट लिस्टिंग के लिए सफलतापूर्वक इनेबल किया गया. एटीएम प्रभारों की मेट्रो तथा गैर मेट्रो केंद्रों पर एकरूपता लोन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की अनिवार्यता को कार्यान्वित किया गया.

- **एसएमएस बैंकिंग**

उन ग्राहकों के लिए जो केवल सूचना आधारित बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना चाहते हैं, आपके बैंक ने बेलेंस इंक्वायरी, लघु विवरणी, पंजीकृत मोबाइल नं. से चेक की स्थिति जानने के लिए एसएमएमस बैंकिंग प्रांरभ की है. इस उत्पाद का प्रयोग करना बहुत ही आसान और इतना सरल है कि कोई भी ग्राहक किसी पंजीकरण प्रक्रिया के बिना भी इसका उपयोग करना प्रारंभ कर सकता है.

- **कान्टेक्ट सेंटर**

आपके बैंक ने कॉन्टैक्ट सेन्टर के माध्यम से बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्राहकों का 360 डिग्री दृश्यावलोकन के लिए नई पहल के रुप में ग्राहक संबंध प्रबंधक कार्यान्वित किया है. मौजूदा/भावी ग्राहकों के लिए टोल फ्री नम्बर है (1800 22 344 तथा 1800 102 4455) जहां निम्मलिखित सेवाएं प्राप्त की जा सकती है.

- चेक बुक जारी करना
- उत्पाद एवं सेवाओं के बारे में जानकारी
- खाता संबंधी पूछताछ- बैलेंस, संव्यवहार, समाशोधन में राशि आदि
- एटीएम कार्ड की हॉट-लिस्टिंग
- भुगतान रोकना-मार्किंग/अनमार्किंग
- डेबिट कार्ड जारी करने हेतु अनुरोध
- डेबिट कार्ड पिन पुनः जारी करने हेतु अनुरोध
- ई-बैंकिंग उपयोगकर्ता की सहायता
- मोबाइल बैंकिंग पासवर्ड को पुनः जारी करना
- ऑनलाइन टी-पिन जारी करने की सुविधा (कागज रहित)
- आपके बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में मौजूदा ग्राहक/संभावित ग्राहकों को अन्य जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है.
- सीआरएम एप्लीकेशन को बिक्री कार्यालयों जैसे रिटेल लोन फैक्ट्री (आरएलएफ) और सिटी सेल्स ऑफिस (सीएसओ) से भी जोडा गया है. जिसमें ग्राहकों द्वारा संपर्क केंद्रों में उत्पाद संबंधी की गई पूछताछ के आधार पर लीड तैयार की जाती है और इन कार्यालयों में इसे अनुवर्ती कार्यवाही हेतु भेजा जाता है.
- आपके बैंक ने केंद्रों के माध्यम से वसूली की प्रक्रिया की व्यवस्था कर रहा है. जिसमें ग्राहकों को उनकी ईएमआई और देय राशि के बारे में सूचित किया जाता है. इससे ग्राहकों को देय तिथि पर ईएमआई/देय राशि जमा करने में सुविधा होती है.
- ग्राहकों के लिए ऑनलाइन मैसेजिंग (वेबचैट) की बैंक की वेबसाइट पर व्यवस्था की गई है तथा इसे कान्टेक्ट सेंटर एजेंटों द्वारा संचालित किया जा रहा है.
- समीक्षा अवधि के दौरान नई सेवाओं के लिए कांटेक्ट सेंटर द्वारा निर्गामी फोन काल्स की व्यवस्था की गई है.

भुगतान पद्धति

- आपके बैंक की सभी शाखाओं में आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से अंतर बैंक धनप्रेषण की सुविधा उपलब्ध है. आपके बैंक के इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल में भी आरटीजीएस तथा एनईएफटी शुरु कर दी गई है. बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक दोनों में एनईएफटी तथा आरटीजीएस की सरल प्रक्रिया कार्यांवित कर दी गई है. आरटीजीएस एवं एनईएफटी सुविधा को यूगांडा में भी कार्यान्वित कर दिया गया है.
- व्यापारियों तथा इंटरनेट शॉपर्स को ऑनलाईन खरीददारी करने वालों के लिए सुरक्षित और संरक्षित खरीददारी के लिए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड संबंधी इंटरनेट पेमेंट गेटवे बढ़ी संख्या में प्रदान किए जा रहे है.
- भारत में विदेशी मुद्रा कारोबार के लिए प्राधिकृत सभी शाखाओं और 22 विदेशी केंद्रों सहित विश्वभर में अंतर बैंक वित्तीय संप्रेषण के लिए स्विफ्ट सुविधा उपलब्ध है.
- भारत में सभी प्राधिकृत शाखाओं तथा 22 विदेशी केंद्रों में पेमेंट मेसेजिंग सॉल्यूशन (पीएमएस) लागू किया गया है. पीएमएम के माध्यम से सीबीएस द्वार स्विफ्ट मानकों के अनुरूप तैयार स्विफ्ट संदेशों की वैधता एवं फार्मेटिंग की सुविधा प्राप्त होती है और यह एएमएल जांच से भी गुजरता है.
- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) के अंतर्गत आपके बैंक ने अतिरिक्त एमाएसीआर केन्द्रों को पश्चिमी ग्रिड (मुम्बई), उत्तरी ग्रिड (दिल्ली) तथा दक्षिणी ग्रिड (चेन्नै) के सम्बद्ध सी टी एस केन्द्रों में माइग्रेट कर दिया है.
- जमा व नामे दोनों प्रकार के संव्यवहारों के लिए राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) लागू किया गया है.
- न्यूजीलैंड टेरीटरी के लिए रेपिड फण्ड्स टू इंडिया कार्यान्वित कर दिया गया है.

ग्राहक केन्द्रित अन्य पहलें

- आपके बैंक ने बहुमूल्य ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च स्तरीय विशिष्ट रूप से निर्मित आईटी समर्थित उत्पादों तथा सेवाओं की शुरुआत की है. इसी तरह अन्य उत्पाद तथा सेवाएं जैसे आरबीआई इन्फ्लेशन इंडेक्स्ड बॉण्ड, अधिक मात्रा में गिफ्ट कार्ड जारी करना, डेबिट कार्ड तथा पिन मेलर को सीधे ग्राहक के पास प्रेषित

करना, एक्सचेंज हाऊस के लिए धन अंतरण सेवा योजना के तहत धन प्रेषण आदि भी कार्यान्वित की गई है.

- नकदी प्रबंधन प्रणाली टू फैक्टर प्रमाणीकरण के साथ एक पूर्णतः वेब आधारित नकदी प्रबंधन सॉल्यूशन है जो आपके बैंक के ग्राहकों के लिए प्रारंभ की गई है, इसमें रसीद प्रबंधन (वसूली), भुगतान प्रबंधन तथा इनवायस प्रबंधन (प्राप्य और देय प्रबंधन) जैसी सेवाएं शामिल हैं.
- आपके बैंक द्वारा रिटेल के साथ-साथ कार्पोरेट ग्राहकों के लिए रिटेल डिपोजिटरी सेवाएं उपलब्ध कराई गई है. एक केंद्रीयकृत डिपोजिटरी एप्लीकेशन के साथ शाखाएं एनसीडीएल तथा सीडीएसएल दोनों को डिपोजिटरी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई हैं. ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रणाली के साथ, आपका बैंक ग्राहकों को इक्विटी म्यूचुअल फण्ड, बांड तथा इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) जैसे लिखतों में व्यवसाय करने के लिए सभी सेवाएं ऑनलाईन उपलब्ध कराने में समर्थ होगा.
- आपके बैंक के डेबिट कार्ड परिचालन में सहयोग एवं व्यापक प्रबंध व्यवस्था/प्रबंधन उपलब्ध कराने के लिए देशीय तथा अंतर्राष्ट्रीय परिक्षेत्रों में डेबिट कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (DCMS) को PA - DSS कम्प्लायर सोल्यूशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (CMS) में अपग्रेड किया गया है.
- बाबकार्ड्स तथा कांटेक्ट सेंटरों में डेबिट कार्डों को ऑन लाइन हॉट लिस्टिंग इनेबल किया गया है.
- आपके बैंक ने ग्राहकों के सरकार द्वारा नियंत्रित एजेंसियों तथा कम्पनी मामलों संबंधी मंत्रालय के लिए भुगतान अनुरोध (आइएफटी तथा एनएफटी) स्वीकार करने के लिए EBIZ सरकारी पोर्टल के साथ सहबद्धता का कार्य पूर्ण कर लिया है. वित्त मंत्रालय, चंडीगढ़ प्रशासन की आवश्यकताओं के अनुरूप कर तथा गैरकर राजस्व स्वीकार करने के लिए चंडीगढ़ के इ-ग्रास पोर्टल को भी ई-बैंकिंग से जोड़ दिया गया है. भारत सरकार के लिए इलेक्ट्रानिक डाटा एक्सचेंज (इडीआई) पैकेज, कस्टम हाउस की सीबीएस के साथ ऑनलाइन सहबद्धता का कार्य पूर्ण हो गया है.
- आपके बैंक ने आधार कार्ड आधारित भुगतान जैसे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), इलएक्ट्रानिक लाभ अंतरण (ईबीटी) आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली (एपीबीएस)के तहत प्रत्यक्ष लाभार्थी अंतरण तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम (एमजीनरेगा) के वेतन भुगतान के लिए पहल की है.
- वित्तीय समावेशन के तहत खोले गए खातों के मामले में आधार नंबर पर आधारित पीओएस मशीनों से संव्यवहार करने के लिए आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस). वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्राहकों को एलपीजी पहचान को तेल निर्माता कंपनी से लिंक करने को लागू कर दिया है.
- एनपीएस, एनपीएसलाइट (आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उनके बुढ़ापे के दौरान उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराने की योजना), एनआरआई के लिए एमजीपीवाई लागू की गई.
- ऑनलाइन व ऑफलाइन संव्यवहारों तथा खाता खोलने की प्रक्रिया के लिए आईटी ढांचे को विकसित किया गया है. यह कार्य व्यवसाय प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है. इस प्रकार यह वित्तीय समावेशन समर्थित भी है.
- आपके बैंक की बाजार पर पैठ बनाने के प्रयोजन से ग्राहकों से लगातार फीडबैक लेने के लिए एक ऑनलाइन ग्राहक सर्वे पोर्टल विकसित किया गया है. ऑनलाइन पोर्टल ग्राहकों/ विजिटर्स के लिए लॉगइन करने तथा उनके फीडबैक/ सुझाव/ शिकायतों की स्थिति को देखने के लिए बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.
- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न नवोन्मेषी प्रयास यथा बायोमेट्रिक तथा आधार नम्बर के माध्यम से ई के वाय सी, सरलीकृत खाता खोलने संबंधी प्रक्रिया, एटीएम ट्राजेंक्शन पूल खाता ट्रांसफर/कैश लोडिंग प्रविष्टियों के लिए अलग माड्यूल, आईटी पेमेंट सिस्टम, पीपीओ के लिए डाक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम तथा सिक्योरिटी फार्मों के लिए ऑन लाइन मांग सूची प्रारम्भ किए गए.
- वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों के माध्यम से किए गए सभी ट्रांजेक्सनों के लिए तथा निर्धारित सीमा से अधिक की सभी सीबीएस ट्रांजेक्सनों के लिए आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेजने की सुविधा भी शुरु की है. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेजने की सुविधा प्रारम्भ की है. वर्सः के दौरान डेबिट कार्ड की हॉट लिस्टिंग, इनवर्ड क्लीयरिंग चेक, ग्राहकों को जन्मदिन की शुभकामनाओं, अपर्याप्त शेष राशि के कारण एनपीसीआई, एटीएम/पीओएस संव्यवहारों तथा फार्म 15जी /15एच के प्रस्तुतिकरण के संबंध में एसएमएस भेजने की व्यवस्था कर दी गई है. खाता खोलना, खाता सक्रिय करना, ऋण खातों में ब्याज दर में परिवर्तन, ऋण खातों में किस्त देय / अतिदेय का नोटिस, चेक बुक भेजने (डिलीवरी विवरण के साथ), चेक अस्वीकृत होने, एफडी परिपक्वता का नोटिस, ग्राहक को केवायसी अनुपालना के लिए नोटिस, आधार लिंक/डिलिंक के समय नोटिस, संभावित निष्क्रिय खाते का नोटिस, खाते के निष्क्रिय होने के समय नोटिस जैसे गैर-वित्तीय कार्यों के लिए भी ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं.

  आपके बैंक ने कार्पोरेट ग्रहकों के लिए उच्च मूल्य के लेन देनों के लिए तथा समाशोधन में चेको के प्रस्तुतीकरण पर इ-मेल अलर्ट्स भेजना शुरु किया है.

सहायक सेवाएं

- परिचालन की लागत को कम करने तथा बेहतर निधि प्रबंधन के लिए यूके, यूएई, बहामास, बहरीन, हांगकांग, सिंगापुर, बेल्जियम तथा भारत में इंटीग्रेटिड ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन क्रियांवित किया गया है.
- आपके बैंक द्वारा दी जा रही सेवा में सुधार करने के लिए, बैक ऑफिस कार्य को सिटी बैक ऑफिस तथा क्षेत्रीय बैक ऑफिस में केन्द्रीयकृत किया गया है. वर्तमान में आपके बैंक में 80 सिटी बैक ऑफिस तथा 13 क्षेत्रीय बैक ऑफिस हैं. वैयक्तिक चेक बुक जारी करने के कार्य को केन्द्रीयकृत किया गया है. आपके बैंक ने केन्द्रीयकृत एफसीएनआर परिचालन भी शुरु किया है.
- बेहतर एवं शीघ्र ग्राहक सेवा देने के लिए आपके बैंक ने अपने लोन प्रोसेसिंग (रिटेल, कृषि, एसएमई) मॉडयूल को पूर्ण रूप से स्वचालित किया है. आपका बैंक आवास ऋण, वाहन ऋण तथा शिक्षा ऋण के लिए सिंगल क्लिक पर ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन भी उपलब्ध कराता है. ऑनलाईन रिपोर्ट तथा स्केनिंग के लिए लैपस-सिबिल इंटरफेस को कार्यान्वित किया. लोन ट्रैकिंग सिस्टम तथा रिपोर्टिंग को भी कार्यान्वित किया गया है.
- स्टाफ के लिए कम्यूनिटी क्लाउड में न्यू लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत ई-लर्निंग पहल के रुप में की गई है.

- आपके बैंक ने बार्ड / स्टीयरिंग कमिटी की बैठक को पेपरलैस बैठकों के संचालन के लिए ई-बोर्ड एप्लीकेशन कार्यान्वित किया है.
- इंटरप्राइज वाइड जीएल सोल्यूशन क्रियांवित कर दिया गया है. यह आपके बैंक को व्यवसाय विकास में नीतिगत निर्णय लेने के इनपुटों के विविध प्रकार उपलब्ध कराता है तथा इंटरप्राइज वाइड समेकित रिपोर्ट जनरेट करता है.
- भारत में आपके बैंक के सभी कार्यालयों में केन्द्रीयकृत पेरोल, वेतन मॉडयूल, ई-टीडीएस मॉडयूल तथा छुट्टी मॉडयूल को क्रियांवित किया गया है.
- निर्णय लेने, पदोन्नति एवं चयन प्रक्रियाओं को सरल करने तथा अन्य एचआर प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए बैंक कर्मचारियों का एक केन्द्रीयकृत डेटाबेस तैयार करने के प्रयोजन से कर्मचारी सेवाओं के लिए मानव संसाधन नेटवर्क कार्यान्वित किया गया है.
- आपके बैंक ने अपनी व्यवसाय रणनीति के रूप में लचीली तथा समुचित सूचना प्रदान करने के लिए डाटा वेयर हाउस, तथा बेहतर ग्राहक दृश्यावलोकन तथा एकसमान ग्राहक पर्यवेक्षण के लिए कस्टमर रिलेशनशिप मेनेजमेन्ट भी शुरू किया है. यह ऑटोमेटेड डाटा फ्लो को सुविधाजनक बनाता है.
- आपके बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बडे ऋणों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के सेंट्रल रिपोस्ट्री सूचना व्यवस्था, डेटा विश्लेषण एवं माईनिंग-ग्राहक वर्गीकरण को लागू किया है.
- विनियामक अनुपालना के लिए धनशोधन निवारण (एएमएल) को भारत में तथा 22 विदेशी केन्द्रों में क्रियान्वित किया गया. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन सोल्यूशन को क्रियान्वित किया है. आपके बैंक ने अपने प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी एएमएल सोल्यूशन को क्रियांवित किया है.
- वर्ष के दौरान विभिन्न नई विनियामक आवश्यकताओं यथा एसएमएस ई-बैंकिंग जैसे विभिन्न चैनलों से आधार सीडिंग, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से आधार सम्बधी विवरण का सत्यापन बड़ी संख्या में आधार विवरण भरना , ओएफएसएए आदि के आस्ति देयता प्रबंधन आदि की शुरुआत की गई.

सूचना सुरक्षा

प्रौद्योगिकी से संबंधित खतरों के मद्देनजर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वित की गई है. बैंक ने अपने कोर बैंकिंग सोल्यूशन तथा अन्य सभी एप्लीकेशनों, साथ ही डाटा सेंटर / डिजास्टर रिकवरी सेंटर इंफनस्ट्रक्चर का बाहरी एजेंसियों से ऑडिट कराया है. शाखाओं में सीबीएस लॉगिन के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन शुरु किया गया है.

आपके बैंक ने उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा (एसओसी) के लिए एक सुरक्षा परिचालन केंन्द्र (एसओएस) स्थापित किया है. आपके बैंक का डाटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी सेंटर दोनों ही आईएसओ 27001 द्वारा प्रमाणित हैं.

इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम तथा पीओएस के लिए आपके बैंक ने फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन कार्यांवित किया है. इंटरनेट बैंकिंग में सुरक्षा और विश्वास बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने, दोहरे प्रमाणीकरण सहित फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन भारत में तथा 13 विदेशी केन्द्रों पर आरंभ किया है और इसे एआरसीओटी ओटीपी, पीयूएलएल ओटीपी तथा एसएमएस ओटीपी द्वारा इनेबल किया है.

आपके बैंक ने एक्सटर्नल फेसिंग एप्लीकेशन, ई-बैंकिंग, मेल मेसेजिंग, सीएमएस, आईपीजी इत्यादि की नियमित वीएपीटी (संवेदनशीलता मूल्यांकन एवं पेनिट्रेशन जांच) कराई है.

आपके बैंक ने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए शाखाओं में हो रहे संदिग्ध संव्यवहारों की दिन-प्रतिदिन निगरानी के लिए फ्रॉड जोखिम प्रबंधन प्रणाली क्रियान्वित की है.

जब साइबर अटैक ज्यादा अप्रत्याशित हो गए है, तथा इलेक्ट्रोनिक भुगतान पद्धति पर आक्रमण नए तरीके से दुरुपयोग हो रहा है, बैंको के लिए यह जरुरी है कि वे कतिपय न्यूनतम जांच शुरू करें ताकि ऐसे आक्रमणों का प्रभाव न्यूनतम किया जा सके, तथा कम से कम हानि / नुकसान हो सके.

नुकसान को न्यूनतम करने के लिए आपके बैंक ने निम्नलिखित अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए हैं जिन्हें शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा.

- आपके बैंक ने कार्ड से किए जाने वाले संव्यवहारों के लिए जोखिम को कम करने के उपाय के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों को क्रियान्वित किया है.
- सभी नए डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड घरेलू उपयोग के लिए जारी किए जाएंगे, जब तक कि ग्राहक द्वारा विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय उपयोग के लिए मांगा नहीं जाए.
- आपका बैंक मौजूदा मैगस्ट्रिप कार्डों को ईएमवी चिप कार्ड में परिवर्तित करेगा.
- आपका बैंक पिन समर्थित पीओएस आरंभ करेगा.
- आपके बैंक ने कार्पोरेट इन्टरनेट बैंकिंग में लॉग-इन तथा संव्यवहार हेतु डिजीटल सिग्नेचर इनेबल किया है, ताकि कार्पोरेट ग्राहकों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान की जा सके.

ई-बिजनेस

वर्ष के दौरान ट्रांजेक्शन बैंकिंग विभाग ने वैकल्पिक डिलिवरी चेनलों/ग्राहक सम्पर्क सुविधाओं का विस्तार किया है उनकी उपलब्धता को बढ़ाया है और ग्राहकों को स्तरीय सेवाएं प्रदान करने सम्बधी समग्र स्थिति को बेहतर बनाया है. नई बड़ौदा नॉन स्टाप ई-लॉबीज एटीएम, कैश रिसाइकलर्स, पासबुक प्रिंटर्स तथा मल्टी फंक्शन कियोस्क जोड़ते हुए आधारभूत ढ़ांचे को और मजबूत किया गया है इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनइएफटी, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड आदि जैसी सेवाओं को बेहतर सेवा डिलीवरी, परिचालनगत लागत को और कम करते हुए तथा ग्राहकों की सुविधाओं को बढ़ाते हुए इनमें और सुधार किया गया है.

श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कोडाम बवकम,चेन्नै मेट्रो क्षेत्र में ई-लॉबी का शुभारंभ करते हुए.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान कार्यनिष्पादन की विशेषताओं का नीचे उल्लेख किया गया है.

❖ **बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबीज (ई-लॉबीज)**

विवरण	31/03/2014	31/03/2015	वर्ष के दौरान नई खोली गई
बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबीज़ की संख्या	45	151	106

- बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबीज़ जिनमें पांच स्वयं सेवा मशीनें यथा कैश रिसाइकलर, एटीएम, मल्टी फंक्शन कियोस्क, पासबुक प्रिंटर तथा डिजिटल साइनेज सिस्टम सेवाएं उपलब्ध हैं. 24 x 7 रुटीन बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित इन लॉबीज से बैंक की बेहतर उपस्थिति दर्ज हो रही है.
- इन लॉबीज को ग्राहकों तथा स्टाफ सदस्यों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है.

❖ **एटीएम लगाना तथा डेबिट कार्ड जारी करना**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	वर्ष के दौरान वृद्धि
परिचालित एटीएम की संख्या	6,254	8,030	1,776
जारी डेबिट कार्डों की संख्या (लाख में)	121.90	225.64	103.74

- समीक्षाधीन वर्ष में आपके बैंक ने डेबिट कार्ड की तीन विधाएं, रुपे प्रधानमंत्री जन-धन योजना डेबिट कार्ड, मध्य प्रदेश सरकार की समग्र रुपे डेबिट कार्ड, राजस्थान सरकार की भामाशाह रुपे डेबिट कार्ड प्रारंभ की हैं.
- गुजरात के सभी एटीएम में बिजली के बिलों के भुगतान (गुजरात ऊर्जा बिल भुगतान सेवा) संबंधी नई सेवा की शुरुआत की गई है.

- **कैश रिसाइकलर्स/बंच नोट एक्सेप्टर (बीएनए)**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	वर्ष के दौरान वृद्धि
स्थापित कैश रिसाइकलर्स/ बंच नोट एक्सेप्टर	100 (बीएनए)	390	290

- आपके बैंक ने 20 जुलाई 2014 को देश में प्रथम कैश रिसाइकलर की शुरुआत की.
- कैश रिसाइकलर मशीन से बैलेंस इंक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट तथा पिन बदलने संबंधी सुविधा के अलावा कैश जमा और आहरित किए जाने की सुविधा उपलब्ध है.
- कैश रिसाइकलर मशीनें रिटेल तथा व्यावसायिक ग्राहकों दोनों में लोकप्रिय हैं चूंकि इनका परिचलान आसान और 24X7 उपलब्ध है.

❖ **सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर्स**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	वर्ष के दौरान वृद्धि
स्थापित की गई सेल्फ सर्विस पासबुक मशीनें	1,200	2,300	1,100
जारी की गई मैगनेटिक स्ट्रिप की संख्या (लाख में)	8.23	65.67	57.44

- यह सुविधा ग्राहकों की जरुरतों के अनुरुप सरल और कारगर होने के कारण ग्राहकों के प्रत्येक वर्ग में प्रचालित है, इसमें पासबुक अपडेशन की ऑनलाइन सुविधा है.
- स्वयं सेवा पासबुक प्रिंटर्स सभी मेट्रो तथा शहरी शाखाओं में उपलब्ध कराए गए हैं. इन्हें ऐसी अर्द्धशहरी और ग्रामीण शाखाओं में भी उपलब्ध कराया गया है जहां लोग अधिक आते हैं.

❖ **इंटरनेट बैंकिंग (बड़ौदा कनेक्ट)**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	प्रतिशत वृद्धि
प्रयोक्ताओं की संख्या (लाख में)	13.68	17.08	24.85
सहबद्ध खातों की संख्या (लाख में)	61.79	81.23	31.46

- बड़ौदा कनेक्ट में कई नई सेवाएं जिनमें आइएमपीएस का इस्तेमाल करते हुए निधि अंतरण, आवर्ती जमा के लिए ऑनलाइन आवेदन, पीपीएफ खाते में निधि अंतरण, बैलेंस देखना तथा पीपीएफ खाते की विवरणी, ग्राहक के रजिस्टर्ड मोबाइल हैण्डसेट पर स्वयं ओटीपी जनरेट करने की सुविधा आदि शामिल है, समाहित की गई है.

❖ **मोबाइल बैंकिंग**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	प्रतिशत वृद्धि
रजिस्ट्रेशनों की संख्या (लाख में)	12.95	27.12	109.42
कुल टर्नओवर	46,525	2,91,527	526.60
औसत संव्यवहार प्रतिदिन	16,822	49,500	194.25

- बेहतर यूजर अनुभव, उन्नत निधि अंतरण तथा मोबाइल टॉपअप सुविधाओं से युक्त एक नई आईकान पर आधारित एप्लीकेशन प्रारंभ की गई.
- आम जनता के लिए नेशनल यूनिफाइड यूएसएसडी प्लेटफार्म सेवा की शुरुआत की गई.

❖ **मल्टी फंक्शनल कियोस्क**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	वर्ष के दौरान वृद्धि
परिचालित किए गए मल्टी फंक्शनल कियोस्क की संख्या	-	122	122

- मल्टी फंक्शनल कियोस्क सहज प्रयोग विकल्पों के साथ सीटीएस इंटिग्रेशन में चेक जमा करने, निधि अंतरण, बिल भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग तथा सूचना सेवाओं की सुविधा प्रदान करता है. यह प्रयोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प है.

❖ **इंटरनेट पेमेंट गेटवे**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	प्रतिशत वृद्धि
कुल टर्नओवर (रु. करोड़ में)	118.33	299.55	153.15
लाभ (रु. लाख में)	130.02	183.43	41.08

- आपके बैंक का नामांकित व्यापारियों के ग्राहकों को अतिरिक्त भुगतान विकल्प के रुप में प्रमुख बैंकों की नेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने

के लिए दो भुगतान संग्रहकों- साइट्रस पेमेंट सोल्यूशनस प्रा.लि. तथा पेटीएम के साथ टाइअप है.

❖ **कान्टेक्ट सेंटर**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	सुधार प्रतिशत में
एजेंटों द्वारा फोन कॉल अटेंड करना (लाख में)	55.98	69.32	26.08

- आपके बैंक के कान्टेक्ट सेंटर में एजेंटों द्वारा अटेंड की जाने वाली औसत फोन कॉल संख्या बढ़कर 26,000 प्रतिदिन से अधिक हो गई है.
- कान्टेक्ट सेंटर के माध्यम से प्रारंभ की गई नई सुविधाओं में नेट आधारित ग्राहकों की पूछताछ का वेब चैट के माध्यम से समाधान बर्हिगामी फोन कॉल्स, एटीएम/पीओएस मशीनों के लिए धोखाधड़ी जोखिम मॉनिटरिंग शामिल है.

❖ **एनईएफटी/आरटीजीएस**

विवरण	एनईएफटी		आरटीजीएस	
	31.03.2014	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2015
कुल आवक संव्यवहार (लाख में)	281.39	404.34	27.05	31.55
कुल जावक संव्यवहार (लाख में)	97.76	104.68	32.67	37.01

❖ **बड़ौदा कैश मैनेजमेंट**

विवरण	31.03.2014	31.03.2015	प्रतिशत वृद्धि
संव्यवहारों की संख्या (लाख में)	47.06	64.14	36.29
टर्नओवर (करोड़ में)	27,388	31,262	14.14
आय (करोड़ में)	1.31	1.58	20.61

- **गिफ्ट कार्ड**
- आपके बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान जारी गिफ्ट कार्डों की संख्या 53,124 थी.
- जारी किए गिफ्ट कार्डों की कुल मूल्य राशि रु. 20.16 करोड़ थी.
- वर्ष के दौरान रु. 141.27 लाख का लाभ अर्जित किया गया.
- **बड़ौदा ट्रेवल इज़ी कार्ड**
- वर्ष के दौरान जारी किए गए ट्रेवल इज़ी कार्डों की संख्या 1072 थी.
- जारी किए इन कार्डों की कुल मूल्य राशि रु. 24. 61 करोड़ थी.
- अर्जित लाभ रु. 46.75 लाख था.
- **डिपॉजिटरी परिचालन**
- आपके बैंक ने डिपॉजिटरी परिचालन के तहत वर्ष के दौरान 946 खाते खोले.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान ई-बिजनेस अन्य पहलें

- आपके बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए उनके खाते का शेष जानने के लिए 'मिस्ड कॉल' सुविधा प्रारंभ की है. मौजूदा औसत कॉल लगभग 1,21,000 प्रतिदिन है.
- इलेक्ट्रानिक संव्यवहारों यथा इसीएस, एपीबीएस,डीबीटीएल संव्यवहारों को प्रोसेस करने के लिए बैंक में एक नया प्लेटफार्म नेशनल ऑटोमेटिड क्लीयरिंग हाऊस क्रियान्वित किया गया है.
- ग्राहकों को ई-उत्पादों/सेवाओं तथा संबद्ध सुरक्षा उपायों के लिए शिक्षित एवं अपडेट करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहकों को लगभग 1.50 करोड़ शिक्षा एवं जागरुकता से जुड़े एसएमएस भेजे हैं.
- बैंक के उत्पादों तथा सेवाओं को आकर्षक रुप में प्रचारित करने के लिए देश भर में ई-लॉबीज तथा ऐसी शाखाओं जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं, 400 बड़े आकार के एलइडी लगाए गए हैं. इन एलइडी पर डिस्पले की जाने वाली सामग्री का ट्रांजेक्शन बैंकिंग विभाग द्वारा चयन एवं प्रसारण किया जाएगा.
- आपके बैंक ने वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों का प्रचार प्रसार टीवी, रेडियो, समाचार पत्रों, मूवी थियेटर तथा प्रमुख स्थानों पर लगे होर्डिंग जैसे अनेक माध्यमों से किया है. इसके अलावा सभी डिलीवरी चैनलों के लिए श्रव्य एवं दृश्य प्रेजेन्टेशन तैयार किए गए है और उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अंचल/क्षेत्रों को भी भेजा गया है.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए प्रस्तावित नई पहलें

- 100 और बड़ौदा नॉन स्टॉप लॉबीज़ की स्थापना.
- एटीएम तथा कैश रिसाइकलर्स की संख्या बढ़ाकर 31.03.2016 तक क्रमशः 10000 तथा 2500 करना.
- मल्टी फंक्शनल कियोस्क का विस्तार तथा इनकी संख्या 1000 तक पहुंचाना.
- स्वयं सेवा पासबुक प्रिंटर्स की संख्या बढ़ाकर 3000 करना.
- डेबिट कार्ड के दो नए प्रारुपों की शुरुआत.
- कार्ड से कार्ड निधि अंतरण, डेबिट कार्ड तथा एटीएम पिन के माध्यम से रेलवे टिकिट बुकिंग, एसएमएस के माध्यम से डेबिट कार्ड ब्लाकिंग जैसी मूल्य वर्धित सेवाएं प्रारंभ करना.
- इसीएस से एनएसीएच प्लेटफार्म में माइग्रेशन.

मानव संसाधन - व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए सक्षमता एवं जोश पैदा करना

श्रीमती विंध्या रमेश, महाप्रबंधक (मा.सं.प्र.) ने मुंबई में बैंकिंग फ्रंटियर वर्क प्लेसेज अवार्ड्स 2014 द्वारा बैंक को प्रदत्त सर्वोतम एच आर एवं टैलंट प्रैक्टीसेज अवार्ड प्राप्त किया.

आपके बैंक की सफलता एवं इसका चहुंमुखी विकास, बैंक में विद्यमान विभिन्न आस्तियों के परिणामस्वरूप है. इनमें से सबसे महत्वपूर्ण है इसकी मानव पूंजी - इसमें कार्य करने वाले कर्मचारी, जिन्होंने बैंक को वृद्धि के माध्यम से व्यापक परिप्रेक्ष्य में नई ऊंचाइयों पर पंहुचाया है.

आपके बैंक के पास 49,000 कुशल एवं योग्य कर्मचारियों के रूप में एक बड़ी श्रम शक्ति है, **जो चिंतन, ध्यान तथा सक्षमता के माध्यम से हितधारकों के मूल्य संवर्धन** के लिए सदैव प्रतिबद्ध है.

अपनी उत्कृष्टता के इस सफर में ऊंचाइयों पर पहुंचने की सभी हितधारकों की बड़ी आकांशाओं और बडे सपनों को पूरा करने का उत्तरदायित्व आपके बैंक ने लिया है, यह वास्तव में आपके बैंक की **मानव शक्ति** ही है जिसने यह संभव किया है.

आपके बैंक के निरंतर विकास के लिए इस पूंजी का महत्व समझने के लिए जहां एक तरफ तो बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति, प्रतिभावान लोगों की व्यापक भर्ती, बड़ी मात्रा में प्रशिक्षण आवश्यकताएं, उच्च उत्पादकता के लिए लगातार नई योजनाएं एवं उन्हें लागू करने जैसी बहुत सी चुनौतियां हैं, वहीं दूसरी तरफ आपके बैंक ने हाल ही में और मुख्यतः वित्तीय वर्ष-14 में मानव संसाधन के क्षेत्र में बहुत सारी पहलें की हैं.

भर्ती, पदोन्नति, तैनाती इत्यादि जैसी नियमित मानव संसाधन गतिविधियों के अलावा आपके बैंक में व्यापक एवं बेहद सुगठित मानव संसाधन प्रोजेक्ट के सम्पूर्ण विस्तार के अंतर्गत मानव संसाधन संबधी नये संशोधन/ सुधार प्रारम्भ करने का कार्य किया गया है. कुछ मुख्य सुधार निम्नलिखित हैंः

1. **मानव संसाधन से जुड़ी सेवाएं सीपीसी की शुरूआतः** विभिन्न मानव संसाधन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित, ध्यान केन्द्रीत करने एवं दक्षता लाने के लिए एक संशोधित मानव संसाधन ढांचा तैयार किया गया है. इसके अंतर्गत एक मानव संसाधन से जुड़ी सेवाएं सीपीसी का गठन किया गया है. जिसके माध्यम से रूटीन मानव संसाधन दावे जो अभी तक शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों, अंचल कार्यालयों के द्वारा निष्पादित किये जाते थे, उन्हें केन्द्रीकृत किया गया है, जिसके कारण मानव संसाधन प्रशासन में अद्भुत दक्षता आई है. इसने विषेश कर निम्न कार्यों को सफल बनाया हैः

- मानव संसाधन के समय को विकास एवं कार्योन्मुखी गतिविधियों के लिए बचाया है
- प्रतिपूर्ति आदि से संबंधित लागू नियमों को एकसमान अर्थघटन करते हुए लागू करना एवं असमानताओं को पूरे बैंक में दूर करना. प्रतिपूर्ति दावों के निष्पादन संबंधित असमानताओं को दूर करते हुए पूरे बैंक में वर्तमान नियमानुसार एकसमान प्रस्तुतीकरण को संभव बनाया है.
- दावों के निष्पादन हेतु तीव्र - "टर्न अराउंड टाइम" - दावे की प्राप्ति के 48 घंटे में निष्पादन.

पेरोल में ऑनलाइन लाभ/दावा माड्यूल को सक्रिय करना

कर्मचारियों के लिए विभिन्न अनुलाभों/भत्तों के दावों जिनका निष्पादन पहले मैनुअल रूप से किया जाता था उनका आपके बैंक की पेरोल प्रणाली से ऑनलाइन एवं मानव संसाधन सेवाएं सीपीसी में केन्द्रीकृत की गई हैं.

2. **मानव संसाधन प्रशासनिक कार्यकुशलता को सुधारने के लिए विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी टूल्स का कार्यान्वयन**

   विभिन्न शाखाओं/इकाईयों में वैज्ञानिक आधार पर स्टॉफ बल की आवश्यक्ता का पता लगाने के लिए मानवशक्ति आयोजना संबंधित निर्णयों - भर्ती, पोस्टिंग, ट्रांसफर एवं पदोन्नति की प्रक्रिया को आसान बनाया है.

3. **ऑनलाइन कार्यनिष्पादन प्रबंधन माड्यूल कार्यान्वित**

   सिस्टम को अधिक सुदृढ़, वस्तुनिष्ठ एंव तीव्र बनाने के लिए वर्ष 2014-15 से अधिकारियों के लिए कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली ऑनलाइन माध्यम में उपलब्ध कराई गई.

4. **नई भर्ती हेतु ढ़ांचागत ऑन-बोर्डिंगः**

   आपके बैंक में एक बड़ी संख्या में नई भर्तियों को ध्यान में रखते हुए एक ढ़ांचागत ऑन-बोर्डिंग कार्यक्रम संचालित किया गया है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए भर्ती अधिकारियों एंव कर्मचारियों को व्यवहारिक एवं सांस्कृतिक ऑन-बोर्डिंग प्रशिक्षण देते हुए उन्हें सुखद कार्यग्रहण अनुभव के साथ-साथ कार्य के लिए तेजी से तैयार करना है. अधिकारियों के लिए यह ऑन-बोर्डिंग 6 माह का है एवं विशेषज्ञों के लिए क्षेत्र विशेषज्ञता के आधार पर 7-8 सप्ताह का, लिपिक वर्ग के लिए 2 सप्ताह के लिए होता है.

5. **कर्मचारियों के लिए व्यापक कार्यनिष्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना का शुभारंभः**

   बैंक द्वारा सभी कर्मचारियों एवं इकाईयों को अपनी परिधि में शामिल करते हुए व्यापक कार्यनिष्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना बनाई गई है. इस योजना में आपके बैंक की 25% श्रेष्ठतम कार्यनिष्पादन करने वाली शाखाओं/इकाईयों में कार्य करने वाले 25% कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि के भुगतान का प्रावधान किया गया.

   कार्यनिष्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना पूर्ववर्ती प्रभाव 2012-13 से लागू की गई. दिनांकः 30 जून 2014 तक वर्ष 2012-13 के लिए सभी पात्र स्टॉफ सदस्यों को इस योजना की राशि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. योजना के अंतर्गत वर्ष 2012-13 के लए 4 अंचलों, 14 क्षेत्रीय कार्यालयों, 954 शाखाओं एवं 32 परिचालिन इकाईयों के लगभग 11,614 कर्मचारियों ने रू. 26.12 करोड़ की कुल प्रोत्साहन राशि प्राप्त की.

६. **कर्मचारी जुड़ावः**

   कर्मचारियों को प्रोत्साहित एवं जुड़ाव रखने के लिए कई पहलें तैयार की गईं. जुड़ाव पहलों का निरूपण इस उद्देश्य से किया गया है कि इससे कर्मचारियों में अपने कार्य, सहकर्मियों, संगठन के साथ जुड़ाव /सामंजस्य स्थापित हो. कर्मचारियों की कार्यकुशलता के विकास के लिए विभिन्न प्रयास किए गए हैं जिसमें एचआर कनेक्ट, कर्मचारियों का संकेन्द्रीत संवाद एवं निष्ठा भाव, गर्व, संकल्प जागृत करना जैसे कि शाखाओं में एचआर विजिट, व्यवसाय टाउन हॉल बैठकों का आयोजन करना, एक्जिट साक्षात्कार आदि शामिल है.

वित्तीय वर्ष 2015 में मानव संसाधन क्षेत्र में कुछ प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैंः

नीतिपरक मानव शक्ति आयोजना एवं भर्ती अभियानः

व्यवसाय वृद्धि एवं इसे बरकरार रखने के लिए मानव शक्ति का सर्वोत्कृष्ठ मिश्रण/सामंजस्य एक पूर्वशर्त है. अतः स्तर, कौशल आधारित एवं शाखा द्वारा जनबल की आवश्यकताओं के अनुमान लगाने हेतु वैज्ञानिक जनबल योजना/नियोजन मॉडल तैयार किया गया. यह मॉडल मानव संसाधन कार्यों जैसे कि भर्ती नियोजन, कैरियर प्रगति, रिक्तियां एवं नियुक्ति हेतु अगले कुछ वर्षों तक नीतिपरक मानव शक्ति नियोजन में सहायक होगा.

आपके बैंक ने एक स्पष्ट परिभाषित नियुक्ति नीति बनाई है जो कि नीतिपरक जनबल आयोजना द्वारा अनुमानित बड़ी संख्या में भर्ती को विभिन्न चैनलों से भर्ती संचालित करता है.

बैंक की वेबसाइट पर एक विशेषरूप से तैयार 'कैरियर पोर्टल' लांच किया गया है, जो कि आगे इसके महत्व को स्पष्ट करता है कि भावी आवेदक को विभिन्न पहलुओं का पूर्वानुमान लगा कर बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्य करने

के चयन को वरीयता क्यों देनी चाहिए. यह कार्यनीति आपके बैंक की "नियोक्ता ब्रांडिंग" को असीम प्रेरक शक्ति प्रदान करती है.

बड़ौदा परिवार में नई नियुक्तियों के सरल एवं प्रभावी समाकलन के लिए आपके बैंक ने एक सुनियोजित, व्यवस्थित एवं संक्रेंद्रित "ऑन बोर्डिंग कार्यक्रम" शुरू किया है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्तों के बैंक में न केवल व्यावहारिक समाकलन बल्कि संस्था की संस्कृति को भी उनमें आत्मसात कराना है. इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने नवनियुक्तों के लिए "बड़ौदा सारथी" मेंटरिंग कार्यक्रम भी लांच किया है. इसमें वरिष्ठ स्टॉफ - मेंटर के रूप में नए स्टाफ सदस्य को कॉर्पोरेट वर्ल्ड में सामंजस्य बनाने में एवं आपके बैंक में कार्य एवं इसकी महत्ता को अपनाने में मदद करते हैं.

बड़ौदा मणीपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग

बड़ौदा मणीपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और मणीपाल ग्लोबल एजूकेशन का बैंक ऑफ़ बड़ौदा में बैंकिंग कैरियर के लिए विद्यार्थियों को 'फर्स्ट डे, फर्स्ट आवर' प्रोडक्टिविटी मॉडल पर प्रशिक्षण देने का अनूठा संयुक्त प्रयास है जिसके माध्यम से प्रशिक्षित अधिकारियों का तैयार दल प्राप्त होता है. विद्यार्थी एक वर्षीय संकेन्द्रित कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं जो कि विशिष्ट रूप से बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जाता है और बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में शामिल किए जाने से पहले वे बैंकिंग व वित्त में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल करते हैं. यह कार्यक्रम प्रशिक्षण, भर्ती एवं तैनाती के इनवर्टिड मॉडल पर कार्य करता है.



इस नवीन संसाधन चैनल की शुरूआत वित्तीय वर्ष 2012 में हुई एवं अब तक 3,417 विद्यार्थी इस कोर्स को पूरा कर चूके हैं/रहे हैं. आपके बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर 2,156 विद्यार्थियों ने कार्यग्रहण किया है.

वित्तीय वर्ष-15 के दौरान भर्ती अभियान

आपका बैंक वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सेवानिवृत्ति, व्यवसाय विकास को बनाए रखने व तीव्र शाखा विस्तार इत्यादि पर विशेष ध्यान देते हुए भर्ती के विशेष प्रयास कर रहा है. आपके बैंक की श्रम शक्ति संबंधी समस्या को दूर करने के लिए वर्ष के दौरान भर्ती के लिए विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया गया. आपके बैंक की दोनों ही तरह की जरूरतों -सामान्य रूप से नौकरी छोडकर जाने वालों की जगह भरने व व्यवसाय विकास की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से विशेषज्ञ अधिकारियों, परिवीक्षाधीन अधिकारियों तथा लिपिकों की भर्ती की शुरुआत की गई. आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों/ वेतनमानों में 3,407 अधिकारियों (सामान्य और विशेषज्ञ दोनों), 2594 लिपिकों तथा 620 अधीनस्थ संवर्ग के स्टाफ सदस्यों की भर्ती की, वित्तीय वर्ष 15 की अवधि के दौरान कुल 6,621 नए कर्मचारियों की भर्ती की गई. भर्ती प्रक्रिया 2015-16 के दौरान भी जारी है जिसके तहत अधिकारियों के लगभग 5,550 पदों और लिपिकों के 4,000 पदों को भरने की भर्ती प्रक्रिया चल रही है.

प्रतिभा प्रबंधन पद्धति

बैंक में संभावित युवा लीडरों को चिन्हित करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने की दृष्टि से ताकि वे कठिन परिस्थितियों में काम कर सकें और भविष्य में भावी नेतृत्व प्रदान कर सकें, आपके बैंक ने एक सुगठित टेलेन्ट मेनेजमेंट सिस्टम बनाने तथा उसे लागू करने के लिए बडा कदम उठाया है. यह पद्धति विभिन्न मानदंडों के आधार पर भविष्य के संभावित लीडरों का चयन करती है प्रत्येक चयनित लीडर को विधिवत विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षित भी करती है.

यह एक वार्षिक प्रक्रिया है और वित्तीय वर्ष-15 में आपके बैंक ने अधिकारियों के विभिन्न स्केल अर्थात् स्केल II, III, IV, V तथा VI में लगभग 20% लोगों का चयन भावी लीडरों के रूप में किया है.

कैरियर विकास हेतु रूप-रेखा

आपके बैंक द्वारा कर्मचारियों के कैरियर विकास के प्रोत्साहन हेतु समन्वित प्रयास किए गए हैं. खासकर उनके प्रयासों के लिए उन्हें पुरस्कृत करना तथा उन्हें कार्पोरेट पदानुक्रम अर्थात् कैरियर में आगे लाना और इस प्रकार संस्थागत तथा व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभिप्रेरित करना शामिल है.

आपका बैंक न केवल पदानुक्रम में आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करता है बल्कि उन्हें विस्तृत एक्सपोजर प्रदान करने तथा उनके लिए कडी मेहनत से प्राप्त किया जाने वाला एक स्पष्ट कैरियर पाथ प्रदान करने के लिए विभिन्न कार्यों में अधिकारियों का समानांतर स्तर भी सुनिश्चित करता है.

हाल के वर्षों की तरह, वित्त वर्ष 15 में भी, सभी संवर्गों में पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित की गई तथा निम्नलिखित तालिका के अनुरूप कुल 2,259 कर्मचारियों को उच्च ग्रेड/ स्केल में पदोन्नत किया गया.

सब-स्टाफ से क्लर्क	320
क्लर्क से अधिकारी	575
जेएम-I से एमएम-II (अधिकारी से प्रबंधक)	448
एमएम-II से एमएम-III (प्रबंधक से वरि. प्रबंधक)	342
एमएम-III से एसएम-IV (वरि. प्रबंधक से मुख्य प्रबंधक)	410
एसएम-IV से एसएम-V (मुख्य प्रबंधक से सहा. महाप्रबंधक)	100
एसएम-V से टीईजी-VI (सहा. महाप्रबंधक से उप महाप्रबंधक)	43
टीईजी-VI से टीईजी-VII (उप महाप्रबंधक से महाप्रबंधक)	21

एचआर प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन

आपके बैंक नें एचआरएम, प्रशिक्षण, पे-रोल व छुट्टी के मॉड्यूल जैसी कर्मचारी सेवाओं के लिए एक विशिष्ट एचआर तकनीक प्लेटफार्म तैयार किया है, जिसे **'कर्मचारी सेवाओं के लिए मानव संसाधन नेटवर्क (एचआरएनईएस)'** नाम दिया गया है. इस तकनीकी प्लेटफार्म ने विभिन्न एचआर कार्यों एवं प्रक्रियाओं को स्वचालित कर दिया है. एचआर स्वचालन, विभिन्न एचआर पहलों को बनाए रखने तथा उनको क्रियान्वित करने में अत्यंत कारगर है तथा कुछ प्रक्रियाओं को पूरी तरह स्वचालित कर दिया गया है इससे एचआर कार्यों की दक्षता में वृद्धि होती है वहीं समय भी कम लगता है.

उपरोक्त एचआर कार्यों के अतिरिक्त, वित्त वर्ष-14 के दौरान आपके बैंक में एचआर विभाग की कार्य प्रणाली भी सुदृढ़ की गई है तथा नियमित प्रशासनिक गतिविधियों का एचआर बैक-ऑफिस में केन्द्रीकरण कर इसे और अधिक सक्षम बनाया गया है.

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडें वर्गों के विकास पर विशेष बल

बैंक भारतीय समाज के एससी/एसटी एवं अन्य पिछडे वर्गों से जुडे व्यक्तियों के विकास एवं कल्याण संबंधी संवैधानिक उपबंधों एवं सामाजिक उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध है. हमारा बैंक पूरे बैंकिंग उद्योग में उन चुनिंदा बैंकों में से

एक है जिसके पास एससी एवं एसटी संवर्ग से जुडे अधिकतम कर्मचारी हैं, जिससे बैंक की इस वर्ग के विकास एवं उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है. बैंक द्वारा एससी एवं एसटी लोगों के विकास एवं कल्याण के संबंध में किए गए प्रयासों का संक्षिप्त उल्लेख नीचे किया गया है.

1. **नौकरियों में आरक्षण**

बैंक अपनी अखिल भारतीय एवं भर्ती योजनाओं में भारत सरकार द्वारा नौकरियों में आरक्षण के संबंध में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. अखिल भारतीय नियुक्तियों में तथा बैंक द्वारा शुरु किए जा रहे भर्ती के एक नए चैनल बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग के लिए चयन में कुल पदों में से 15% पद अनुसूचित जातियों के लिए तथा 7.5% पद अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं. क्षेत्रीय आधार पर की गई अन्य भर्तियों में विभिन्न राज्यों के लिए निर्धारित उपयुक्त प्रतिशत का अनुपालन किया जा रहा है. बैंक में भर्ती के संबंध में एससी/एसटी आवेदकों के लिए भर्ती पूर्व ओरिएंटेशन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. आयु सीमा एवं योग्यता में उपयुक्त रियायत प्रदान की जाती है. एससी/एसटी अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में भी रियायत बरती जाती है ताकि आरक्षित पदों पर नियुक्ति हो सके. भर्ती हेतु समीक्षा पैनल में अनिवार्य रूप से एससी/एसटी सदस्य शामिल किया जाता है. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए एससी/ एसटी अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है. नौकरी में आरक्षण देने के अलावा बैंक विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुरूप एससी/ एसटी कर्मचारियों के कैरियर विकास एवं पदोन्नति के संबंध में आरक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करता है. पदोन्नति प्रक्रिया में भाग लेने वाले कर्मचारियों को पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है. इसके अलावा, बैंक के उपलब्ध आवासों में एससी/ एसटी के लिए 10% का आरक्षण किया गया है.

31 मार्च 2015 को स्टाफ की संख्या एवं अनुसूचित जाति तथा जनजाति का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार रहाः

कैडर	कुल	एससी	एससी%	एसटी	एसटी%
अधिकारी	22,256	3,864	17.36%	1,698	7.63%
लिपिक	18,976	2,842	14.98%	1,474	7.77%
सब स्टाफ	8,146	2,664	32.70%	805	9.88%
कुल	49,378	9,370	18.98%	3,977	8.05%

2. **आरक्षण कक्ष**

बैंक में आरक्षण तथा एससी/ एसटी कर्मचारियों के लिए अन्य सम्बद्ध प्रावधानों की निगरानी के लिए एक विशेष आरक्षण कक्ष कार्यरत है. महाप्रबंधक स्तर के एक कार्यपालक एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यू एवं भूतपूर्व कर्मचारियों के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी हैं जो एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यू एवं भूतपूर्व कर्मचारियों से संबंधित विविध दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं. बैंक के प्रत्येक अंचल में एससी/ एसटी हेतु एक संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अंचल के एससी/ एसटी कर्मचारियों के सभी मामलों एवं शिकायतों के निपटारे की स्थिति की देखरेख करता है.

3. **अनुसूचित जाति/ जनजाति कल्याण संघ के साथ बैठक**

बैंक कार्पोरेट स्तर की अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ तिमाही आधार पर बैठकें आयोजित करता है ताकि उनके साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा सके एवं एससी/ एसटी संबंधी आरक्षण तथा अन्य प्रावधानों की समीक्षा की जा सके. इन बैठकों में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा वरिष्ठ कार्यपालक जिसमें एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी एवं भूतपूर्व कर्मचारियों हेतु मुख्य संपर्क अधिकारी शामिल है, भाग लेते हैं.

4. **भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर मैमोरियल ट्रस्ट**

बैंक ने 1991 में 'भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर मैमोरियल ट्रस्ट' की स्थापना की जिससे कि एससी/ एसटी कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों के लाभ हेतु कल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके. एससी/ एसटी कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के अतिरिक्त यह ट्रस्ट देश के महत्वपूर्ण केन्द्रों पर सामान्य एससी/ एसटी समुदाय के जरूरतमंद छात्रों को भी छात्रवृत्ति प्रदान करता है.

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग

दिनांकः 19 मार्च, 2015 को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने मुंबई का दौरा किया. आयोग के सुझावों एवं दिशानिर्देशों का हमारे बैंक द्वारा पूर्ण रूप से से पालन किया जा रहा है.

एचआर के क्षेत्र में बैंक के समग्र प्रयासों के कारण, आपके बैंक ने नियोजकों के क्षेत्र में अपनी सकारात्मक पहचान बनाई है जिसे इस तथ्य के साथ प्रमाणित किया जा सकता है कि वर्ष 2013 में आईबीपीएस की रैंकिंग के अनुसार नये भर्ती होने वालों के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा सबसे पहली पसंद का सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक रहा है.

प्रशिक्षण एंव विकास के लिए एक समर्पित कक्ष

अनुसंधान, शिक्षण एवं विकास

पिछले कुछ वर्षों में आपके बैंक ने नवोन्मेषी एवं अभिनव प्रयासों की श्रृंखलाओं की शुरूआत कर बैंकिंग उद्योग जगत में सफलतापूर्वक अपनी छवि बनाई है एवं "बड़ौदा अकादमी" ब्रांड नाम अर्जित किया है.

प्रतिस्पर्धा के दौर में स्टाफ सदस्यों की कार्यक्षमता की और कौशल को बढाने के लिए प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण कारक है. बड़ौदा अकादमी नए भर्ती अधिकारियों/स्टॉफ को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ स्टॉफ सदस्यों को बैंकिंग के प्रमुख क्षेत्र जैसे कि अग्रिम, विदेशी विनिमय, आधारभूत बैंकिंग आदि में व्यापक रूप से प्रशिक्षित करता है.

संगठन में व्यापक रूप से नवोन्मेषी संस्कृति के प्रसार के लिए बैंक के प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंच बनाने के लिए ई-लर्निंग के क्षेत्र में बैंक ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं.

श्री एस. ज्ञानवेल, महाप्रबंधक (सीएलओ एवं बीपीआर) आईएसटीडी भुवनेश्वर द्वारा प्रदत्त नैशनल अवार्ड इन इन्वोवेशन एंड ट्रेनिंग अवार्ड प्राप्त करते हुए.

आपकी प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा नवोन्मेषी तकनीकी पहलेंः

बड़ौदा नेट अकादमीः दिनांकः 21.07.2014 को आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने ई-लर्निंग पाठ्यक्रम के लिए स्टेट ऑफ द आर्ट

शिक्षण प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ किया, जो कि इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं. इस प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

- बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसांधान संस्थान के इंडियन बैंकिंग कम्यूनिटी क्लाउड पर मौजूदगी. हमारा बैंक प्रथम ऐसा बैंक है जिसने ई-लर्निंग के लिए इस सुविधा का प्रयोग किया है.
- बैंक के कर्मचारी किसी भी डिवाइस जैसे पीसी, लेपटॉप तथा मोबाईल के माध्यम से अपनी सुविधानुसार किसी भी स्थान अथवा समय बैंक तक अपनी पहुंच बना सकते है.
- कर्मचारियों का ज्ञान एवं व्यवसाय कौशल बढाने के लिए विभिन्न कार्यात्मक एवं व्यावहारिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं.
- न्यूनतम लागत में आपके बैंक की सभी कर्मचारियों तक पहुचं की क्षमता.
- कर्मचारियों ने अब तक 1 हजार से भी अधिक घंटों की अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है.

मोबाइल स्निपेट्स: आपका बैंक पहला बैंक है जिसने 'मोबाइल स्निपेट्स" लांच किया है. यह कर्मचारियों की सुविधा के लिए एक मोबाइल एपलिकेशन है. यह कर्मचारियों को दैनिक बैंकिंग समाचार, महत्वपूर्ण बीओबी/ आरबीआई परिपत्रों, गृह-प्रकाशन, भावी कार्यक्रम की सूचना एवं विडियो संदशों को एक्सेस करने की सुविधा प्रदान करता है. यह प्रयोगकर्ता को एक साथ विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी ऑफर करता है. जब कभी महत्वपूर्ण सामग्री अपलोड की जाती है तो रीयल टाइम अलर्ट जारी किया जाता है. यह एपलिकेशन बैंक में हो रही महत्वपूर्ण गतिविधियों संबंधित फोटो, विडियो साझा करने की सुविधा प्रदान करता है.

फेसबुक पृष्ठ: - "बड़ौदा एपेक्स अकादमी" का अनौपचारिक शिक्षण के लिए एक फेसबुक पृष्ठ है.

पुरस्कार एवं सम्मान :

विगत वर्ष आपके बैंक के लिए उल्लेखनीय वर्ष रहा, बैंक की शिक्षण पद्धति को पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए. शिक्षण एंव प्रगति के क्षेत्र में आपके बैंक को मिले पुरस्कार निम्नानुसार हैं:

- वर्ष 2014 हेतु "गोल्डन पीकॉक" राष्ट्रीय प्रशिक्षण अवार्ड
- नवोन्मेषी प्रशिक्षण पद्धति, 2014 के लिए आईएसटीडी (इंडियन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एण्ड डेवेलपमेंट) अवार्ड
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में प्रशिक्षण, मानव संसाधन, इ-लर्निंग, पहल श्रेणी में आईबीए अवार्ड

माइंड जिम सीरीज:

आपके बैंक द्वारा माइंड जिम सीरीज नाम एक कार्यकम की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत अभिप्रेरणा, वक्तव्य, विडियो शो एवं समूह गतिविधियों का आयोजन कर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से हटकर अधिक व्यापक आधार पर शिक्षण की व्यवस्था की है. इस सीरीज के अंतर्गत बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर में आयोजित व्याख्यान को स्टॉफ सदस्यों द्वारा प्रशंसा एवं सराहना की गई.

ग्राहक शिक्षा - "कस्टमर कनेक्ट" अभियान:

ग्राहक शिक्षा के कार्यक्रम के रूप में मार्च 2015 में शिक्षण प्रणाली के द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया. इसमें 20,000 से अधिक की संख्या में ग्राहकों को कवर किया गया है और यह प्रयास अगले वर्ष भी जारी रहेगा. कस्टमर कनेक्ट अभियान के दौरान निम्नलिखित चार उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया.

- महानगरीय एवं शहरी शाखाओं के लिए वैकल्पिक डिलिवरी चैनल
- लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए एमएसएमई उत्पाद
- ग्रामीण इलाकों में संयुक्त देयता समूहों पर जागरूकता एवं सब्सिडी योजना, कृषि उत्पाद
- व्यवसाय प्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तरीय उद्यमियों को ग्राहक शिक्षा एवं खुदरा एवं कृषि उत्पादों की क्रॉस-सेलिंग हेतु समग्र एवं विशिष्ट बिक्री गुण (यूएसपी)

पीडब्ल्यूडी (शारीरिक रूप से अक्षम) स्टॉफ के लिए विशेष कार्यक्रम

क) दृष्टिबाधित कर्मचारियों को सशक्त बनाने के लिए बड़ौदा एपेक्स अकादमी, अहमदाबाद में इस प्रकार का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह 6 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम तकनीकी एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण मिलाजुला कार्यक्रम था. इस संबंध में उल्लेखनीय बात यह थी कि कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों के साथ-साथ संचालन करने वाले संकाय सदस्य भी दृष्टिबाधित थे.

ख) श्रवणशक्ति में अक्षम कर्मचारियों को उनकी क्षमतानुसार श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन में सक्षम बनाने के उद्देश्य से उनके लिए एक तीन दिवसीय आवासीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

बाह्य प्रशिक्षण:

वित्तीय वर्ष-15 के दौरान विभिन्न बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए लगभग 11,900 स्टाफ सदस्यों को नामांकित किया गया. आपका बैंक **बाह्य प्रशिक्षण** को क्षमता निर्माण का अभिन्न भाग मानता है, इन कार्यक्रमों में उद्योग में विद्यमान उत्कृष्ट कार्य प्रणाली को सीखने तथा उसे अपनाने के लिए सभी स्तर के कर्मचारी भाग लेते है.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान आयोजित किए गए कुछ महत्वपूर्ण एवं समर्पित कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

1 **अधीनस्थ स्टॉफ के लिए विशेष कार्यक्रम** "संग सीखें, संग बढ़ें": आपके बैंक ने सभी क्षेत्रों में अधीनस्थ स्टॉफ के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम "संग सीखें, संग बढ़ें" को स्थानीय भाषा में तैयार किया है. देश भर में 18-35 वर्ष तक के 1,070 अधीनस्थ स्टॉफ को प्रशिक्षित किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को कार्य संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ उनके अपने स्वाभिमान में वृद्धि करना है.

2 **प्रोजेक्ट उत्कर्ष:**

आपके बैंक ने स्थानीय अंचलों के साथ परामर्श कर सभी कार्यरत लिपिक कर्मचारियों को व्यावहारिक, कार्यात्मक एवं तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए प्रोजेक्ट उत्कर्ष (रिफ्रेशर कोर्स) तैयार किया है. इस प्रोजेक्ट में पूरे भारत में 14000 लिपिकों में से 11575 लिपिकों को शामिल करते हुए लगभग 83% लक्ष्य समूह को कवर किया है.

3 **नवनियुक्त आईटी अधिकारियों के लिए आवश्कतानुरूप प्रौद्योगिकी उन्मुख कार्यक्रम:**

नवनियुक्त आईटी अधिकारियें के लिए आवश्कतानुरूप प्रौद्योगिकी कार्यक्रम का आयोजन आईडीआरबीटी, हैदराबाद में किया गया.

4 **मेंटरिंग कार्यक्रम:** समीक्षाधीन अवधि में 2001 नवनियुक्त अधिकारियों को कवर करने के लिए 390 नवचयनित मेंटर्स के लिए मेंटरिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया.

5 **टैलेंट पूल प्रशिक्षण:** आपके बैंक द्वारा चयनित स्केल II, III, IV के अधिकारियों के लिए टीम विकास प्रणाली, संवाद, कौशल, ग्राहक केन्द्रियता, नेतृत्व कौशल, व्यक्ति क्षमता, नीतिपरकता को विकसित करने के लिए टैलेंट प्रबंधन प्रणाली जारी रखा गया है.

6 **नेतृत्व विकास कार्यक्रमः** नए पदोन्नत महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों को नीतिपरक प्रबंधन कौशल में सामर्थ्य हासिल कराने के लिए टाटा मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर (टीएमटीसी), पुणे में एक नेतृत्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. भावी नेतृत्व को प्रशिक्षित एवं विककित करने के लिए सेंटर फॉर आरगेनाजेशन डेवलपमेंट (सीओडी) हैदराबाद में नए पदोन्नत सहायक महाप्रबंधकों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी लीडरों में नेतृत्व क्षमता, कौशल का विकास करना है, ताकि वे विद्यमान व्यावसायिक परिवेश में प्रभावी भूमिका निभा सकें.

7 **विदेशों में प्रशिक्षणः** कार्यपालकों को बैंकिंग की अंतर्राष्ट्रीय अवधारणा एवं नीतिपरक सोच को विस्तृत बनाने के लिए, जटिल मामलों के संबंध में वैचारिक समझ को व्यापक बनाने के लिए एवं प्रभावी नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए बडी संख्या में कार्यपालकों को विदेशों में स्थित प्रतिष्ठित संस्थाओं जैसे कि केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जेम्स एल एलेन सेंटर, एलिनॉयस, यूएसए, सेंटर फॉर यूनिफाइड बायोमेट्रिक्स (सीयूबीएस) एवं सेंटर फॉर एक्सिलेंस इन इन्फॉर्मेशन सिस्टम अस्योरेंस रिसर्च एण्ड एडुकेशन (सीईआईएसएआरआई) दि स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क, बफेलो, यूएसए, एशियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट - एक्जिक्यूटिव एजूकेशन एण्ड लाइफलॉग लर्निंग सेंटर (एआईएम - इएक्सेल) , मनीला और सेंटर ऑन इन्टिग्रेटेड रूरल डेवेलपमेंट फॉर एशिया एण्ड दि पैसेफिक (सीआईआरडीएपी), ढ़ाका में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया.

बिजनेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग (प्रोजेक्ट नवनिर्माण)

इस प्रोजेक्ट में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, शाखा उत्पादकता में सुधार तथा ग्राहकों को सर्वोत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से आपके बैंक की प्रक्रियाओं, संरचनाओ तथा पद्धतियों के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है.

परिवर्तन कार्यक्रम सफल रहा, और यह पहल आपके बैंक को बहुत से अवार्ड और पुरस्कार दिलाने में महत्वपूर्ण कारक रही और इससे यह सही अर्थो में **भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक** स्थापित हो सका.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान प्रोजेक्ट नवनिर्माण के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है.

- **बड़ौदा नेक्स्ट शाखाएंः** वित्तीय वर्ष 15 की समाप्ति तक लगभग 1,468 मेट्रो एवं शहरी शाखाओं को बड़ौदा नेक्स्ट शाखाओं के रूप में रूपांतरित किया गया है.
- **शाखा फ्रंट-एंड ऑटोमेशनः** क्यू मैनेजमेंट सिस्टम (क्यूएमएस), चेक डिपोजिट मशीन तथा वैयक्तिक पास बुक प्रिंटर क्रमशः 98,93 तथा 230 शाखाओं में स्थापित किए गए हैं.
- **सिटी बैक आफिस (सीबीओ)ः** सभी शाखाओं (सीबीओ से लिंक्ड) के लिए समाशोधन परिचालनों को केन्द्रीकृत किया गया. वर्तमान में पूरे देश में 85 सीबीओ कार्य कर रहे हैं.

रिजनल बैंक ऑफिस (आरबीओ)ः समीक्षा वर्ष के अंतर्गत हैदराबाद में एक आरबीओ खोला गया जिससे कुल आरबीओ 13 हो गए. कुल मिलाकर 5,051 शाखाएं बचत तथा चालू खाते खोलने के लिए लिंक की गईं तथा 5,051 शाखाएं पीसीबी (वैयक्तिक चेक बुक) जारी करने के लिए लिंक की गईं.

- **कॉनटेक्ट सेंटर** : आपके बैंक के लखनऊ तथा अहमदाबाद में दो कॉनटेक्ट सेंटर हैं. मौजूदा सेवाओं के अतिरिक्त, वर्ष के दौरान मोबाइल बैंकिंग सहायता सेवा को भी शामिल किया गया. बेहतर ग्राहक सुविधा के लिए सेवा के समय को भी प्रातः 6 बजे से रात 10 बजे (पहले प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक) तक बढ़ा दिया गया है.
- **ई-लॉबी** : आपके बैंक ने अलग-अलग अंचलों में 151 स्वतंत्र ई-लॉबी आरंभ की हैं. इसमें निम्नलिखित 6 सेवाएं दी जाती हैं - कैश डिस्पेंसर(एटीएम), बंच नोट एक्सेप्टर (बीएनए), सेल्फ सर्विस आटोमेटिक पासबुक प्रिंटर किओस्क, चेक डिपोजिट मशीन (सीडीएम), इंटरनेट बैंकिंग किओस्क तथा फोन बैंकिंग सुविधा.

विपणनः

वित्त वर्ष - 15 के दौरान सुदृढ व्यवसाय विकास एवं संबंधों में प्रगाढ़ता लाने हेतु आपके बैंक ने विभिन्न विपणन पहलों के माध्यम से बैंक ने ब्रांड और विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं के प्रचार-प्रसार पर पर ध्यान केन्द्रित किया.

यूगांडा में बैंक को ईस्ट अफ्रीका 2014 का सुपर ब्रांड अवार्ड प्रदान किया गया.

क्षेत्रीय एवं अंचल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न मीडिया माध्यमों जैसे कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक (टीवी/रेडियो) डिजिटल एवं आउट ऑफ होम (ओओएच) का प्रभावी उपयोग विपणन पहलों में शामिल हैं.

वित्त वर्ष 15 के दौरान आयोजित विभिन्न विपणन/संचार गतिविधियों की प्रमुख विशेषताएं नीचे दी गई हैं:

विगत वर्षों में बैंक द्वारा ब्रांड संबंधित पहलों जैसे कि 2005 में बैंक की पुनर्ब्रांडिंग, 2009 में सब ब्रांड - बड़ौदा नेक्स्ट, 2010 में स्टिकमैन मॉस्क्ट, 2011 में सिग्नेचर ट्यून का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक द्वारा हमारे 'मॉस्क्ट' को "बॉबमित्र" नाम दिया गया. जिसकी टैगलाइन 'दोस्त यू कैन बैंक ऑन' रखी गयी है.

आपके बैंक ने प्रभावी डिलिवरी प्रक्रिया की महत्ता को समझते हुए मुखपात्र 'बॉबमित्र' के साथ वैकल्पिक डिलिवरी चैनल (एडीसी) की प्रभावशीलता का लाभ उठाने के लिए वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों पर 360 डिग्री अभियान शुरू किया है.

इस संदर्भ में, जनसंचार माध्यम द्वारा साक्षरता/रोचक अनुभव के विवेकपूर्ण मिश्रण से ग्राहक जागरूकता का प्रसार एवं गहन प्रसार हेतु इलेक्ट्रॉनिक माध्यम जैसे कि टेलीवीजन एवं रेडियो के साथ-साथ सिनेमा हॉल में विज्ञापन के द्वारा बाजार में पहुंच बनाने के लिए अभियान चलाया. इस प्रयास को आगे गहन गतिविधियों द्वारा विस्तृत किया गया. जैसे कि पारंपरिक एवं नवोन्मेषी आउट ऑफ होम माध्यम, प्रिंट और ऑनलाइन विज्ञापन विभिन्न ग्राउंड गतिविधियों के साथ - अंचल, क्षेत्र, क्लस्टर शाखाओं में ग्राहक गोष्ठियों के माध्यम से ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम, विपणन अधिकारियों, आंचलिक व्यवसाय विकास प्रबंधकों, क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रबंधकों, ई-चैनल प्रबंधकों एवं शाखा प्रबंधकों द्वारा ग्राहक के साथ संबंध बढाने संबंधी शाखा स्तरीय वैयक्तिक संवाद के साथ प्रिंट एंव ऑनलाइन विज्ञापन आदि चलाए गए.

उपरोक्त प्रयासों के अतिरिक्त आपके बैंक ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विज्ञापन के माध्यम से टारगेट ग्राहकों में अपने उत्पाद एवं सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न उत्पादन प्रोत्साहन अभियान चलाए हैं. आपके बैंक ने विभिन्न उत्पाद एवं सेवाओं विशेषकर - बचत जमाराशियां, चालू जमाराशियां, आवास ऋण, कार ऋण एवं एसएमई ऋणों को बढावा देने के साथ आपके बैंक ने नए उत्पादों की श्रृंखला जैसे कि आवास ऋण विविधताओं, वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों को तेजी से बढ़ावा दिया है. इसके अतिरिक्त पूरे भारत में विभिन्न जनसंचार माध्यमों के विवेकपूर्ण प्रयोग से विशेष ग्राहक वर्ग को एसएमई, ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र, एनआरआई आदि को विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए टारगेट किया गया है.

स्टैंडर्ड चार्टड मुंबई मैराथन 2015 में बैंक की टीम की सहभागिता.

बैंक अपने विविध शेयरधारकों के साथ ब्रांड संपर्क बढ़ाने के लिए विभिन्न आयोजनों में शामिल हुआ जैसे कि फिक्की-आईबीए बैंकिंग कान्फ्रेंस 2014, प्रवासी भारतीय दिवस 2015, मिन्ट एनुअल बैंकिंग कॉनक्लेव 2015, वर्ल्ड रैंकिंग स्नूकर टूर्नामेंट - इंडिया लेग, आईएलएण्ड एफएस बीकेसी रन 2015 एवं स्टैण्डर्ड चार्टड मुंबई मैराथन - 2015 - वेस्टइंडीज एवं इंडिया-श्रीलंका क्रिकेट सीरीज 2014, दून ब्रॉडस्ट्रीट इंडियन एक्सपोर्ट एक्सिलेंस अवार्ड 2015, एसएमएएसएच इंटरटेन्मेंट जोन. इसके अतिरिक्त दृश्यता एवं ब्रांड महत्व बढाने के लिए कई आयोजनों में भाग लिया है.

वाईब्रैंट गुजरात समिट 2015 के अवसर पर श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी और अन्य गणमान्य जन.

वित्त वर्ष 15 में आपके बैंक को देश भर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के लिए मीडिया कवरेज मिला है एवं ब्रांड बड़ौदा को विभिन्न श्रेणियों में प्रतिष्ठित ब्रांड के रूप में सम्मान मिला है. दि इकॉनोमिक टाइम्स के ब्रांड इक्विटी में बैंक को सर्वश्रेष्ठ भारतीय ब्रांड 2014 में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है. बैंक को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में माई एफएम स्टार्स ऑफ दि इंडस्ट्री अवार्ड द्वारा बैंकिंग में उत्कृष्टता का अवार्ड मिला है साथ ही बैंक ने 54वें एसोसियेशन ऑफ बिजनस कम्यूनिकेशन ऑफ इंडिया (एबीसीआई) अवार्ड 2015 में चैंपियन ऑफ चैंपियन्स अवार्ड प्राप्त किया है. इसके अतिरिक्त बैंक को कॉर्पोरेट फिल्म में 6 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुएः स्वर्ण/एक्जिवेशन कोलेटरल - रजत/वॉल कैलेंडर 2014, रजत/इनवायर्मेंटल कम्यूनिकेशन - रजत /ई-जाइन - कांस्य/ भारतीय भाषाओं में प्रकाशन/ कांस्य.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को पुरस्कार व उद्योग जगत में मान्यता

आपके बैंक ने जीत को अपने लिए एक मनोवेगी प्रयास बनाया है. वित्त वर्ष 15 में आपके बैंक ने विभिन्न पुरस्कार को जीतने की परंपरा को बरकरार रखा है. विभिन्न मानदंडों में व्यवसाय एवं वित्तीय मानदंडों जैसे कि उद्योग नेतृत्व/गलोबल व्यवसाय विकास/ब्रांडिंग एवं विपणन/मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण/सूचना प्रौद्योगिकी/एसएमई/वित्तीय समावेशन/राजभाषा में निरंतर बेहतर कार्यनिष्पादन कायम रखा है. फलस्वरूप इस वर्ष के लिए बैंक का मोटो "रेस अहेड" को मजबूती प्राप्त हुई है.

श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जन. (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत) राज्य मंत्री, भारत सरकार के करकमलों से द मोस्ट इफीसियेंट पब्लिक सैक्टर बैंक -2014 अवार्ड प्राप्त करते हुए.

वित्तीय वर्ष 2014-15 में बैंक को मिले विभिन्न पुरस्कारों की सूची निम्नलिखित है:

वित्तीय वर्ष 2014-15

दिनांक	अवार्ड
02.04.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को नई दिल्ली में आयोजित 5वीं दलाल स्ट्रीट इनवेस्टमेंट जनरल पीएसयू अवार्ड 2013 में 'बेस्ट पीएसयू बैंक' का अवार्ड प्राप्त हुआ. यह पुरस्कार दिनांकः 02.04.2014 को उत्तरी अंचल के महाप्रबंधक श्री डी.के. गर्ग ने ग्रहण किया.
23.05.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को इंस्टीच्यूट ऑफ डाइरेक्टर्स, नई दिल्ली के तत्वाधान में तिरूवंतपुरम में आयोजित एक आयोजन में अवार्ड ज्यूरी द्वारा वर्ष 2014 के लिए दिनांकः 23.05.2015 को नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड प्रदान किया गया.
20.06.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को दिनांकः 20.06.2014 को नई दिल्ली में स्कॉच कंसलटेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंडियाज बेस्ट 2014 फाइनेंशियल इनक्लूजन एण्ड डीपेनिंग अवार्ड 2014 में स्कॉच ऑर्डर मेरिट अवार्ड प्राप्त हुआ.

11.07.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 11 जुलाई 2014 को नई दिल्ली में इंडिया एसएमई फॉरम द्वारा "बेस्ट पीएसयू फॉर एमएसएमई" का अवार्ड मिला है. बैंक की तरफ से यह पुरस्कार महाप्रबंधक उत्तरी अंचल ने प्राप्त किया.
06.08.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बेस्ट इंडियन ब्रांड में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है - ब्रांड इक्विटी के दि इकॉनोमिक्स टाइम्स में प्रकाशित (6.08.2014).
27.08.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को "बेस्ट बैंक - ग्लोबल बिजनेस डेवेलपमेंट (पब्लिक सेक्टर)" एवं "बेस्ट बैंक - ओवरऑल (पब्लिक सेक्टर)" का अवार्ड 27 अगस्त 2014 को मुंबई में आयोजित दून एवं ब्राडस्ट्रीट - पोलरिस फाइनेंशियल टेक्नॉलाजी बैंकिंग अवार्ड 2014 में प्राप्त हुआ. बैंक की ओर से यह अवार्ड कार्यपालक निदेशक श्री पि.श्रिनिवास ने प्राप्त किया.
14.09.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वर्ष 2012-13 के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों की श्रेणी में भाषाई क्षेत्र 'ख' में राजभाषा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यनिष्पादन कर इंदिरागांधी राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है. बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री पि. श्रीनिवास ने इस पुरस्कार को नई दिल्ली में दिनांकः 14.09.2014 को प्राप्त किया है.
16.10.2014	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को दिनांकः 16.10.2014 को मुंबई में आयोजित दि इकॉनोमिक टाइम्स बेस्ट ब्रांड्स 2014 में श्रेष्ठ ब्रांडों में शामिल किया गया.
13.11.2014	● बैंक ऑफ़ बड़ौदा को भारतीय रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता 2012-13 में तीन पुरस्कार मिले. ● भाषाई क्षेत्र 'ख' में प्रथम पुरस्कार ● भाषाई क्षेत्र 'क' एवं 'ग' में द्वितीय पुरस्कार बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री पि श्रीनिवास ने ये पुरस्कार प्राप्त किए.
30.01.2015	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को वर्ष 2012-13 में दिनांकः 30.01.2015 को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में दि फाइनेंशियल एक्सप्रेस द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 'एफई इंडियाज बेस्ट बैंक' का अवार्ड मिला.
14.02.2015	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को माई एफएम स्टार्स ऑफ दि इंडस्ट्री अवार्ड द्वारा 14.02.2015 को मुंबई में 'एक्सीलेंस इन बैंकिंग (पीएसयू सेक्टर)' का अवार्ड मिला.
11.02.2015	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को मंबई में आईबीए बैंकिंग टेक्नॉलोजी अवार्ड 2014 में 3 पुरस्कार प्राप्त हुए. इनकी श्रेणियां निम्नानुसार हैंः ● "बेस्ट फाइनेंशियल इनक्लूजन इनिशिएटीव" विजेता ● "ट्रेनिंग" एण्ड ह्यूमन रिसोर्सेज, ई-लर्निंग इनिशिएटीव" में प्रथम रनर अप ● 'बेस्ट यूज डेटा' में प्रथम रनर अप
21.02.2015	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को राष्ट्रीय पुरस्कार "इंडीयन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट" (आईएसटीडी) द्वारा भुवनेश्वर में वर्ष 2014 के लिए "इनोवेटीव ट्रेनिंग प्रैक्टीसेस" के लिए प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है.
27.02.2015	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एसोसियेशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेशन ऑफ इंडिया (एबीसीआई) अवार्ड्स 2015 में चैंपियन ऑफ चैंपियन्स अवार्ड मिला. प्राप्त अवार्ड की 6 श्रेणियां निम्नानुसार हैः- ● इंडियन लैंगुएज पब्लिकेशन - कांस्य ● एक्जिविशन कॉलेटरल - स्वर्ण ● वॉल कैलेंडर 2014 - रजत ● इनवायरमेंटल कम्यूनिकेशन - रजत ● ई-जाईन - कांस्य ● कॉर्पोरेट फिल्म - स्वर्ण
23.03.2015	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को वर्ष 2014 के लिए 'बेस्ट पीएसयू ऑफ इंडिया अवार्ड' में दलाल स्ट्रीट इनवेस्टमेंट जनरल द्वारा नई दिल्ली में 'दि मोस्ट इफिशिएंट पब्लिक सेक्टर बैंक' का अवार्ड मिला. प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री रंजन धवन ने बैंक की ओर से पुरस्कार ग्रहण किया.

श्री पि.श्रीनिवास कार्यपालक निदेशक श्री यशवंत सिन्हा पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के करकमलों से बेस्ट बैंक ग्लोबल बिज़नेस डेवलपमेंट एंड बेस्ट बैंक (समग्र) पब्लिक सैक्टर अर्वाड प्राप्त करते हुए.

परिसर रि-इंजीनियरिंग और आकर्षक परिवेश

वित्त वर्ष 2015 के दौरान 'परिसर एवं रि-इंजीनियरिंग और आकर्षक परिवेश' के क्षेत्र में आपके बैंक द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार हैः

- आपके बैंक ने प्रत्येक वर्ष 50 ग्रामीण केन्द्रों पर आदर्श ग्रामीण शाखा (एजीबी) की स्थापना का निर्णय लिया है. इस केन्द्र में विभिन्न आयोजनों हेतु भूतल पर 125-150 लोगों के शामिल हाने की क्षमता वाले कम्यूनिटी हॉल एवं प्रथम तल पर शाखा प्रबंधक के निवास की व्यवस्था होगी. आपके बैंक ने इस उद्देश्य के लिए झुंझनू एवं सिलोरा (राजस्थान) में अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली है.
- वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार आपके बैंक ने स्टेट ऑफ दि आर्ट विडियो कान्फ्रेंसिंग प्रणाली द्वारा एमपीएलएस एवं कनेक्टिविटी सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों प्रधान कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय से जोड़ा है. वी.सी. के माध्यम से कार्यकारी प्रमुख के साथ चर्चा से त्वरित एवं लागतप्रभावी निर्णय लेने में मदद मिली.
- आपके बैंक ने ई-टेंडरिंग, ई-खरीद के रूप में सभी प्रौद्योगिकी केंन्द्रित पहलें अपनायी है. इन्हें चरणबद्ध रुप में से लागू किया गया है.
- आपका बैंक वेंडरों को किए जाने वाले सभी भुगतान आरटीजीएस/

एनईएफटी के माध्यम से करता है.

- प्रशासनिक कार्यालयों हेतु स्वयं के परिसर हेतु आपके बैंक की नीति के अनुरूप बैंक ने इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश), राजरहाट, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) एवं मनोहरपुरा, जयपुर (राजस्थान) आवास भवन के लिए भूमि खरीदी हैं.
- बढ़ते हुए किराये को देखते हुए आपके बैंक द्वारा उपलब्ध परिसर के प्रत्येक स्थान का पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है. नवीनीकरण के दौरान ले-आउट को उन्नत किया जा रहा है और सभी शाखाओं एवं कार्यालयों की फर्निशिंग को पर्यावरण अनुकूल एवं श्रमदक्ष रूप में डिजाइन किए गए फर्नीचर आइटम के माध्यम से किया जा रहा है. परिसरों के अधिग्रहण हेतु क्षेत्र नियमों की समीक्षा भी की गई है तथा उसे लागू किया गया है.
- पूरे भारत में प्रणालियों एवं पद्धतियों में एकरूपकता लाने के लिए परिसर नीति निर्देश, निर्माण मैनुअल नवीनीकरण मैनुअल तैयार किए गए. फर्नीचर की मदों के डिजाइन में एकरूपता रखने के लिए ताकि वे आकर्षक दिखाई दें और आंतरिक परिवेश सुन्दर लगे, मॉड्यूलर फर्नीचर एवं कुर्सियों के लिए एजेंट निर्धारित किए गए जो फर्नीचर की त्वरित प्राप्ति में मदद करते हैं.
- आपके बैंक ने इस वर्ष कई हरित पहलों की शुरूआत की है. कार्यक्षमता वृद्धि हेतु एसी सिस्टम का अपग्रेडेशन, विद्युत उर्जा एवं खर्च को बचाने के लिए उर्जा इफिशियेंट लाइट्स का इंस्टालेशन. जयपुर, इंदौर, बनारस आदि में निर्माण कार्य परियोजना में नवीन पर्यावरण अनूकुल उत्पादों का प्रयोग. आपका बैंक आगामी निर्माण परियोजनाओं के लिए एलईडी/जीआरआईएचए रेटिंग के लिए प्रयास कर रहा है.
- बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर में विद्युत उर्जा संरक्षण, प्रकाश बढ़ाने एवं स्टॉफ कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु आफिस लाइटिंग को एलईडी लाइटिंग से बदला जा रहा है.

वित्त वर्ष 2015 में कार्यान्वित परियोजनाएंः

- संसद मार्ग, नई दिल्ली मं आपके भवन का (लिफ्ट लॉबी, सीढ़ियों, शौचालयों एवं सभी तलों के आम रास्तों) आंतरिक नवीनीकरण किया गया.
- प्रतापगढ़, बांसवाडा, अजमेर, जयपुर एवं डुंगरपुर (राजस्थान) में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान का निर्माण.

1 आदर्श ग्रामीण शाखा

2 बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस), प्रतापगढ़ (राजस्थान)

3 अलकापुरी, वडोदरा में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रशासनिक भवन का प्रस्तावित दृश्य

कार्यान्वयन के अंतर्गत परियोजनाएं

- अलकापुरी, वडोदरा में प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है.
- वलसान (आनंद, गुजरात) झाबुआ एवं अलिराजपुर (म.प्र.) में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस) का निर्माण
- इंदौर (म.प्र.) में व्यावसायिक सह रिहायशी कॉम्पलैक्स का निमार्ण तेजी से चल रहा है.
- हैदराबाद में आपदा नियंत्रण साइट के लिए स्वयं के भवन का निर्माण
- गांधीनगर, गुजरात में बैंक ऑफ़ बड़ौदा सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान का नवीनीकरण

श्री एस.एस. मूंदड़ा, भूतपूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी और अन्य अधिकारी बड़ौदा भवन, बड़ौदा के शिलान्यास समारोह के अवसर पर.

- फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) में क्षेत्रीय कार्यालय के भवन का निर्माण पूर्णता की ओर है.
- बेंगलुरू (कर्नाटक) में क्षेत्रीय आवासीय प्रशिक्षण कॉलेज का निर्माण चल रहा है.
- 10 स्थानों पर नए क्षेत्रीय एवं अंचल कार्यालयों के लिए विडियो कान्फ्रेंसिंग प्रणाली की खरीद.
- कोयंबटूर के क्षेत्रीय कार्यालय एवं मुख्य शाखा की फेस लिफ्टिंग
- रामनगर शाखा, कोयंबटूर के व्यवसायिक सह आवासीय भवन का पुनर्विकास
- न्यू रायपुर (छत्तीसगढ़) में कार्यालय भवन का निर्माण
- न्यू रायपुर (छत्तीसगढ़) में आवासीय भवन का निर्माण

श्री रंजन धवन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुंबई मेट्रो सेंट्रल क्षेत्र का मुंबई में शुभारंभ करते हुए.

संपदा प्रबंधन संबंधी भावी योजनाएंः

- संसद मार्ग, नयी दिल्ली में स्थित बैंक के भवन का बाह्य नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण
- भांडुप, मुंबई में स्टॉफ क्वाटर्स का पुनर्विकास. स्थानांतरित कार्यपालकों/अधिकारियों के लिए यहां 138 आवासीय फ्लैटों का निर्माण
- जोगेश्वरी, मुंबई में आवासीय सह व्यावसायिक उपयोग हेतु स्टॉफ क्वाट्र्स का पुनर्विकास
- भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे भारत में विभिन्न केन्द्रों पर बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस) का निर्माण.

- ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.) एवं भुवनेश्वर (ओडीसा) में क्षेत्रीय आवासीय प्रशिक्षण कॉलेज की स्थापना.
- बरेली (उत्तर प्रदेश) में अंचल कार्यालय भवन का निर्माण.
- देहरादून (उत्तराखंड) एवं इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) के क्षेत्रीय कार्यालय का निर्माण.

ब्रिक एवं मोर्टार शाखा विस्तार

ई बैंकिंग चैनलों, जिसे तकनीक कुशल शहरी समुदाय द्वारा ज्यादा पसंद किया जाता है, की तुलना में आम ग्राहकों के ज्यादा करीब माने-जाने वाले ब्रिक एवं मोर्टार वितरण चैनलों की 31 मार्च 2014 की स्थिति नीचे दी गई है.

क्षेत्र वर्गीकरण (भारत)	शाखाओं की संख्या	कुल संख्या का %
महानगरीय	989	19.06
शहरी	903	17.40
अर्द्ध शहरी	1386	26.70
ग्रामीण	1912	36.84
कुल	5190	100
विदेशी प्रतिनिधि कार्यालय तथा अनुषंगियों की शाखाएं	104	-

घरेलू अनुषंगियां और सहयोगी कंपनियां

वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान बैंक की अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगी कंपनियों का कार्यनिष्पादन संतोषजनक और अपेक्षा के अनुरूप रहा.

बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी **बॉबकार्ड्स लिमिटेड** की स्थापना वर्ष 1994 में हुई. इसका कार्य क्रेडिट कार्ड जारी करना एवं व्यापारी आधार बढ़ाने (मर्चेंट एक्वायरिंग/एमई व्यवसाय) के साथ डेबिट कार्ड परिचालन के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा को सपोर्ट सेवाएं प्रदान करना है. पूरे देश में कंपनी की 36 एरिया ऑफिस हैं. कंपनी जो कि वृहद गैर निष्पादक आस्तियों के कारण निरंतर घाटे में चल रही थी, वित्त वर्ष 2011 में मुनाफे में आई और तब से कंपनी लगातार लाभ अर्जित कर रही है. कंपनी ने व्यवसाय विकास के सभी गुणात्मक पहलुओं पर अपना ध्यान केंद्रित किया, परिणामस्वरूप लाभप्रदता, गुणवत्तापरक कार्ड आधार एवं सदस्य संस्थान आधार में सुधार दर्ज किया. कंपनी ने प्रीमियम विशेषताओं सहित एडेड प्रिविलेज एंव ऑफर सहित प्लेटिनम कार्ड की एक श्रृंखला शुरू की. कार्ड एवं मर्चेंट आधार को बढ़ाने के लिए कंपनी आक्रामक योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है. कंपनी ने हाल ही में पुनर्निर्मित वेबसाइट एवं ग्राहक केन्द्रित स्वयं सेवा पोर्टल लांच किया है. जिसका उद्देश्य सभी हितग्राहकों, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धारकों एवं सदस्य संस्थानों को सुविधाएं देना है. कंपनी अपने कार्ड/सदस्य संस्थानों के आधार में अगले वर्ष अच्छी प्रगति की उम्मीद कर रही है.

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1996 में संस्थागत ब्रोकिंग, निवेद बैंकिंग एवं वित्तीय उत्पादों से संवितरण शुरू करने के लिए की गई. कंपनी जो हाल के कुछ समय तक धीमी प्रगति कर रही थी, इसे प्रोफेशनल टीम की नियुक्ति कर सक्रिय किया गया. इसका मुख्य जोर कैपिटल मार्केट गतिविधियां, डेब्ट एवं इक्विटी सिंडिकेशन, निवेश परामर्श सेवाओं पर है. कंपनी ने संस्थागत ब्रोकिंग व्यवसाय शुरू की है एवं अक्टूबर 2009 से ऑनलाइन इंस्टीच्यूशनल ट्रेडिं प्लेटफार्म लांच किया है. हाल ही में कंपनी ने 20 जुलाई 2012 को व्यावसायिक उद्देश्य ऑनलाइन रिटेल ट्रेडिंग प्लेटफार्म लांच किया. बॉबकैप्स का जोर संस्थागत ब्रोकिंग एवं वित्तीय उत्पादों के संवितरण पर होता है एवं बॉबकैप्स के माध्यम से 27 बडी, प्रतिष्ठित संस्थाएं प्रतिभूति बाजार में निवेश के लिए कंपनी के साथ सूचीबद्ध हैं.

नैनीताल बैंक लिमिटेड को स्वर्गीय भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत और अन्यों द्वारा प्रमोट किया गया था जोकि वर्ष 1973 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का सहयोगी बैंक बना. आज, नैनीताल बैंक में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शेयर धारिता 98.57% है और यह बैंक का अनुषंगी बैंक है. उत्तराखंड राज्य ने दिनांक 3 अगस्त 2012 की सरकारी सूचना द्वारा अधिसूचित किया है कि अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ नैनीताल बैंक लिमिटेड को भी समतुल्य समझा जाए. बैंक ने वर्ष के दौरान नेट बैंकिंग सुविधाओं की शुरुआत की है तथा बैंक ने अपने मौजूदा ग्राहकों को एनएसीएच (NACH) प्लेटफार्म के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) पहल को कार्यान्वित किया है. बैंक ने उत्तरी ग्रिड में सीटीएस सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है तथा विस्तृत जानकारी, इंटरेक्टिव ग्राफिकल यूजर इंटरफेस को समाहित करते हुए अपने वेब पोर्टल को प्रोन्नत किया है.

बड़ौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेडः पायोनियर ग्लोबल एसेट मैनेजमेंट स्पा के साथ एक संयुक्त उद्यम है और यह परिचालन के 7वें वर्ष में है. समीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी उसके एयूएम को उललेखनीय ढंग से सुदृढ़ बनाने में सक्षम रही जो कि मार्च 2015 को वर्ष दर वर्ष के आधार पर 9% बढ़ा. यह प्रगति, संस्थागत सेगमेंट पर सुदृढ़ ध्यान की वजह से हुई जो कि कंपनी को उनके डेबिट और पूंजी मार्केट उत्पादों सहित रिटेल निवेशकों हेतु सुव्यवस्थित निवेश योजनाओं (एमआईपी) पर ध्यान केंद्रित करने की वजह से हासिल हुई. यह कंपनी अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए B-15 (प्रमुख शहरों से आगे निकलते हुए) पर निरंतर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है तथा फलस्वरूप B-15 शहरों में इसका व्यवसाय मजबूती से आगे बढ़ रहा है. यह कंपनी निवेशकों को शिक्षित करने संबंधी अपने प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभा रही है.

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लीगल एवं जनरल ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसने 16 नवंबर, 2009 को अपना व्यवसाय परिचालन शुरु किया और देश भर में इसके उत्पादों को उत्साहवर्धक प्रतिसाद मिला. इंडिया फर्स्ट अत्यंत तेजी से आगे बढ़ती हुई कंपनी है जिसने अपने परिचालन से 5वें वर्ष में ही लाभ-अलाभ की स्थिति अर्जित कर ली है तथा प्राइवेट प्रतियोगियों में यह 8वें स्थान पर है. इसका मार्केट शेयर 4.5% तथा दिसंबर 2014 में कंपनी का एयूएम रु. 8188 करोड़ रहा. कंपनी को बैंकिंग फ्रंटियर पर इनोवेशन की ओर से प्रतिष्ठित 'फिन्नोविटी 2015' पुरस्कार प्राप्त हुआ है.

इंडिया इंफ्राडेब्ट लि. आईसीआईसीआई बैंक लि., आईसीआईसीआई होम फायनॉस कंपनी लि. सिटीकॉर्प फायनॉस (इंडिया) लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम की संयुक्त उद्यम कंपनी है. कंपनी का गठन 31 अक्तूबर 2012 को मुंबई में किया गया. यह कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर डेब्ट फंड- नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (IDF-NBFC) के रुप में परिचालन कर रही है. कंपनी की प्रमुख गतिविधि परियोजना कंपनियों की ऋण देयताओं की आंशिक पुनर्वित्त उपलब्ध कराना है. इसके ग्राहकों में पुनर्वित्त /टेक आउट वित्तपोषण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI), हिमालयन एक्सप्रेसवे लिमिटेड, स्वर्ण टोलवे प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल है.

(रु. लाख में)

इकाई (पंजीकरण की तारीख के साथ)	देश	स्वाधिकृत निधियां	कुल आस्तियां	शुद्ध लाभ	कार्यालय	स्टाफ
बॉब कैपिटल मार्केट लि. (11 मार्च 1996)	भारत	15030.15	15749.67	1360.93	1	41
बॉबकार्ड्स लि. (29 सितंबर 1994)	भारत	20776.00	31025.85	3580.26	36	199
बड़ौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि. (5 नवंबर 1192)	भारत	5343.31	5343.31	(-)1283.09	1	84
बड़ौदा पायोनियर ट्रस्टी कंपनी लि. (23 दिसंबर 2011)	भारत	6.42	6.42	0.72	1	0
इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (19 जून, 2008)	भारत	35746.24	828275.64	688.89	44	1230
नैनीताल बैंक लि. (31 जुलाई 1922)	भारत	49468.39	597792.62	6718.19	125	835
इंडिया इन्फ्राडेट लि. (31.10.2012)	भारत	34928.78	109541.07	2176.46	1	11

राजभाषा नीति (रा.भा) का कार्यान्वयनः

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति की. संघ सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत विभिन्न सांविधिक आवश्यकताओं के अनुपालन के अलावा, आपके बैंक ने ग्राहकों के साथ बेहतर संपर्क और व्यवसाय विकास के टूल के रुप में हिंदी के उपयोग के लिए पहल की.

वर्ष 2014-15 के लिए भारत सरकार के वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम के तहत निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों तथा हमारे बैंक की विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों के निरीक्षण दौरों के समय संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूरा करने के लिए सुव्यवस्थित वार्षिक कार्ययोजना तैयार की गयी है. विभिन्न स्तरों पर सतत निगरानी एवं नियमित प्रयासों से आपके बैंक ने कार्यक्रम के सभी बड़े लक्ष्यों एवं संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूरा किया है.

बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक नियमित रुप से तिमाही आधार पर आयोजित की गई. समिति द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार वित्तीय वर्ष 15 के दौरान कई नए कदम उठाए गए. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं तथा मोबाइल पासबुक हिंदी में उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल की. सभी वैकल्पिक डिलवीरी चैनलों को जैसे- सेल्फ पासबुक प्रिंटिंग मशीन, चेक जमा मशीने, कैश डिपॉजिट मशीनें, मल्टी फंक्शन कियोस्क, आदि को ग्राहकों की सुविधा हेतु हिंदी यूजर इंटरफेस से लैस किया. सभी एटीएम मशीनों को ट्रांजेक्शन स्लिप और मिनी स्टेटमेंट को ऐसे ग्राहकों की सुविधा के लिए जो अपनी सुविधा के लिए मशीन से हिंदी में इन्ट्रैक्ट करते हैं उनके लिए हिंदी प्रिंट करने हेतु सक्षम बनाया गया. बैंक के सभी एटीएम में इस सुविधा की उपलब्धता की पुष्टि के लिए एक अखिल भारतीय अभियान चलाया गया.

आपके बैंक की तिमाही हिंदी प्रगति रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण की प्रणाली के ऑटोमेशन के कार्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. आपके बैंक ने जनवरी 2015 में बैंक की सभी शाखाओं/कार्यालयों द्वारा प्रगति ऑनलाइन पैकेज के माध्यम से जिसे पिछले वित्त वर्ष में लागू किया गया था. तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अभियान चलाया गया. आपके बैंक की लगभग 70% शाखाओं/कार्यालयों ने अभियान के दौरान अपनी प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन प्रस्तुत की. आपके बैंक ने ऑनलाइन रिपोर्ट को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने हेतु मिशन 100% पहले ही चला रखा है.

वर्ष के दौरान, केवायसी, संभावित निष्क्रिय खाते, निष्क्रिय खाते से संबंधित ग्राहकों को फिनेकल से तैयार किए गए द्विभाषिक (अंग्रेजी-हिंदी) पत्र भेजना प्रारंभ किया गया. यह आपके बैंक में क्षेत्रीय बैंक कार्यालय में स्थापित प्रणाली के अलावा है जहां नए खोले जा रहे खातों में लाखों पत्र द्विभाषिक रुप में भेजे जा रहे हैं. इन सिस्टम से तैयार पत्रों ने राजभाषा कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी मदद की है. आपके बैंक द्वारा भाषिक क्षेत्र 'क' और 'ख' में स्थित शाखाओं में खाता विवरण और पासबुक हिंदी में प्रिंट करने के लिए और अधिक शाखाओं को आईटी कार्यक्रम के दायरे में लाया गया है.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एक पहल के रुप में आपके बैंक ने 'सोशल मीडिया में हिंदी की दस्तक' और 'खुदरा बैंकिंग' पर मुंबई एवं जयपुर में सेमीनारों का आयोजन किया जिसमें विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों/वक्ताओं/प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इस पहल को भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार/संसदीय राजभाषा समिति से प्रसंशा प्राप्त हुई. आपके बैंक ने 10.1.2015 को बैंक की सभी ओवरसीज़ टेरीटरीज में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया. इस अवसर को मनाने के लिए संक्षिप्त कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इसमें हिंदी साहित्य से जुड़े और हिंदी का प्रयोग बढ़ाने से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया. इस कार्यक्रम में आपके बैंक के स्टाफ सदस्यों, प्रतिष्ठित ग्राहकों एवं भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने भाग लिया.

भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी प्रधानमंत्री जन-धन योजना एवं वित्तीय समावेशन अभियान में योगदान देने हेतु आपके बैंक ने फील्ड स्तर पर काम करने वाले बिजनेस कॉरेस्पांडेंटस के उपयोग हेतु 'समावेशन संदर्भ' नामक पुस्तिका तैयार की. इस पुस्तिका का गुजराती संस्करण भी वर्ष के दौरान जारी किया गया. यह पुस्तिका आपके बैंक के सभी बीसी एवं लिंक शाखाओं में वितरित की गयी. इसी क्रम में आम जनता में वित्तीय साक्षरता के प्रचार-प्रसार के लिए आपके बैंक ने हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में कार्टून पुस्तिकाएं एवं एनीमेशन फिल्में बनाकर प्रचारित करना जारी रखा. यह पुस्तिकाएं एवं एनीमेशन फिल्में बचत, किसान क्रेडिट कार्ड और समय पर ऋणों के भुगतान करने के प्रति जागरुकता लाने के लिए तैयार की गयी. इन कार्टून पुस्तिकाओं और एनीमेशन फिल्मों को हिंदी में 'छोटी बचत बड़ी खुशहाली', 'आम के आम गुठलियों के दाम', 'समय पर कर्ज का भुगतान जिंदगी बने आसान', 'रिटेल लोन से खुशहाली' नाम दिया गया. इन पुस्तिकाओं एवं एनीमेशन फिल्मों को क्षेत्रीय/अंचल कार्यालयों को प्रभावी उपयोग के लिए भेजा गया है. उल्लेखनीय है कि राजभाषा कार्यक्रमों/

कार्यशालाओं का उपयोग प्रधानमंत्री जन-धन योजना के गुणों को प्रचारित करने के लिए किया गया.

आपका बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के माध्यम से हिंदी का प्रचार प्रसार करने में अग्रणी रहा है. आपके बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अनुदेशों के तहत 4 नयी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया. यह समितियां सिहोर (म.प्र), सीतामढ़ी (बिहार), आणंद (गुजरात), फैजाबाद (उ.प्र) में आपके बैंक के समन्वय में कार्य कर ही हैं. इस प्रकार आपके बैंक के संयोजन में गठित नगर राजभाषा समितियों की संख्या 12 हो गयी है.

राजभाषा पर गठित संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति ने हमारे बैंक की नागरकोइल (तमिलनाडु) शाखा का दौरा किया. समिति ने आपके बैंक में हिंदी भाषा के प्रयोग में प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की.

आपके बैंक के प्रयासों को भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भी सराहा गया. भारत सरकार द्वारा आपके बैंक को 'ख' क्षेत्र में इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया. यह पुरस्कार बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री पि.श्रीनिवास ने हिंदी दिवस 2014 के अवसर पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भारत के माननीय राष्ट्रपति से प्राप्त किया. इसके अलावा आपके बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत 'ख' क्षेत्र में प्रथम तथा 'क' और 'ग' दोनों में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया. आपके बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री पी.श्रीनिवास ने ये पुरस्कार भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर से प्राप्त किए.

आपके बैंक ने छात्र समुदाय के बीच हिंदी को लोकप्रिय बनाने हेतु अपनी प्रसिद्ध योजना 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना' को जारी रखा. इस योजना के तहत नकद पुरस्कार एवं आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र उन छात्रों को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने एम.ए हिंदी में सर्वाधिक अंक अर्जित किए हैं. यह योजना वर्तमान में देश के 64 विश्वविद्यालयों में लागू है.

श्री निर्मेष कुमार, महाप्रबंधक (पूर्वी उत्तर प्रदेश अंचल) राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन हेतु उत्तर प्रदेश के राज्यपाल मा. श्री राम नाईक के करकमलों से प्रथम पुरस्कार ग्रहण करते हुए.

आपके बैंक ने हिंदी में गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वर्ष के दौरान हिंदी में पांच पुस्तकों 'आस्ति प्रबंधन', 'मध्य भारत काव्यांजलि', 'मध्य भारत लेखमाला', 'बैंकिंग के विभिन्न आयाम' तथा 'खुदरा ऋण मार्गदर्शिका' का प्रकाशन किया.

निदेशक मंडल (वर्ष के दौरान निदेशकों की नियुक्ति/विराम)

नियुक्तियॉः

श्रीमती सुरेखा मरांडी को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (सी) के तहत केंद्र सरकार द्वारा 10.06.2014 से आगामी आदेशों तक श्री सुदर्शन सेन के स्थान पर भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिति निदेशक के रुप में नामित किया गया है.

श्री प्रेम कुमार मक्कड़ को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 (3) (एफ) के तहत केंद्र सरकार द्वारा 19.09.2014 से तीन वर्ष के लिए अथवा उनके बैंक के अधिकारी न रहने तक अथवा आगामी आदेशों तक जो भी पहले हो, ऑफिसर इम्पलॉय डायरेक्टर के रुप में नियुक्त किया गया है.

श्री मोहम्मद मुस्तफा को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 (3)(सी) के तहत केंद्र सरकार द्वारा 25.11.2014 को आगामी आदेशों तक डा. के. पी. कृष्णन के स्थान पर सरकार के नामिति निदेशक के रुप में नामित किया गया है. श्री आर नारायण स्वामी को 24.12.2014 से नामांकनों की जांच पड़ताल करने और उचित एवं सही पाए जाने पर शेयरहोल्डर निदेशक के रुप में निर्वाचित घोषित किए गए.

डॉ. आर. नारायणस्वामी 24.12.2014 से नामांकनों की जांच पड़ताल करने और उचित एवं सही पाए जाने पर शेयर होल्डर निदेशक के रुप में निर्वाचित घोषित किए गए.

श्री भरत कुमार धीरुभाई डांगर 24.12.2014 से नामांकनों की जांच पड़ताल करने और उचित एवं सही पाए जाने पर शेयर होल्डर निदेशक के रुप में निर्वाचित घोषित किए गए.

श्री के.वी. रामामूर्ति को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत केंद्र सरकार द्वारा 10.03.2015 से अपनी अधिवर्षिता की तारीख तक अथवा आगामी आदेशों तक जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक नियुक्त किया गया है.

श्री सुदर्शन सेन, से भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिति निदेशक उनके स्थान पर श्रीमती सुरेखा मरांडी का नामांकन होने के कारण 09.06.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री विनिल कुमार सक्सेना, कामगार कर्मचारी निदेशक, अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद 24.07.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री एस.एस.मूदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रुप में नियुक्ति के फलस्वरुप 30.07.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री के.पी.कृष्णन, आइएएस, सरकार द्वारा नामिति निदेशक उनके स्थान पर श्री मोहम्मद मुस्तफा का नामांकन होने के फलस्वरुप 24.11.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री मौलिन अरविंद वैष्णव, शेयर होल्डर निदेशक, अपना कार्यकाल पूरा होने के फलस्वरुप 24.12.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री सुरेन्द्र सिंह भण्डारी, शेयर होल्डर निदेशक, अपना कार्यकाल पूरा होने के फलस्वरुप 24.12.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री राजीब शेखर साहू, शेयर होल्डर निदेशक, अपना कार्यकाल पूरा होने के फलस्वरुप 24.12.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

श्री पि. श्रीनिवास, कार्यपालक निदेशक, युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रुप में नियुक्ति के फलस्वरुप 31.12.2014 से निदेशक के रुप में नहीं रहे.

निदेशकों का दायित्व संबंधी अभिकथन

निदेशक गण, इस आशय की पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार करते समय

1. महत्वपूर्ण विसंगतियों, यदि कोई हो, के समुचित स्पष्टीकरण सहित लेखा मानकों का पूर्णतः पालन किया गया है.

2. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार तैयार की गई लेखा नीतियों का निरंतर पालन किया गया है.
3. वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कार्यपालकों की स्थिति तथा 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ की वास्तविक एवं सुस्पष्ट स्थिति प्रस्तुत करने की दृष्टि से तर्कसंगत और विवेकपूर्ण निर्णय एवं आकलन किए गए है.
4. भारत में बैंकों पर लागू नियमों संबंधी प्रावधानों के अनुरुप उचित लेखाकंन रिकॉर्ड तैयार रखने के लिए समुचित एवं प्रर्याप्त सावधानी बरती गई है तथा
5. लेखों को उत्तरोत्तर जीवंत (कंसर्न) आधार पर तैयार किया गया है.

आभार

निदेशकगण, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, अन्य विनियामक प्राधिकारियों, विभिन्न वित्तीय संस्थाओं, बैंकों तथा विदेशों एवं भारत स्थित प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं.

निदेशकगण, आपके बैंक के देश-विदेश स्थित समस्त हितधारकों यथा ग्राहकों, शेयरधारकों एवं शुभचिंतकों द्वारा प्रदत्त सहायता एवं सहयोग की सराहना करते हैं.

निदेशकगण, विभिन्न स्तरों पर कार्यरत स्टाफ सदस्यों की प्रतिबद्धता एवं कड़ी मेहनत की सराहना करते हैं जिसके कारण बैंक को आर्थिक चुनौतियों के बावजूद वर्ष दर वर्ष उच्च गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय अर्जित करने में सफलता हासिल हुई और बैंक ने देश के अग्रणी बैंक के रुप में अपनी स्थिति को मजबूत किया.

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से,

रंजन धवन
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

DIRECTORS' REPORT

Your Directors have pleasure in presenting the One Hundred and Seventh Annual Report of your Bank with the audited Balance Sheet, Profit & Loss Account and the Report on Business and operations for the year ended March 31, 2015 (FY15).

Performance Highlights

- **Total Business** (Deposit+Advances) increased to **Rs 10,45,625 crore** reflecting a growth of 8.25% (y-o-y).
- **Gross Profit** and **Net Profit** were **Rs 9,915 crore and Rs 3,398 crore** respectively. Net Profit registered a growth of (-) 25.16% over the previous year.
- **Credit-Deposit Ratio** stood at 84.82% as against 86.15% last year.
- **Retail Credit** posted a growth of 14.06% constituting 14.07% of your Bank's Gross Domestic Credit in FY15.
- **MSME Credit** posted a growth of 9.46% constituting 17.27% of your Bank's Gross Domestic Credit in FY15.
- **Net Interest Margin (NIM)** as per cent of interest earning assets in global operations was at the level of 2.31% and in domestic operations at 2.91% during FY15.
- **Net NPAs to Net Advances** stood at 1.89% this year against 1.52% last year.
- **Capital Adequacy Ratio (CAR)** as per Basel II stood at 13.33%.
- **Capital Adequacy Ratio (CAR)** as per Basel III stood at 12.60%.
- **Net Worth** at **Rs 36,895 crore** registering a rise of 11.48%.
- **Book Value** improved from **Rs 162.70** (Rs 813.50 pre split of shares) to **Rs 166.83** on year.
- **Business per Employee** moved up from Rs 1,865 lakh to **Rs 1,889 lakh** on year.

Segment-Wise Performance

The Segment Results for the year FY15 reveal that the contribution of Treasury Operations was **Rs 3,333 crore**, that of Corporate/Wholesale Banking was **Rs 936 crore,** that of Retail Banking was **Rs 3,005 crore**, and of Other Banking Operations was **Rs 50 crore**. Your Bank earned a Profit after Tax (PAT) of **Rs 3,398 crore** after deducting **Rs 1,904 crore** of unallocated expenditure and **Rs 2,022 crore** towards provision for tax.

Dividend

Your Bank's Directors have recommended dividend of **Rs 3.20** per share. The face value of Rs 2 each for the total outgo in the form of dividend, including taxes, will be **Rs 851.69 crore**.

Capital Adequacy Ratio (CAR)

Your Bank's **Capital Adequacy Ratio (CAR)** was comfortable at 13.33% under **Basel II** and at **12.60% under Basel III** as on 31st March 2015. Moreover, your Bank's Tier 1 ratio was at 9.87% and common equity Tier 1 was at 9.35% under Basel III framework.

Your Bank's Net Worth as at 31st March 2015 was **Rs 36,895 crore** comprising paid-up equity capital of **Rs 443 crore** and reserves (excluding revaluation reserves) and FCTR) of **Rs 36,452 crore**. An amount of **Rs 2,547 crore** was transferred to reserves from the profits earned.

Provisions towards Retirement and Other Benefits

During the year FY15, your Bank made provision towards contribution to gratuity (Rs. 40.04 crore), pension funds (Rs . 920.69 crore), leave encashment (Rs . 148.54 crore) and additional retirement benefits of Rs (-)211.33 crores (reversal on actuarial basis). Total provisions under these four categories amounted to Rs. 897.94 crore during the year FY15 and Rs 1,276.37 crore during the year FY14. Total corpus available with your Bank at the end of March 2015 under these heads was: Rs 1,491.36 crore (gratuity), Rs 8,583.68 crore (pension funds), Rs 781.97 crore (leave encashment) and Rs 369.87 crore (additional retirement benefit)

Key Financial Ratios

Particulars	FY 15	FY14
Return on Average Assets (ROAA) (%)	0.49	0.75
Average Cost of Funds (%)	5.23	5.37
Average Yield (%)	7.53	7.68
Average Interest Earning Assets (Rs crore)	5,70,592.45	5,07,082.68
Average Interest Bearing Liabilities (Rs crore)	5,69,190.46	5,02,176.05
Net Interest Margin (%)	2.31	2.36
Cost-Income Ratio (%)	43.63	43.44
Book Value per Share (Rs)	166.83*	813.50
EPS (Rs)	15.83*	107.38

*post split of face value of the share

Management Discussion and Analysis

Economic Scene in FY15 and Outlook for FY16

During FY15, while the growth outlook remained subdued throughout the year, the sentiments were optimistic as they received a boost from a host of domestic and global factors such as formation of stable government, sharp fall in crude oil prices, passing of major bills such as insurance and mining, and investment oriented union budget. As a result, the Indian economic outlook improved amidst subdued growth prospects of major advanced and emerging economies.

As per the revised and rebased estimates for GDP data released by Central Statistical Office (CSO), the GDP is to grow at 7.4% in 2014-15 as against 6.9% in 2013-14 and 5.1% in 2012-13. While the industry and services sector are estimated to grow at a higher rate in 2014-15 than that in 2013-14, the agriculture sector was affected adversely by deficit and uneven spatial distribution of rains during kharif season and unseasonal rains in rabi season. The index of industrial production (IIP) which saw buoyant growth in first quarter of the year slipped sharply only to rise again in February 2015 at 5%. As a result, the IIP growth for FY15 was at low rate of 2.8% on y-o-y basis. Although production of capital goods and non-oil non-gold imports gathered some momentum, the vicious cycle of supply constraints, stranded investments, stressed bank balance sheets, risk aversion and weak demand continued during FY15. The exports growth was subdued during the year and the imports were also weak, resulting in narrowing of trade deficit. However, as the portfolio flows were buoyant given the surge in equity markets, the net capital flows being significantly larger than the external financing requirements, foreign exchange reserves rose to a peak level of US$ 343.0 billion during the year.

However, there were some green shoots of growth visible during the year. The new investments proposals saw some improvement in 2014-15. The parliament passed bills covering insurance and coal sectors. In the Union Budget, the government announced a 25% increase in capital spending – primarily on highways and railways to kick-start the investment demand. A healthy shift was underway from government subsidies to investments.

A slew of initiatives were taken in the current financial year that includes rationalization of administered pricing policies in petroleum and natural gas and to ensure adequate availability of key inputs like coal and power. The biggest financial inclusion initiative under the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY), extending financial services to the large hitherto un-served population to unlock growth potential was successful. Substantive progress has been made in direct benefit transfer linked to Aadhar.

For a large net importer of crude oil like India, the decline in crude prices since June 2014 by about 50% has been a favourable external shock. This has had a wide positive effect, for instance, on growth, easing of inflationary pressure and lowering current account deficit. The declining input costs manifested in the sharp fall of the CPI (combined) from 8.59% in April 2014 to 5.17% in March 2015 much below the target set by the Reserve Bank of India (RBI)'s glide path and WPI slipped from 5.5% in April 2014 to (-) 0.17% in November 2014 and thereafter remained in negative zone till March 2015 at (-) 2.33%.

During the initial phase of the FY15, the inflation was at elevated level while growth remained subdued. The RBI kept the rates unchanged to contain the demand pressures and rupee volatility, however in order to support the slowing growth, the RBI had cut the SLR by 150 bps with 50 bps cut each on June 14, 2014, August 9, 2014 and February 7, 2015. But, as the disinflation process strengthened since July 2014 on account of faster than expected decline in fuel and food prices, given the persisting slack in economic activity and weakened pricing power, the RBI cut the repo rate by 50 bps with 25 bps on January 15, 2015 and March 4, 2015 each. This was also supported by high quality fiscal consolidation by the Union Government.

A number of important changes happened in the operation of the monetary policy during the year. As per the recommendation of the Dr Urjit Patel committee, the RBI adopted the new CPI (combined) as the key measure of inflation and there was explicit recognition of the glide path for disinflation. The RBI had set the target to keep the economy on a disinflationary course, taking CPI inflation to 8.0% by January 2015 and 6.0% by January 2016. The RBI revised its liquidity management framework from September 5, 2014, with more frequent 14-day term repos and daily overnight variable rate repo operations, to ensure flexibility, transparency and predictability in liquidity management operations.

In February 2015, a historic landmark agreement was signed by the Government of India and the Reserve Bank of India that committed to an institutional architecture that accords price stability as a major objective of monetary policy. Apart from these developments, the RBI also sought to widen the banking space by issuing license to new market participants as well as introduce payment banks to cater to specialized payment functions.

During the year, the markets remained concerned about the possible US Fed rate hike following the signs of strengthening of the US economy. But as the year progressed and there were signs of weakness, the rate normalization was deferred. Further, the massive quantity easing in Europe and Japan gave a boost to their economy. With the increased signs of China's economy slowing down gathered momentum, the Indian economy began to be considered to be among the better performing economies amidst dismal growth outlook.

Most of the private and public think-tanks from across the globe including International Monetary Fund (IMF) have projected higher growth for Indian economy in 2016. Moreover, the Moody's rating agency revised the rating

outlook to positive from stable as they perceive higher probability of better growth outlook going forward. The revival of growth is helped by the government's continued commitment to lower its budget deficit while also investing more to upgrade infrastructure sector, railways and power lines. While the uncertainty pertaining to the US Fed rate normalization, geo-political risks affecting the stability in crude oil prices, probability of below normal monsoon, the strengthening of the green shoot of recovery to a broad based growth, and pace of reforms remain the key uncertainties going forward.

Performance of Indian Banking Sector in FY15 and Outlook for FY16

The Banking sector was facing multifarious challenges with a subdued credit growth, heightening asset quality concerns amidst weakening corporate balance sheets and capital conservation given the tighter Basel –III capital norms.

During FY15, both the credit and deposit growth of the banking industry slipped to multiyear low on the back of overall economic slowdown, stalled projects, weak investment, stretched corporate balance sheets and supply constraints. The credit growth on an average basis was at around 10% during FY15. Apart from weak macroeconomic environment, the banks remained risk averse amidst surging asset quality concerns. Further, the alternative sources of credit such as commercial papers and external commercial borrowings remained buoyant source of funds. Moreover, during the year, the banks resorted to sale of assets to asset reconstruction companies.

During the year, the banks reduced deposit rates on various maturities driven by the sharp fall in inflation and the RBI cutting SLR and policy rate cuts during the year. The major concern of the banking sector was regarding the asset quality which resulted in higher provisions, thereby adversely affecting the profitability of the banks.

